जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

वर्ष 21 | अंक-242 | मुंबई, सोमवार, 31 मार्च 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य ₹4




दिल्ली ने हैदराबाद को दहलाया

पेज 11






# स्वयं का नहीं, दूसरे का काम करते 'स्वयंसेवक' : भागवत

## नागपुर में पीएम मोदी के साथ दिखे संघ प्रमुख ▸▸ पीएम ने दी आरएसएस संस्थापकों को श्रद्धांजलि

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नागपुर दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने आरएसएस के हेडक्वार्टर स्मृति भवन का दौरा किया और आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत भी दिखे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा, 'सामर्थ्य के हिसाब से समाज में योगदान देना जरूरी है। सेवा का काम दया भाव से नहीं, प्रेम भाव से करना चाहिए। स्वयंसेवक अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए काम करते हैं।



संघ विचार की प्रेरणा है और उसकी प्रेरणा स्वार्थ की प्रेरणा नहीं है।' ये समाज मेरा है। स्वयंसेवक हमेशा दूसरों के लिए काम करते हैं, ना कि अपने लिए। समाज के लिए तन-मन-धन से काम करना है। हमें जीवन में सेवा और परोपकार करना चाहिए। स्वयंसेवकों के समाज के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा काम चलते हैं। यही प्रेरणा है, जिससे स्वयंसेवकों को हमेशा कष्ट सहने की शक्ति मिलती है। इसके बदले में स्वयंसेवक कुछ नहीं चाहते। संघ का काम समाज के प्रति प्रेम और दूसरे समाज में सबको दृष्टि देना है।

### संघ भारतीय संस्कृति का अक्षय वट : मोदी

पीएम मोदी ने आरएसएस की तारीफ करते हुए कहा कि आरएसएस भारतीय संस्कृति का अक्षय वट है। इस साल आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हुए हैं। संघ के लिए सेवा ही साधना है। हमारा मंत्र देव से देश, राम से राष्ट्र है। सेवा की भावना स्वयंसेवक को कभी थकने नहीं देता है। स्वयंसेवक बिना अपना-पराया देखे मदद में जुट जाते हैं। गुरू जी ने संघ की तुलना प्रकाश से की थी। किसी भी आपदा के वक्त स्वयंसेवक तैयार रहते हैं। किसी भी मुसीबत के वक्त स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचते हैं। गुरू जी की सीख हमारे लिए जीवन मंत्र है। स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से लोगों की मदद करते हैं। महाकुंभ के समय स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की खूब सेवा की और लाखों लोगों की मदद की। हम गुलामी की मानसिकता से अब बाहर निकल रहे हैं।

पीएम मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा

# 33 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट का उदघाटन

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। सभा में मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस शासन में देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया। पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे।

**कांग्रेस ने आदिवासियों तक नहीं पहुंचने दिया विकास**

### तस्वीर भी बदल रही, तकदीर भी

पीएम ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है। अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है।

मन की बात : 120वां एपिसोड

# छुट्टियों में अपना हुनर निखारें बच्चे : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात की। उनके इस चर्चित कार्यक्रम का यह 120वां एपिसोड था। इस कार्यक्रम में मोदी ने कहा,'रविवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इसी दिन से भारतीय नववर्ष भी शुरू हो रहा है। उन्होंने देशवासियों को चैत्र नवरात्रि की बधाई दी। गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुड़ने का भी अवसर है।

### 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी संरक्षित

तालाबों और अन्य जल पुनर्भरण संरचनाओं के माध्यम से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक पानी संरक्षित किया गया है। गोविंद सागर झील में 9-10 बिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक पानी संरक्षित नहीं किया जा सकता है।

### योग दिवस 21 जून को

योग दिवस आने में अब 100 दिन से भी कम समय बचा है। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है।





NICE™ INSURANCE LANDMARK

विशेष सूचना !

एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री'में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।

- मेडीक्लेम केशलेस
- ज्वेलर्स इंश्योरंस
- लाईफ इंश्योरंस
- म्युचल फंड

41 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता

गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

9869050031 / 9869230444

www.niceinsure.com


# बीजापुर में 50 नक्सलियों का सरेंडर

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले नक्सलवाद के खात्मे में जुटे सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से 14 पर कुल 68 लाख रुपए का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए। बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा, प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण किया। वे सुरक्षा बलों द्वारा शिविर लगाने और 'निया नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से



**14 पर घोषित था 68 लाख का इनाम**

भी प्रभावित हैं। प्रशासन दूरदराज के इलाकों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। सुरक्षा बलों ने शनिवार को सुकमा और बीजापुर जिलों में 11 महिलाओं सहित 18 नक्सलियों को मार गिराया था।

पटना : शाह के सामने फिर बोले नीतीश

# दो बार गलती हो गई, अब नहीं होगी

## ▸▸ पटना में योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर अपने एनडीए छोड़ने के पुराने फैसलों पर अफसोस जताया है। गृह मंत्री अमित शाह के सामने रविवार को अपने संबोधन में नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे गलती हो गई। पार्टी ने दो बार ऐसा फैसला लिया। लेकिन अब ऐसी गलती नहीं होगी। रविवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित केंद्र और राज्य की विभिन्न योजानाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने यह बात कही। नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले बिहार में गुंडाराज था लेकिन हमारी सरकार ने इसे खत्म किया। पहले लोग शाम होते ही घरों से निकलना बंद कर देते थे लेकिन अब लोग बिना डर सड़कों पर निकल रहे हैं। बिहार में उनकी सरकार बहुत बढ़िया काम कर रही है।



बीच में दो बार पार्टी के कुछ लोगों के कहने पर हम उधर (महागठबंधन) जाकर गलती कर दिए। लेकिन अब हमने फैसला किया है कि ऐसा दोबारा कभी नहीं होगा। यह गलत है। मुझे मुख्यमंत्री किसने बनाया? अटल बिहारी वाजपेयी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। हम कैसे भूल सकते हैं?

### लालू पर बरसे अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद पर सीधा हमला करते हुए रविवार को कहा कि 'जो लोग गायों का चारा खाते हैं, वह बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते।' गोपालगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'केंद्र और बिहार दोनों जगह की राजग सरकारें राज्य के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। जो लोग जानवरों का चारा खाते हैं, वे राज्य के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। लालू जी अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत सामग्री आपूर्ति घोटाला, चरवाहा विद्यालय घोटाला में शामिल थे। उन्होंने गायों का चारा भी खाया।

### शाह के साथ एनडीए नेताओं की बैठक

गृहमंत्री के दौरे का समापन नीतीश कुमार के आवास पर मीटिंग के साथ हुआ। जिसमें एनडीए गठबंधन के नेता जीतनराम मांझी, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, ललन सिंह मौजूद थे। बिहार में इसी साल चुनाव होने हैं। ऐसे में अमित शाह ने चुनाव को लेकर बैठक में चर्चा की और चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। बिहार में नीतीश का समर्थन अहम है। ऐसे में बीजेपी की कोशिश राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाए रखने की होगी।

## न्यूज BRIEF

### म्यांमार पहुंचे दो और भारतीय विमान

**नई दिल्ली।** भारत से मानवीय सहायता की पहली खेप म्यांमार के यंगून हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। म्यांमार में भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने राहत सामग्री यांगून के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी। पीएम मोदी ने म्यांमार के सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत संकट की इस घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता करेगा।

### चौथी बार थर्राई म्यांमार की धरती

**नेपीडॉ।** म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट रविवार को 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। म्यांमार की धरती 72 घंटे में चौथी बार जोरदार भूकंप के झटकों से हिल गई है। रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास काफी ताकतवर भूकंप आया। इस बार तीव्रता 5.1 बताई गई है।

### तीन राज्यों में और बढ़ा ऑफसा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मणिपुर के पांच जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में, अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में, नगालैंड के दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक और पेरेन में ऑफसा लागू कर दिया है।

# एक ही परिवार के चार शव मिले

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के श्री साईं जिले से एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव अपने ही घर में मिले हैं। इस घटना के सामने आने के बाद आस पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में इस बात का संदेह है कि परिवार के इस संदिग्ध आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और अंदरुनी पारिवारिक विवाद हो सकता है। मृतकों की पहचान मदकासिरा के गांधी बाजार इलाके में सोने की दुकान के मालिक कृष्ण चारी, उनकी पत्नी सरला और उनके दो बेटों के रूप में हुई है। परिवार ने सायनाइड का सेवन किया, जो उन्हें सुनार के तौर पर उपलब्ध था।

### कर्ज में डूबा था परिवार

- बताया जा रहा है कि तीन भाइयों में सबसे सबसे बड़े कृष्ण चारी कर्ज में डूबे हुए थे और कथित तौर पर अपने भाई-बहनों की आर्थिक सफलता से ईर्ष्या करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कृष्ण चारी के पिता ने सबसे पहले शवों को देखा। घर की तलाशी के दौरान पुलिस को सायनाइड की बोतल मिली। माना जा रहा है कि इसी के सेवन कारण मौत हुई होगी। पुलिस ने बताया कि परिवार ने शनिवार रात को जहर खाया होगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई के लिए जानकारी एकत्र करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस घर में बरामद मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रही है।

कटक के निर्गुंडी के पास रेल हादसा

# कामाख्या एक्सप्रेस की 11 बोगियां पटरी से उतरीं

**ओडिशा।** कटक के निर्गुंडी के पास ट्रेन संख्या 12551 कामाख्या एक्सप्रेस की 11 बोगियां रविवार को पटरी से उतर गईं। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी कटक के डीएम ने दी है। हादसे की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ट्रेन की बी9 से बी14 तक की बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। खुर्दा डीआरएम, पूर्व तट रेलवे प्रबंधक मौके पर पहुंचे और कहा कि हादसे में घायल कुछ लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के



### हेल्पलाइन नंबर जारी

भुवनेश्वर - 8455885999
कटक- 7205149591
भदराक - 9437443469

सीपीआरओ ने कहा, "हमें 12551 कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने की सूचना मिली है।

डिफेंस प्रोडक्शन में भारत का जलवा

# 2029 तक तीन लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने और 50 हजार करोड़ रुपए की रक्षा सामग्री के निर्यात का है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी है। सरकार ने बताया है कि उसकी योजना भारत को रक्षा सामग्री के उत्पादन का हब बनाने की है। रक्षा उत्पादन बढ़ाने से रक्षा सामग्री के आयात पर हमारी निर्भरता कम हो रही है और हम आत्मनिर्भर बनने के साथ ही रोजगार पैदा कर रहे हैं और विदेशी मुद्रा भी प्राप्त कर रहे हैं। देश में रक्षा सामग्री के उत्पादन में 16 सरकारी उपक्रमों के साथ ही 430 लाइसेंस प्राप्त कंपनियां भी जुटी हुई हैं। इसके साथ ही 16 हजार लघु उद्योग भी उत्पादन को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। देश के रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभा रहा है। कुल उत्पादन में करीब 21 प्रतिशत का वह योगदान दे रहा है।



▸▸ प्रतिवर्ष 50 हजार करोड़ के सामग्री के निर्यात का लक्ष्य
▸▸ 32.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है हथियारों का निर्यात

# चीन में 'खुदा' बनीं नर्स

**नई दिल्ली।** म्यांमार में रविवार को भी 72 घंटे में चौथी बार जोरदार भूकंप के झटकों से धरती हिली। तबाही के बीच चीन के युन्नान में एक अस्पताल का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है, जिसमें दो प्रसूति वार्ड की नर्स नवजात शिशुओं की रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हुए देखी जा सकती हैं। वीडियो में एक वार्ड दिख रहा है, जिसमें जब भूकंप आया तो उस वक्त शिशुओं को ले जाने वाले पालने भरे हुए हैं और भूकंप के कारण पहिएदार बिस्तर अनियंत्रित रूप से लुढ़कते दिख रहे हैं। भूकंप से अस्पताल की दीवार हिल रही है और बच्चों के पालने के पास मौजूद एक नर्स, जो फर्श पर एक बच्चे को गोद में लिए बैठी थी, उसने एक पालने को पकड़ रखा है ताकि वह उछल न जाए। वहीं पास में खड़ी दूसरी नर्स ने तुरंत दो पालनों को अपने हाथों से जोर से पकड़ रखा है, जो भूकंप से लगातार हिल रहे हैं।



- नवजात मासूमों की बचाई जान
- भूकंप से हिली अस्पताल बिल्डिंग

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट फॉर 2025

# भारत में अरबपतियों की संख्या 284

**नई दिल्ली।** भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 284 हो गई है। इन अरबपतियों के पास कुल 98 लाख करोड़ रुपए संपत्ति है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट फॉर 2025 के मुताबिक देश के सबसे धनी व्यक्तियों की कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 284 अरबपतियों में 90 अरबपति देश की फाइनेंशियल कैपिटल मुंबई में रहते हैं। भारत अरबपतियों की संख्या के मामले में तीसरे स्थान पर है, जो केवल अमेरिका-चीन से पीछे है। अमेरिका 870 अरबपतियों के साथ इस लिस्ट में टॉप पर है। 175 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की संपत्ति में गिरावट आई है या कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय अरबपति की औसत संपत्ति 34,514 करोड़ रुपए है।



- कुल संपत्ति 98 लाख करोड़
- साल में बढ़ी 10 % संपत्ति
- 90 अरबपति रहते मुंबई में
- अमेरिका-चीन से पीछे भारत

### एलन मस्क टॉप पर

ग्लोबल फ्रंट पर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने पिछले साल 189 बिलियन डॉलर की कमाई के साथ सबसे बड़ी संपत्ति वृद्धि दर्ज करवाई।

### टॉप तीन में जुकरबर्ग

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस 266 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने मेटा के एआई और टेक्नोलॉजी में अपग्रेड में मजबूत निवेशक विश्वास के कारण पहली बार टॉप तीन में जगह बनाई।

हिमाचल प्रदेश में बड़ा हादसा

# गाड़ियों पर गिरा पेड़, छह की मौत

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मणिकर्ण गुरुद्वारा के ठीक सामने वाली सड़क के पास एक पेड़ टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वहां पर खड़े रेहड़ी संचालक, एक गाड़ी सवार और तीन पर्यटक जो मौके पर मौजूद थे, उनकी मौत हो गई है। मरने वालों की पहचान की जा रही रही है।



छत्तीसगढ़ को पीएम मोदी की सौगात

# रेलवे की चार परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सात रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और चार महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत 2,695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्टा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुर–रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

### सात रेलवे परियोजनाएं

**1.** खरसिया–झाराडीह (पांचवी लाइन)–6 किमी (लागत: 80 करोड़)। **2.** सरगबुंदिया–मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन)–12 किमी (लागत: 168 करोड़)। **3.** दाधापारा–बिल्हा–दगोरी (चौथी लाइन)–16 किमी (लागत: 256 करोड़)। **4.** निपनिया–भाटापारा–हथबंद (चौथी लाइन)–23 किमी (लागत: 347 करोड़)। **5.** भिलाई–भिलाई नगर–दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन)–12 किमी (लागत: 233 करोड़)। **6.** राजनांदगांव–डोंगरगढ़ (चौथी लाइन)–31 किमी (लागत: 328 करोड़)। **7.** करगी रोड–सल्का रोड (तीसरी लाइन)–8 किमी (लागत: 95 करोड़)।

### मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभः

अभनपुर–रायपुर (व्हाया–मंदिर हसौद) मेमू ट्रेन सेवा

▸▸ सात परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**कुल लागत 2,695 करोड़**

▸▸ रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ

### राष्ट्र को समर्पित परियोजनाएं

1.राजनांदगांव–बोरतलाव (तीसरी लाइन)–48 किमी (लागत: 747 करोड़)। 2.नई रेल लाइन–मंदिर हसौद–केन्द्री–अभनपुर–26 किमी (लागत: 353 करोड़)। 3. दुर्ग–रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग)–37 रेल किमी (लागत: 88 करोड़)। 4. छत्तीसगढ़ राज्य में शत–प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण।

### परियोजनाओं के प्रमुख लाभ

**नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी:** अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

**यात्रियों के लिए तेज़ और सुविधाजनक यात्रा:** नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज़ और सुगम होगी। रेल यातायात में सुधार: तीसरी, चौथी और पाँचवीं लाइन की परियोजनाएं ट्रेन संचालन क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

**माल परिवहन को बढ़ावा:** औद्योगिक रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज़ और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**नए राजधानी क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटी:** अभनपुर–केन्द्री–मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल मोहभट्टा बिलासपुर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, जप्रतिनिगण, रेलवे, एनटीपीसी सहित अन्य उपक्रमों व राज्य सरकार के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित थे।

महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए मीरा–भायंदर मनपा की पहल

# सैनिटरी नैपकिन वितरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जनजागरुकता कार्यक्रम संपन्न

▸▸ 6वीं से 10वीं तक की एक हजार छात्राओं तथा एक हजार जरूरतमंद महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन किए वितरित



**भायंदर।** महिलाओं का स्वास्थ्य सुधारने और मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मीरा-भायंदर मनपा ने पहल करते हुए महिला एवं बाल कल्याण विभाग तथा चंद्रमोहन फाउंडेशन के संयुक्त उपक्रम के तहत सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना के अंतर्गत एक विशेष पहल की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के दौरान महिला स्वास्थ्य विषय पर नियोजित योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा, इस बारे में आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा (भा.प्र.से.) ने विशेष उल्लेख किया। इस उपक्रम के अंतर्गत मीरा-भायंदर मनपा के स्कूलों की कक्षा 6वीं से 10वीं तक की एक हजार छात्राओं तथा एक हजार जरूरतमंद महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। आगे पूरे वर्ष भर महिलाओं और छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन्स प्रदान किए जाएंगे। साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित मार्गदर्शन देने वाला एक जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस पहल को छात्राओं और महिलाओं से उत्साही प्रतिसाद प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता का महत्व समझाना और स्वास्थ्य की देखभाल के लिए उचित उपायों को अपनाने हेतु प्रेरित करना था। डॉ. प्राजक्ता समेल ने समाज में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और अंधविश्वासों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ सैनिटरी नैपकिन के उपयोग के लाभ और स्वच्छता के नियमों को स्पष्ट किया। इस उपक्रम के दौरान छात्रों की शैक्षणिक और वैज्ञानिक समझ में वृद्धि हो, इस उद्देश्य से स्मार्ट बोर्ड और एसटीईएम किट्स का वितरण भी मान्यवरों के हाथों से किया गया। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है। आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि महिलाओं और छात्राओं के लिए सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी उपक्रम निरंतर चलाए जाएंगे और समाज के समग्र विकास हेतु महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, चंद्रमोहन फाउंडेशन की निदेशक अनिशा भंडारी, लोपारेक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष जैन, गोल्डन सोर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह और प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. प्राजक्ता समेल सहित विभिन्न मान्यवर उपस्थित थे। मनपा की इस सराहनीय पहल से महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जनजागरूकता बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन होगा, ऐसा विश्वास व्यक्त किया जा रहा है।

# पू. सी. रेलवे चलाएगी समर स्पेशल ट्रेनें

## सीएसटी–नारंगी के बीच चलाने का निर्णय

**रेलवे 10 अप्रेल से चार मई तक देंगी सेवाएं**

**मालीगांव।** वर्ष में आगामी गर्मियों के दौरान यात्रियों की अनुमानित भारी भीड़ से निपटने के लिए, दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें 10 अप्रेल से 4 मई, तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और नारंगी स्टेशनों के बीच तथा 6 अप्रेल से 29 अप्रेल, तक कोल्हापुर और कटिहार के बीच प्रत्येक दिशा में 04-04 फेरों के लिए चलेंगी। 10 अप्रेल, (गुरुवार) से ट्रेन संख्या 01065 (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-नारंगी) समर स्पेशल छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11:05 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को नारंगी 11:00 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, 13 अप्रेल, (रविवार) से ट्रेन संख्या 01066 (नारंगी-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) समर स्पेशल नारंगी से 05:25 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस 08:25 बजे पहुंचेगी। 6 अप्रेल (रविवार) से ट्रेन संख्या 01405 (कोल्हापुर-कटिहार) समर स्पेशल कोल्हापुर से 09:35 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को कटिहार 6:10 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, 8 अप्रेल, (मंगलवार) से ट्रेन संख्या 01406 (कटिहार - कोल्हापुर) समर स्पेशल कटिहार से 18:10 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को कोल्हापुर 15:35 बजे पहुंचेगी।





# रामेश्वरम में नए पंबन ब्रिज के खुलने से पहले रिहर्सल

**रामेश्वरम।** पंबन ब्रिज और रामेश्वरम में रेलवे, तटरक्षक, राज्य प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने 29 मार्च 2025 को नए पंबन ब्रिज के खुलने का रिहर्सल किया। तटरक्षक पोत को गुजरने देने के लिए शेर्ज़र स्पान वाले पुराने पंबन ब्रिज को भी खोलना पड़ा। रिहर्सल में समय को एक समान करने के लिए पुराने और नए पंबन ब्रिज को खोलना शामिल था और तटरक्षक जहाज को नए ब्रिज के खुले लिफ्ट स्पान के नीचे दूसरी तरफ पार करने की अनुमति देने के बाद नए ब्रिज के उठाए गए हिस्से को समय को मापने के लिए नीचे उतारा गया।नए ब्रिज के लिफ्ट स्पान को नीचे किए जाने के बाद समय को सत्यापित करने के लिए पंबन छोर से मंडपम छोर तक और मंडपम छोर से पंबन छोर तक पंबन ब्रिज के पार एक ट्रेन चलाई गई। अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला कि परीक्षण सफल रहे।

'समूह–क' और 'समूह–ड' में सीधी सेवा

# 30 संवर्गों के 620 पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा की स्थापना पर 'समूह-क' और 'समूह-ड' में 30 संवर्गों के 620 पदों के लिए सीधी सेवा के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है, तथा इस संबंध में जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से, साथ ही मनपा की वेबसाइट और सभी सोशल मीडिया माध्यमों से प्रसारित की गई है। हालांकि पिछले सप्ताह मनपा का लोगो युक्त फर्जी लेटरहेड और नकली मुहर का उपयोग कर कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, ऐसी जानकारी सामने आने के कारण पुलिस विभाग में विधिवत शिकायत दर्ज करवाई गई है और इस प्रकार की भ्रामक जानकारी का शिकार न होने का आवाहन समाचार पत्रों के माध्यम से किया गया था। किन्तु अब जबकि नवी मुंबई मनपा में 620 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की विधिवत विज्ञप्ति समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों में प्रकाशित हो चुकी है, फिर भी कुछ व्यक्ति पिछले सप्ताह की उक्त खबर के अंशों को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर यह गलत जानकारी फैला रहे हैं कि यह भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। अतः इच्छुक पात्र नवी मुंबई मनपा की आधिकारिक वेबसाइट https://www.nmmc.gov.in तथा मनपा के आधिकारिक फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पेज पर जाकर इस विषय में अधिकृत जानकारी प्राप्त करें और आवेदन करें।

# परिवर्तित मार्ग से चलेगी रोहिल्ला सुपरफास्ट ट्रेन

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में इंजिनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिये जाने के कारण पश्चिम रेलवे भावनगर मंडल की ट्रेन नंबर 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस 31 मई को परिवर्तित मार्ग से होकर चलेगी। भावनगर डीविजन के सीनियर डीसीएम माशूक अहमद के अनुसार ट्रेन नंबर 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी की बजाय परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रिंगस-रेवाड़ी होकर चलेगी। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा हेतु मार्ग परिवर्तन के दौरान 31 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट के लिए नारनौल, नीम का थाना, श्री माधोपुर एवं रिंगस जं. स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।


## उत्तर मध्य रेलवे

गति शक्ति, ग्वालियर

ई-टेण्डर क्रमांकः DYCEGSUGWL0125 दिनांकः 28.03.2025

**ई टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर II (गति शक्ति यूनिट) ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (सिंगल पेंकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई - टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती हैः-

**कार्य का विवरणः** झाँसी-ग्वालियर रेल सेक्शन के कि. मी. 1205A/30 पर अंडरपास निर्माण कार्य के संबंध में।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागतः** ₹ 2.56 Crore | **निविदा बन्द होने की तिथिः 25.04.2025** |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 माह | |

● ऑनलाइन निविदा **दिनांक 25.04.2025** को **11.00 बजे** तक जमा की जा सकती है।
● पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें। **579/25 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 08/2025/आर.एस./जे.एच.एस** **दिनांकः 28.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्लू.सी.-टी15-2024-25'आर.टी.1

**कार्य का विवरणः** कनवेन्शनल टेप चेन्जर लोकोमोटिव में लगे सीमेंट मेक 180 के.वी.ए. स्टेटिक इन्वर्टर (एस.आई.वी.) की ए.एम.सी.।

| निविदा मूल्य | बयाना राशि | स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|
| ₹27062880.00 | ₹285300.00 | 24 माह |

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्लू.सी.-टी24-2024-25-आर.टी.1

**कार्य का विवरणः** कन्वेन्शनल विद्युत लोकोमोटिव के खराब और जंग लगे न्यूमेटिक पाईपलाईन का प्रतिस्थापन।

| निविदा मूल्य | बयाना राशि | स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|
| ₹1180000.00 | ₹23600.00 | 18 मा |

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्लू.सी.-टी37-2024-25

**कार्य का विवरणः** विद्युत लोकोमोटिव के लिए बेहतर ड्राईवर सीट का प्रावधान।

| निविदा मूल्य | बयाना राशि | स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|
| ₹4932400.00 | ₹98700.00 | 06 माह |

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्लू.सी.-टी38-2024-25

**कार्य का विवरणः** लोकोमोटिव के लिए 5400 केवीए (एल्युमिनियम वाउंड) लोको मेन ट्रान्सफार्मर की रिपेयर/रिहेबिलिटेशन।

| निविदा मूल्य | बयाना राशि | स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|
| ₹7994073.00 | ₹159900.00 | 24 माह |

**उपरोक्त सभी निविदाओं हेतु निविदा बंद होने की तिथिः 24.04.2025,** निविदाकार निविदा **दिनांक 24.04.2025** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **583/25 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# पेड़ों पर विज्ञापन लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**प्रति वृक्ष रु.10,000/- का लगेगा जुर्माना**



**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में पेड़ों पर कील ठोककर विज्ञापन किए जा रहे हैं तथा कुछ पेड़ों पर विद्युत रोशनी भी की जा रही है, ऐसी बातें सामने आई हैं। पेड़ों पर कील ठोकने और विद्युत रोशनी करने से पेड़ों को खतरा उत्पन्न हो रहा है और नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के वृक्षों पर इसका प्रभाव पड़कर पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंच रहा है। इस संबंध में नवी मुंबई मनपा वृक्ष प्राधिकरण की ओर से 27 जनवरी के प्रस्ताव क्रमांक 7461 के अनुसार पेड़ों पर कील ठोकने, विद्युत रोशनी करने और पेड़ों को हानि पहुँचाने वाले व्यक्ति, संस्था, व्यवसायियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार ऐसे नागरिकों / संस्थाओं / व्यवसायियों से प्रति वृक्ष रु.10,000/- का दंड वसूलने की कार्रवाई सहायक आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी के माध्यम से की जाएगी। ऐसी कार्रवाई से पेड़ों पर कील ठोकने और विद्युत रोशनी करके पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाले अनुचित कृत्यों पर प्रतिबंध लगेगा, साथ ही नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के वृक्षों और पर्यावरण की रक्षा होगी। अतः नागरिकों से नवी मुंबई शहर के पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया जा रहा है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या- वरि.म.बि. इजि./ चलस्टाक / वि. लो. शेड/ कानपुर / 2024-25/ई.टी-20 दिनाक 28.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती हैं, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः-

**निविदा संख्या :** ELS-CNB-2024- 25-ET-20

**कार्य का विवरणः** रेट्रो फिटमेन्ट ऑफ एअर कंडीशनिंग इन कैब्स विदाउट ट्रफ विथ प्रोविजन ऑफ थर्मल इन्सुलेसन ऑफ कैब्स इन इलेक्ट्रिक लोकोस ऑफ ई.एल.एस./सी.एन.बी.

**अनुमानित मूल्य (₹):** ₹8,29,44,000.00 (₹ आठ करोड़ उनतीस लाख चौवालीस हजार मात्र).

**बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹5,64,700.00 (₹ पाँच लाख चौसठ हजार सात सौ मात्र)

| | |
|---|---|
| **कार्य समापन की अवधिः** चौबीस महिने | **निविदा दस्तावेज की कीमत (₹):** शून्य |

**निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 21.04.2025 & 15:30 hrs.

**नोटः-1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रुप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **570/25(DG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# मध्य रेल द्वारा विशेष ट्रेनों की अवधि का विस्तार



**मुंबई।** मध्य रेल द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए निम्नलिखित विशेष ट्रेनों की सेवा अवधि को विस्तार देने का निर्णय लिया गया है, विवरण इस प्रकार है। **1.** ट्रेन संख्या 01435 सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक विशेष, जिसे 25 मार्च तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 29 अप्रेल तक बढ़ा दी गई है। **2.** ट्रेन संख्या 01436 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सोलापुर साप्ताहिक विशेष, जिसे 26 मार्च तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 30 अप्रेल तक बढ़ा दी गई है। **3.** ट्रेन संख्या 01438 तिरुपति-सोलापुर साप्ताहिक विशेष, जिसे 28 मार्च तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 25 अप्रेल तक बढ़ा दी गई है। **4.** ट्रेन संख्या 01437 सोलापुर-तिरुपति साप्ताहिक विशेष, जिसे 27 मार्च तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 24 अप्रेल तक बढ़ा दी गई है। **5.** ट्रेन संख्या 01091/01092 खंडवा-सनावद-खंडवा अनारक्षित विशेष, जो 30 मार्च तक चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 29 अप्रेल तक बढ़ा दी गई है। 31 मार्च तक चलने के लिए अधिसूचित निम्नलिखित दैनिक ट्रेनों को 30 अप्रेल तक बढ़ा दिया गया है। ट्रेन संख्या 01461 सोलापुर-दौंड अनारक्षित दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01462 दौंड-सोलापुर अनारक्षित दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01463 सोलापुर-कलबुरगि अनारक्षित दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01464 कलबुरगि-सोलापुर अनारक्षित दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01212 नासिक रोड-बडनेरा अनारक्षित दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01024 कोल्हापुर-पुणे दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01023 पुणे-कोल्हापुर दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01487 पुणे-हरंगुल दैनिक विशेष। ट्रेन संख्या 01488 हरंगुल-पुणे दैनिक विशेष। उपर्युक्त ट्रेनों के समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा। 31 मार्च तक चलने के लिए अधिसूचित ट्रेन संख्या 01211 बडनेरा-नासिक रोड अनारक्षित दैनिक विशेष अब 30 अप्रेल तक चलेगी एवं एक अप्रेल से संशोधित समय के साथ चलेगी, विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 01211 बडनेरा से 10.05 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 19.05 बजे नासिक रोड पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01211 की संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा।

# उपासना द्वारा परमपुरुष के पास पहुंच जाना : श्री श्री आनन्दमूर्ति



कुछ लोग सोचते हैं कि भाग्य या तकदीर के कारण ही जीवन में बड़ी उपलब्धि होती है । कुछ कहेंगे 'हठात्' हो गया, सहसा हो गया । किन्तु हठात् कुछ नहीं होता और न भाग्य से ही कुछ होता है । भाग्य से नहीं, जो होता है वह पुर्व संस्कार से होता है । भाग्य है क्या? जो कार्य किया गया उसकी प्रतिक्रिया नहीं हुई किन्तु होने वाली है और वह प्रतिक्रिया मनुष्य को मालूम नहीं रहती । अतः जब वे प्रतिक्रिया को देखते हैं तो कहते हैंः 'यह भाग्य है' किन्तु, यह भाग्य है कर्म की प्रतिक्रिया । इसी प्रकार आकस्मिक घटना भी कुछ नहीं है । इसलिए आदि कारण यह सब कुछ नहीं है । मनुष्य दुनिया में आये हैं परमपुरुष की ओर चलने के लिए, उन्हीं को पाने के लिए । मनुष्य की इस यात्रा में, जीव और परमपुरुष के बीच बाधा डालने वाली शक्तियों को कहते हैं माया । एक जीव का मन आगे बढ़ना चाहता है, किन्तु उसके सामने आ जाती हैं तरह तरह की मोहक वस्तुयें, तरह -तरह के आकर्षण, जिनके चलते वह जैसा चाहता है वैसा कर नहीं पाता। जैसा सोचना चाहता है वैसा सोच नहीं सकता । वह चाहता है कि इस विषय पर सोचूँ किन्तु मन बार-बार हट जाता है । वह चाहता हैं कि इस विषय पर नहीं सोचूँ, मगर तो भी उसका मन उस विषय पर चला जाता है । यह जो बाधा डालने वाली शक्ति है उसे कहते हैं अणुमाया । जो माया सर्वजैविक स्तर पर काम करती है उसे कहते हैं महामाया । जो विश्वब्रह्माण्ड स्तर पर काम करती है, अव्यक्त जगत और व्यक्त जगत सर्वत्र काम करती है, उसे कहते हैं विश्वमाया । और, जो माया जीव को शिव से, परमपुरुष से मिलने में सहायक होती हे, उसे कहते हैं विष्णुमाया । यह जो विश्वमाया की अभिव्यक्तियाँ हैं उनके त्राण का उपाय क्या है? उपासना के द्वारा परमपुरुष के पास पहुँच जाना ।

साधक कहता है, 'परमपुरुष, तुम मेरे साथ हो, मेरे कर्म में, मेरे वचन में, मेरी चिन्ता में, सबमें तुम रहो और मुझको बल दो, सही तरह से चलने में मदद करो । हर बात में मैं तुम्हें मानूँगा, मानता रहूँगा । यह है अभिध्यान । योजना लक्ष्य है, किन्तु काम पूरा होगा अभिध्यान से अर्थात् इस भाव से कि उनकी भावना लेता रहूँगा, उनके सिवा और किसी का भाव नहीं लूँगा । मनुष्य विद्वान हो या मूर्ख, पढ़े-लिखें हो या अनपढ़, सभी को याद रखना चाहिए कि उनकें लक्ष्य, उनके ध्येय एकमात्र परमपुरुष हैं । मनुष्य की विद्या, उनकी अविद्या, उनका वैदुष्य, उनकी मूर्खता सब कुछ एक ही जगत पहुँच जाती है- परमपुरुष के नीचे । विद्वान की विद्वता भी सत्कार्य नहीं है, मूर्ख की मूर्खता भी पैर की बेड़ी नहीं है । सबके लिए परमपुरुष के प्रति भक्ति ही अन्त तक रह जायेगी । वही उपादेय है । अभी तक मैंने यह समझाने के लिए दार्शनिक चर्चा की कि संसार की सभी वस्तुयें नश्वर हैं, यहाँ तक कि मानसिक शक्ति भी । एक बड़ा विद्वान है, कल पागल हो गया तो उसे लोग विद्वान नहीं कहेंगे, पागल कहेंगे । जो स्थायी चीज है वह है अभिध्यान-पराभक्ति । परमतत्तव, परमपुरुष देश काल पात्र के परे हैं और भक्ति की बदौलत तुम उन तक पहॅंचते हो तो जब तुम भक्ति की बदौलत उन तक पहॅंचते हो तो भक्ति अवश्य ही देश, काल और पात्र के परे है । भक्ति ही अन्त तक तुम्हारे साथ रहेगी । यही सही मित्र है । अतः उनकों हमेशा मजबूत बनाना चाहिए । बचपन से ही उसे मजबूत बनाना चाहिए । विद्या-बुध्दि सब कुछ धरती पर ही रह जायेगी । साथ चलेगी सिर्फ भक्ति । अतः भक्ति में प्रतिष्ठित हो जाओ काम पूरा हो जायेगा । परमपुरुष से यदि कुछ माँगना हो तो माँगो 'मुझे पराभक्ति दो, मैं तुमसे और कुछ नही चाहता हूँ । परमपुरुष यदि बोले, 'तुम कितने बुध्दू हो, तुम मुझको नहीं चाहते, पराभक्ति चाहते हो' तो, तुम उनसे कह दो, 'मैं तो अनपढ़ व्यष्टि हूँ, किन्तु यह जानता हूँ कि जिनके पास पराभक्ति है, वे उसके द्वारा तुम्हें पा जायेंगे-अवश्य । याद रखो, भक्ति ही जीवन के लिए सर्वस्व है । जिनके पास भक्ति है उनके पास सबकुछ है, जिनके पास भक्ति नहीं है, उनके पास सब कुछ रहने के बावजूद उनकी आत्मा रेगिस्तान है । उनसे कोई बड़ा काम नहीं होगा - उनसे कोई छोटा काम भी नहीं हो सकता ।

**प्रस्तुति- दिव्यचेतनानन्द अवधूत**

पीएम ने किया नागपुर में माधव नेत्रालय के प्रीमियम सेंटर का भूमिपूजन

# दृष्टि इंसान को ईश्वर द्वारा दिया गया एक अनमोल उपहार

**मध्य भारत में महत्वपूर्ण नेत्र चिकित्सा संस्थान बनेगा माधव नेत्रालय : फडणवीस**



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में माधव नेत्रालय के भूमिपूजन के अवसर पर कहा कि हिंगना रोड स्थित माधव नेत्रालय के प्रीमियम सेंटर का डिजिटल माध्यम से भूमिपूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। दृष्टि इंसान को ईश्वर द्वारा दिया गया एक अनमोल उपहार है। दुर्भाग्यवश, जो लोग इस दृष्टि से वंचित हैं, उनके जीवन में प्रकाश लाने का कार्य माधव नेत्रालय पिछले तीन दशकों से कर रहा है। देश और राज्य में नेत्र स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता है। माधव नेत्रालय जैसी संस्थाएं निरंतर सेवा कार्य कर रही हैं और इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। प्रीमियम सेंटर के अस्तित्व में आने से माधव नेत्रालय मध्य भारत में नेत्र स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थान बनेगा, यह कहना है मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, स्वामी अवधेशानंद गिरी, स्वामी गोविंद देव गिरी और माधव नेत्रालय चैरिटेबल ट्रस्ट के महासचिव डॉ. अविनाशचंद्र अग्निहोत्री उपस्थित थे।

**भूमिपूजन के अवसर पर मौजूद रहे नितिन गडकरी**

**माधव नेत्रालय के बारे में**

■ माधव नेत्रालय की स्थापना 1995 में नागपुर में द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर की स्मृति में हुई थी। वासुदेवनगर स्थित माधव नेत्रालय सिटी सेंटर 2018 से सेवाएं प्रदान कर रहा है। यहां आधुनिक तकनीक के माध्यम से गरीब मरीजों का कम खर्च में इलाज किया जाता है।

**एक दशक में लाखों आयुष्मान भारत केंद्र स्थापित**

■ पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों आयुष्मान भारत केंद्र स्थापित किए गए हैं। करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई हैं। टेलीमेडिसिन के माध्यम से उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाया गया है। एम्स जैसे संस्थानों की संख्या तीन गुना बढ़ाई गई है। आजादी के बाद पहली बार देश में मेडिकल शिक्षा मातृभाषा में उपलब्ध कराई गई है। मेडिकल पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। योग और आयुर्वेद को भी दुनिया में मान्यता मिली है। सरकार की नीति है कि कोई भी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे, और इस दिशा में प्रभावी तरीके से काम जारी है।

**नए भवन की विशेषताएं**

माधव नेत्रालय का नया भवन हिंगना रोड, वासुदेवनगर के पास 5.83 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। 250 बेड, 14 बाह्यरोगी विभाग (ओपीडी), 14 अत्याधुनिक सर्जरी केंद्र, नेत्र बैंक और अनुसंधान केंद्र इसके परिसर में हरियाली, वर्षा जल संचयन, और सौर ऊर्जा की व्यवस्था होगी। इस अवसर पर राजस्व और संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, गृह राज्यमंत्री डॉ. पंकज भोयर और विभिन्न क्षेत्रों के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जिला सहकारी बैंक को अब शक्तिशाली सहयोग : गडकरी

**नागपुर।** जिन जिलों में जिला सहकारी बैंकों का नेटवर्क प्रभावी रूप से कार्यरत है, उन जिलों में किसानों को अधिक सुखी देखा जाता है। साथ ही, ऐसे जिलों में कृषि आधारित उद्योगों ने अच्छी प्रगति की है। इस दृष्टिकोण से विचार करते हुए, नागपुर जिले के किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए जिला सहकारी बैंक के संस्थागत प्रशासन की जिम्मेदारी आज से महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक को सौंपी गई है। इससे किसानों की प्रगति का मार्ग और अधिक व्यापक होगा, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक के संस्थागत प्रशासकों की नियुक्ति समारोह में बोल रहे थे। गुड़ी पड़वा के अवसर पर नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के सभागृह में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राजस्व मंत्री और पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, सहकार राज्य मंत्री पंकज भोयर, वित्त एवं नियोजन, कृषि एवं राहत पुनर्वास राज्य मंत्री आशीष जैस्वाल, विधायक आशीष देशमुख, विधायक चरणसिंह ठाकुर, सहकार आयुक्त दीपक तावरे, प्रशासक विद्याधर अनास्कर और अन्य सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित थे। विधायक आशीष देशमुख द्वारा प्रशासक पद के लिए की गई विनती को ध्यान में रखते हुए, यह पहला प्रयोग शुरू किया जा रहा है। सहकार आयुक्तालय इस प्रक्रिया में उचित भूमिका निभाएगा और अगले डेढ़ वर्षों में नागपुर की जिला सहकारी बैंक वित्तीय लाभ में आ जाएगी, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया।

**नागपुर जिले के किसानों की आर्थिक सक्षमीकरण के लिए जिला सहकारी बैंक का पुनरुद्धार : फडणवीस**




**गुढ़ी पाड़वा पर किसानों को अनमोल तोहफा**

गुढ़ी पाड़वा के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर जिले के किसानों को यह अनमोल तोहफा दिया है। महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक के रूप में नागपुर जिला सहकारी बैंक को अब एक शक्तिशाली सहयोग मिला है। अगले दो वर्षों में यह बैंक लाभ में आएगी और जिले में सहकार का नेटवर्क और अधिक मजबूत होगा, ऐसा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा। विधायक आशीष देशमुख ने जिला सहकारी बैंक में सभी से सावधि जमाएं जमा करने और आकर्षक योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

**650 करोड़ का कमाया लाभ**

कार्यक्रम का प्रारंभ प्रशासक विद्याधर अनास्कर के प्रस्ताविक भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि शीर्ष बैंक, जिला बैंक, और विभिन्न सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इस वर्ष राज्य बैंक ने 52,000 करोड़ के आर्थिक लेन-देन का पड़ाव पार किया है और 650 करोड़ से अधिक का लाभ कमाया है।

# ठाणे में भाजपा संगठन पर्व समीक्षा बैठक



**दिनेश चन्द्र रावल / जागरूक टाइम्स**


**ठाणे।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अरुण सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने रविवार को ठाणे आकर भाजपा के संगठन पर्व की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अब तक किए गए संगठनात्मक चुनाव कार्यों के साथ-साथ पार्टी के भावी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। भाजपा महासचिव अरुण सिंह और सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने रविवार को भाजपा के ठाणे संभागीय कार्यालय पहुंचे। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की उपस्थिति में ठाणे विभाग स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को लेकर विभिन्न सुझाव दिए गए। इस अवसर पर राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक, चुनाव अधिकारी चैनसुख संचेती, प्रदेश महासचिव माधवी नाईक, ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले मंच पर उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। दिन भर चली समीक्षा बैठक में ठाणे संभाग के सभी पार्टी विधायक, जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# जनता के लिए खुला मुंबई का पहला एलिवेटेड फॉरेस्ट वॉकवे

**बीएमसी ने किया इस परियोजना का निर्माण**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई का पहला एलिवेटेड फॉरेस्ट वॉकवे रविवार (30 मार्च) को पर्यटकों और मुंबईवासियों के लिए खोल दिया गया। प्रकृति के बीच बने इस टूरिस्ट स्पॉट का एंट्री पॉइंट दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क से है। यहां आपको मालाबार हिल के जंगलों से होते हुए आखिर में गिरगांव चौपाटी से सटे अरब सागर का सुन्दर व्यू देखने मिलेगा। जानकारी के अनुसार, एलिवेटेड फॉरेस्ट वॉकवे का टिकट आम लोगों के लिए 25 रुपए और विदेशी पर्यटकों के लिए 100 रुपए है। इसका टिकट ऑनलाइन स्कैन कर या टिकट काउंटर से लिया जा सकता है। यह एलिवेटेड फॉरेस्ट वॉकवे दक्षिण मुंबई के कमला नेहरू पार्क और फिर फिरोजशाह मेहता पार्क के पेड़ों की भी सैर करवाता है। इसका उद्घाटन रविवार को किया गया। इस परियोजना का निर्माण बीएमसी ने किया है। यह सिंगापुर में विकसित ट्री टॉप वॉक जैसा है, जो मुंबईकरों और यहां आने वाले पर्यटकों को एक अलग अनुभव प्रदान करेगा। इसका निर्माण लकड़ी से किया गया है, इसमें मशीनों का उपयोग कम करते हुए जंगलों को सुरक्षित रखा गया है। इसमें सबसे अधिक काम मैन्युअली हुआ है और हाइड्रोलिक का इस्तेमाल किया गया है। इसकी कुल लागत 26 करोड़ रुपये आई है। इसकी लंबाई 470 मीटर और चौड़ाई 2.4 मीटर है। बीमएमसी का कहना है कि यहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया गया है। साथ ही पर्यटकों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए एक्सेस कंट्रोल सिस्टम को विकसित किया गया है। इससे पूरे वॉकवे की निगरानी करना और नियंत्रण रखने में आसानी होगी। इतना ही नहीं यहां आपातकालीन मार्गों की भी व्यवस्था की गई है। वॉकवे के जरिए मुंबई की समृद्ध प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधा देखने मिलगी। जिसमें 100 से अधिक पौधे और पक्षियां शामिल हैं। इसके अलावा, सरपट दौड़ने वाले जानवरों में सारदा, झाड़सरदा, भारतीय सुलावार सारदा, नाग आदि को देखा जा सकेगा।



# भव्य वर्षीतप पारणा चढ़ावे की जाजम



मुंबई। तीनों तपस्वी गुरू भगवंतों एवं 120 तपस्वी पुण्यशालियों के वर्षीतप पारणा महोत्सव का भव्य लाभ रविवार को पायधुनी स्थित गोडी जी उपाश्रय में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में असम देशोद्धारक, परम पूज्य आचार्य विनयसागर सुरीश्वर जियो-जीतो प्रेरक, परम पूज्य आचार्य नयपद्मसागर सुरीश्वर वर्षीतप तपस्वी गुरू भगवंत गणिवर्य रविपद्मसागर मुनिराज, ध्यानपद्मसागर, मुनिराज अक्षयपद्मसागर उपस्थित श्रमणीवृंदः पूज्य विदुषी आर्या साध्वी श्री मयणाश्रीजी की पावन निश्रा रही।



■ फोटो : सुरेश भंसाली

वनवंधु ट्रस्ट का कार्यक्रम

# 250 परिवारों ने की सनातन धर्म में वापसी



**राकेश विश्वकर्मा / जागरूक टाइम्स**

**भायंदर।** वनवंधु ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 250 परिवार के 600 सदस्यों ने सनातन धर्म में वापसी कर खुशी जताई। मिली जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय कथाकार एवं रामस्नेही संप्रदाय के संत दिग्विजय राम के सानिध्य में इन सभी ने सनातन धर्म में वापसी की है। सनातन धर्म में वापसी शिवमंदिर में की गई। वनबंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कार्यकम के आयोजक लालू लाल सोनी ने कहा कि समाज के वंचित तबके के आदिवासी भाई गरीबी और जरूरतों के चलते या लोभ वश धर्म परिवर्तन कर लेते है। इन सभी भाईयों को धर्म के प्रति जागरूक करना जरूरी है। सोनी के अनुसार कुछ वर्षों पहले इस सभी 250 परिवार ने धर्म परिवर्तन किया था और अब यही परिवारों ने सनातन धर्म को स्वीकार किया है। संत दिग्विजय राम की उपस्तिथि के सभी ने सनातन धर्म की दिशा ली। राजेश मंडोवरा ने इस सभी का स्वागत करते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी ने सनातन धर्म की पताका उच्च स्तर तक ले गए है ऐसे में जो भाई किसी भी कारण से धर्म परिवर्तन कर चुके है वे अब मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से प्रभावित हो कर घर वापसी कर रहे है। यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है। सनातन धर्म वापसी कार्यक्रम में इस्कॉन संस्था के संत दामोदर दास प्रभु स्थानीय संत मोहन महाराज स्वामीनारायण संप्रदाय के संत घनश्याम दास समाज सेवी संजय पटेल सहित मुंबई से कई गणमान्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मोहित कंबोज फाउंडेशन कमलेश चेचानी एवं सिंधिया परिवार का विशेष सहयोग रहा।

■ 600 सदस्यों ने वापसी पर जताई खुशी

# गुढ़ी पाड़वा पर शोभायात्रा के साथ नववर्ष का उत्सव

**मुंबई।** हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ गुढ़ी पाड़वा का त्योहार मनाया जाता है। इस हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए सभी लोग तैयार रहते हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। गुढ़ी पाड़वा के उपलक्ष्य में कांदिवली पूर्व विधानसभा क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए कांदिवली पूर्व विधानसभा क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है। देश की प्रगति में महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण योगदान है, साथ ही हमारे राज्य को राष्ट्रधर्म की परंपरा प्राप्त है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम सब मिलकर मुंबई, राज्य और देश के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें और इस राष्ट्रधर्म को आगे बढ़ाएं, विकास की भव्य 'गुढ़ी' खड़ी करें! ऐसा आह्वान करते हुए कांदिवली पूर्व विधानसभा के विधायक अतुल भातखलकर ने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर नागरिकों को मराठी नववर्ष प्रारंभ गुढ़ी पाडवा के अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

**विधायक अतुल भातखलकर ने दिया राष्ट्रधर्म और विकास का संदेश**



# सरकार ने बदला स्कूलों का समय

**पुणे।** बढ़ते तापमान के बीच, महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों को सुबह 7 बजे से 11.15 बजे के बीच कक्षाएं लगाने का निर्देश दिया है। 28 मार्च को जारी आदेश में, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने कहा कि सभी स्कूलों को, चाहे वे किसी भी माध्यम या प्रबंधन के हों, निर्देश का पालन करना होगा। गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

साथ ही, विभिन्न संगठनों ने अनुरोध किया था कि सुबह के समय कक्षाएं लगाई जाएं, आदेश में कहा गया है। अधिसूचना में कहा गया है, "इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, राज्य के सभी स्कूलों में स्कूल शेड्यूल में एकरूपता लाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

■ सुबह सात से 11.15 बजे के बीच लगेंगी कक्षाएं

# रूग्ण सेवा सदन में अशोक सिंघल

**सुरेश भंसाली/ जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** राजस्थान सेल बीजेपी मुंबई द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश सेवा ही संगठन है, के मार्ग पर चलते हुए राजस्थान दिवस को अशोक सिंघल रूग्ण सेवा सदन में गायों की सेवा करके एवं रुग्ण परिवारों को भोजन करवा कर सेवा कार्य करते हुए मनाया। राजस्थान सेल मुंबई अध्यक्ष नरेन्द्र भंडारी, उपाध्यक्ष जनक रावल, महामंत्री कलपेश जैन, ईश्वर सिंह राठौड़, दक्षिण मध्य मुंबई अध्यक्ष दलपत सिंह राव एवं मांगीलाल रावल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष नरेन्द्र भंडारी ने सभी राजस्थानी भाई बहनों को राजस्थान दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राजस्थानी भाई बहन राजस्थान की संस्कृति के अनुरूप अपनी मातृ एवं कर्म भूमि की समृद्धि एवं विकास के लिए सदैव तन मन धन से कार्य करते रहेंगे।





■ **बोरीवली।** बोरीवली पश्चिम स्थित बाभई में गुढ़ी पाड़वा के अवसर पर महिलाओं ने महाराष्ट्र की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पारंपरिक नृत्य कर उत्साह के साथ पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# भाजपा लोकतांत्रिक ढंग से करती संगठन चुनाव : मिश्र

**विधायक मनीषा चौधरी ने किया मिश्र का स्वागत**




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई भाजपा के संगठन चुनाव के प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र का दावा है कि भाजपा एकमेव पार्टी है जो लोकतांत्रिक ढंग से संगठन चुनाव करती है। मिश्र ने शनिवार को दहिसर विधानसभा में बूथ समितियों के चुनाव में चयनित पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। दहिसर पश्चिम के पैराडाइस बैंकवेट में संपन्न समारोह में मिश्र ने डा. मुखर्जी के बलिदान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुरुषार्थ,अटल की निष्ठा व त्याग के साथ ही मोदी की तपस्या के संदर्भ में अपने विचार रखे। स्थानीय विधायक मनीषा चौधरी ने मिश्र का शाल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। भाजपा की बढ़ती शक्ति में कार्यकर्ताओं के योगदान पर विधायक मनीषा चौधरी ने प्रकाश डाला। मंच पर ज़िलाध्यक्ष गणेश खनकर, महामंत्री बाबा सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रीकान्त पांडेय, जगदीश ओझा, संजय बाविस्कर, संदीप उपाध्याय, जितेंद्र पटेल, नीला सोनी आदि लोग अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संचालन विनोद शास्त्री ने किया। मंडल अध्यक्ष अरविंद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया।

# उत्तर भारतीयों का समाज रचनात्मक और विकासशील : संतोष सिंह

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** उत्तर भारतीय समाज (उभास) हमेशा से रचनात्मक और विकासशील समाज रहा है। मुंबई के सर्वांगीण विकास में उत्तर भारतीय समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर सर्वसम्मति से मुकेश मिश्रा को बोरीवली शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बोरीवली पूर्व के तिरुपति सभागृह में आयोजित उत्तर भारतीय संघ(उभासं), मुंबई की बोरीवली शाखा के पुनर्गठन समारोह में मुख्य अतिथि संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने उपरोक्त बातें कही। कार्यक्रम का संचालन संघ के पूर्व शाखा अध्यक्ष हेमंत पांडे ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. राधेश्याम तिवारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष डा. किशोर सिंह, उपाध्यक्ष अछैवर तिवारी, महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, उत्तर भारतीय संघ के कोषाध्यक्ष अजय सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा. शिवश्याम तिवारी समेत संघ के ट्रस्टी और सदस्य उपस्थित थे। साथ ही इस कार्यक्रम में डा. हृदय नारायण मिश्रा, पूर्व नगरसेवक विद्यार्थी सिंह, श्रीकांत पांडे, इंद्रमणि दुबे, दहिसर शाखा के अध्यक्ष एडवोकेट जयशंकर पांडे, मुकुंद शर्मा, रामकृपाल शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, सतीश मिश्र,नागेंद्र मिश्रा, मानिकचंद यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र पांडे शामिल रहे।



# ठाणे में युवक ने दी जान

**ठाणे।** ठाणे जिले में एक 18 वर्षीय युवक ने अपनी प्रेमिका से झगड़े के बाद अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार को मुंब्रा इलाके के अमृत नगर में हुई। युवक मोबाइल फोन पर अपनी प्रेमिका से बात कर रहा था, तभी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। मुंब्रा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उसने कथित तौर पर अपने घर की छत से लटककर आत्महत्या कर ली।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# बाड़मेर : कलाकारों ने दी वाणी-हरजस प्रस्तुतियां, महिलाएं-पुरुष नाचने लगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** थार की लुप्त हो रही लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने और वाणी गायन की परंपरा को मजबूत करने के लिए बाड़मेर में वीणा उत्सव का आयोजन शनिवार शाम को किया गया था। रातभर तक वीणा गायन में राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब सहित अलग राज्यों से पहुंचे गायक कलाकार। प्रोग्राम में विधायक, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी भी पहुंचे। दरअसल, बाड़मेर रूमा देवी फाउंडेशन और ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान की ओर से आयोजित वाणी उत्सव 2025 और दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार समारोह का दो दिवसीय भव्य आयोजन एक नगरी बाड़मेर में जारी है। प्रोग्राम में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, भाजपा नेता दीपक कड़वासरा, कांग्रेस सचिव लक्ष्मण गोदारा, यूथ कांग्रेस के राजेंद्र कड़वासरा, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दानजी स्मृति भजनी प्रतियोगिता



### देशभर से प्रतिष्ठित कलाकारों की सहभागिता

शाम सात बजे से शुरू हुए वाणी भजन कॉम्पिटिशन प्रोग्राम में लोक संगीत की यह अनूठी परंपरा अपने चरम पर थी। गणेश वंदना व गुरु वधावा के भजनों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे। वाणी गायक कलाकारों ने कबीर, मीरा, गोरख, दादू, डूंगरपुरी जैसे संतों के पारंपरिक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान वीणा, ढोलक, खड़ताल और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में भजनों की गूंज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात एक बजे के बाद देशकाल की परंपरा के अनुरूप वाणी प्रतियोगिता होगी जिसमें अनुभवी कलाकार बिना साउंड सिस्टम से परम्परागत तरीके से अपने ज्ञान और स्वर साधना का अद्भुत परिचय दिए। इस उत्सव में स्थानीय वाणी गायक कलाकारों के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित लोक कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें मध्यप्रदेश से पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया, कच्छ के सुप्रसिद्ध वाणी गायक मुरालाला मारवाड़ा, जैसलमेर के महेशाराम, जालोर के जोगभारती शामिल हैं।

### भव्य शोभायात्रा से उत्सव का शुभारंभ

इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत एक भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें वाणी गायक, मातृशक्ति और संगीत प्रेमी महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए, वाणी गायन और हरजस गायन की मधुर धुनों के साथ उत्सव स्थल तक पहुंची। दो दिवसीय वाणी उत्सव के पहले दिन, 500 से अधिक वाणी गायकों और 500 से अधिक महिलाओं ने अपने सुरों से पारंपरिक गायन कला की अनूठी छटा बिखेरी। विशेष रूप से हरजस गायन, जो अब तक गांव-ढाणी और आंगनों तक सीमित था, पहली बार बड़े मंच पर प्रस्तुत किया गया। जिससे इस परंपरा को नए आयाम मिले।



### दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार वितरण की तैयारी

वाणी उत्सव के अंतिम चरण में इस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वाणी गायन के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को पांच श्रेणियों में कुल तीन लाख रुपए के पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही अन्य प्रतिभाशाली कलाकारों को पांच लाख रुपए मूल्य के वीणा वाद्ययंत्र भेंट किए गए। यह आयोजन न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को वाणी गायन और हरजस परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करेगा, जिससे इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। लइस आयोजन के माध्यम से थार की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जो आने वाले समय में लोक संगीत और परंपराओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

# तांत्रिक बनकर जेवरात-लाखों रुपए हड़पे

**प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार, 1.80 लाख रुपए बरामद**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की मंडली पुलिस ने धोखाधड़ी, तांत्रिक बनकर झांसा देकर जेवरात व लाखों रुपए हड़पने के मामले में प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। दो माह पहले दोनों ने बुजुर्ग को रुपए दुगुने करने का झांसा देकर जेवरात व रुपए हड़पे थे। पुलिस के अनुसार मंडली बलाऊ सांसण निवासी किशनाराम पुत्र बाबूराम ने तीन फरवरी को पुलिस थाना मंडली में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने तांत्रिक बनकर पिता से रुपए दुगने करने का झांसा देकर सोने के जेवरात व सात लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई।



### डिटेन कर पूछताछ की तो जुर्म कबूला

मंडला थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया- रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पीड़ित से पूरे मामले की जानकारी ली गई। पीड़ित से आरोपी के हुलिया पूछकर आरोपी की तलाश शुरू की गई। टीम ने परंपरागत व तकनीकी आधार पर तांत्रिक बन ठगी करने वाले प्रेमी समजूनाथ (50) पुत्र अर्जुननाथ निवासी रामनगर रीको बाड़मेर और उसकी प्रेमिका आसूड़ी (45) पत्नी चंद्र नाथ निवासी भीमरलाई पचपदरा बालोतरा को डिटेन किया गया। पूछताछ में जुर्म कबूल करने पर दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। मामले पीड़ित से हड़पी 1.80 लाख रुपए बरामद किए गए। वहीं बाकी रुपए पार्टी करने, घूमने-फिरने व शौक-मौज करने में खर्च कर दी। धोखाधड़ी से हड़पी सोने की अंगूठी व गले में पहनने का फूल प्रेमिका आसूड़ी ने अपनी भतीजी बदामी उर्फ गंगा के पास बताया।

# जोधपुर : तस्कर ने पेड़ के नीचे छिपाया नशा

**आरोपी गिरफ्तार**

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की खेड़ापा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने मकान के बाहर खेजड़ी के पेड़ के नीचे मादक पदार्थ छुपा रखा था। उसके कब्जे से चार किलो 555 ग्राम अवैध डोडा पोस्त पाया गया। पुलिस ने मामले में इस मामले में हरलाल पुत्र भाकरराम विश्नोई निवासी बासनी डांवरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अवैध मादक पदार्थ घेवरराम विश्नोई निवासी तापु से 26 मार्च को खरीदा था। बताया कि उसे घेवरराम घर पर डोडा सप्लाई करने आया था।

# पचपदरा रिफाइनरी में तेंदुए की दहशत

**बालोतरा।** पचपदरा में राजस्थान रिफाइनरी क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से प्रशासन सतर्क हो गया है। उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने रविवार को रिफाइनरी में तेंदुए को पकड़ने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीमें तेंदुए के फुटमार्क के आधार पर लगातार खोज कर रही हैं। क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी के लिए ट्रैकिंग कैमरे लगाए गए हैं। प्रशासन ने जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए हैं। उपखंड अधिकारी ने बताया- रिफाइनरी का क्षेत्र बड़ा है। यहां झाड़ियां और पाइपलाइन का जाल बिछा है। इससे तेंदुए को छिपने की जगह मिल रही है। यही कारण है कि टीम को उसे पकड़ने में मुश्किल हो रही है। प्रशासन ने लोगों से घबराने की जरूरत नहीं बताई है। रिफाइनरी में काम करने वाले कर्मचारियों को सतर्क रहने को कहा गया है। आसपास के लोगों से अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की गई है।



# दिनदहाड़े युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

**गंभीर हालात में हॉस्पीटल में भर्ती**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** नेशनल हाइवे 68 पर गाड़ी में जा रहे युवक पर कुछ बदमाशों ने कैंपर आड़े देकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बेरहमी से मारपीट की गई साथ ही युवक का एक पैर तोड़ दिया। घटना बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके के ओएस मोटर्स के पास रविवार करीब दो बजे की है। पुलिस के अनुसार हाथी तला निवासी जसिया उर्फ जसराज (29) बाड़मेर शहर से अपने गांव की तरफ बोलेरो कैंपर में जा रहा था। नेशनल हाइवे 68 ओएस मोटर्स के पास दूसरी बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए। बदमाशों ने गाड़ी को आडे देकर रुकवाई। जसराज के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान युवक जोर-जोर चिल्लाने करने लगा। बदमाशों ने युवक का पैर तोड़ दिया। सड़क किनारे घायल हालात में युवक को छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर कोतवाली, सदर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को हॉस्पीटल पहुंचाया। वहां पर इलाज चल रहा है। डीएसपी रमेश कुमार शर्मा ने बताया- युवक के पर्चा बयान लिए गए। युवक ने बताया कि हिंदू सिंह, सवाई सिंह नामक बदमाशों ने मारपीट की। फिलहाल युवक का हॉस्पीटल इलाज चल रहा है। वहीं बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।



### पुरानी रंजिश के चलते किया हमला

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बदमाशों और युवक के बीच में करीब एक माह पहले बोलचाल हुई थी। साथ ही पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हमला किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही।

# जसोल धाम में नवरात्रि का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोलधाम में चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संत महामंडल अध्यक्ष महंत नारायण गिरी जी महाराज की उपस्थिति में विधिपूर्वक घट स्थापना की गई। मंदिर अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने मां जसोल के भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां दुर्गा की विधिवत पूजा कर भक्तों के मंगलमय जीवन की कामना की। घट स्थापना से पूर्व मंदिर प्रांगण में विशेष आयोजन हुआ। जसोल ग्राम के सर्व समाज की कन्याओं एवं बटुकों का पूजन कर उन्हें फल, प्रसाद एवं दक्षिणा प्रदान की गई। इस अवसर पर जयपुर निवासी सवाईराम (समर्थाराम के पुत्र) ने भंडारे का आयोजन किया। उनके परिवार की ओर से सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत नारायण गिरी जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से मां शैलपुत्री की पूजा करता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि मां शैलपुत्री को माता पार्वती भी कहा जाता है, तथा उनका वाहन वृषभ होने के कारण वे वृषभारूढ़ा भी कहलाती हैं। महंत नारायण गिरी जी ने बताया कि मां शैलपुत्री की पूजा में सफेद रंग का विशेष महत्व है, क्योंकि यह शांति और पवित्रता का प्रतीक है। मां को प्रसन्न करने के लिए सफेद फूल, सफेद मिठाई (खीर, खाजा, सफेद लड्डू) एवं दूध-दही अर्पित करना शुभ माना जाता है। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने घट स्थापना के अवसर पर कहा कि देवी मां शैलपुत्री का स्वरूप अत्यंत शांत, सरल, सुशील और दयालु है। उनका रूप दिव्य एवं आकर्षक है। दाएं हाथ में त्रिशूल एवं बाएं हाथ में कमल पुष्प शोभायमान है, जो उनकी शक्ति और सौम्यता का प्रतीक है।



# घर में घुसकर पाइप-डंडों से हमला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट की देवनगर थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग जगह पर फरारी काट रहा था। गौरतलब है कि 27 मार्च को प्रार्थी शिवराज नट निवासी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड ने रिपोर्ट दी थी। बताया कि वह मसूरिया नट बस्ती से अपने चाचा श्याम सिंह के घर पर आया हुआ था। सुबह 11 बजे के करीब उसके चाचा के पड़ोस में रहने वाले रमेश पुत्र मोतीराम, शेर सिंह पुत्र मोतीराम, लखन पुत्र रमेश और बलवीर पुत्र रमेश आए। उन्होंने उनके चाचा श्याम सिंह के सिर पर डंडे और लोहे के पाइप लेकर हमला कर दिया। इसके चलते सिर में गहरी चोट लगने की वजह से वो मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए बाद में उन्हें मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना सामने आने के बाद डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा के निर्देशन में एसीपी प्रताप नगर रविंद्र कुमार बोथरा के सुपरविजन में थाना अधिकारी सोमकरण की टीम ने आरोपी रमेश, शेर सिंह, लखन, बलवीर निवासी नट बस्ती मसूरिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



**मुख्य आरोपी सहित चार को पकड़ा**

**ठिकाने बदल कर काट रहे थे फरारी**

# व्यापार जगत

## एलन मस्क को एक्स से 94000 करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) को बेच दिया है। एक्स को एलन मस्क की ही दूसरी कंपनी xAI ने खरीदा है। एक्स का बिकना यूं ही नहीं हुआ है। जब से एलन मस्क ने एक्स को खरीदा है, उन्हें 94000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। मस्क ने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'इस समझौते में xAI का वैल्यूएशन 80 बिलियन डॉलर और एक्स की वैल्यूएशन 33 बिलियन डॉलर है।' उन्होंने ये भी बताया कि एक्स पर 12 बिलियन डॉलर का कर्ज भी है। इस कर्ज को मिलाकर एक्स की वैल्यूएशन 45 बिलियन डॉलर हो जाती है। ये डील पूरी तरह से स्टॉक में हुई है। इसका मतलब है कि xAI ने एक्स को खरीदने के लिए अपने

### गिर गई थी एक्स की वैल्यू

- एक रिपोर्ट में एक्स की वैल्यूएशन में आई गिरावट के बाद सुधार की बात कही गई। फाइनेंशियल एक्सप्रेस ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि FIDELITY ने दिसंबर 2024 तक एक्स की वैल्यू को 72% तक कम कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार मस्क के 2022 में अधिग्रहण के बाद एक्स की वैल्यूएशन 12 बिलियन डॉलर तक गिर गई थी।

### क्या घाटे का सौदा किया मस्क ने ?

हाल ही में एक्स की वैल्यूएशन में 70% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन एलन मस्क की एक पोस्ट के अनुसार इसकी कुल वैल्यू करीब 45 बिलियन डॉलर है। एलन मस्क की पोस्ट के मुताबिक इस सौदे में एक्स की वैल्यूएशन 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। इसमें 12 बिलियन डॉलर का कर्ज भी शामिल है। मस्क ने साल 2022 में ट्विटर (अब एक्स) को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। इसका मतलब है कि उन्हें करीब 11 बिलियन डॉलर (करीब 94000 करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है, भले ही 12 बिलियन डॉलर का कर्ज अभी बाकी है।

### ट्रंप फिर से एक्स के साथ खड़े हो सकते हैं

साल 2022 में मस्क के अधिग्रहण के बाद एक्स को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब विज्ञापनदाताओं ने इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को छोड़ दिया। हालांकि अब ऐसा नहीं है। Apple, Disney और कई अन्य विज्ञापनदाता फिर से एक्स के साथ आ रहे हैं। मस्क ने ब्लू टिक के लिए पेमेंट करने का विकल्प शुरू किया और Grok ने भी कंपनी के मुनाफे में योगदान दिया। अमेरिकी चुनाव के दौरान मस्क और डोनाल्ड ट्रंप साथ रहे। ट्रंप का चुनाव जीतना भी एक्स के लिए वरदान रहा। माना जा रहा है कि अगर एक्स की वैल्यू में गिरावट आती है तो ट्रंप फिर से एक्स के साथ खड़े हो सकते हैं।

## अमेरिकी कंपनी भारत में बनाएगी परमाणु रिएक्टर

**टाटा समेत तीन कंपनियां करेंगी काम पूरा**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी अब भारत में परमाणु रिएक्टर बना सकेंगी। अमेरिका के ऊर्जा विभाग ने एक कंपनी को भारत में परमाणु रिएक्टर बनाने की मंजूरी दे दी है। इस कंपनी का नाम होल्टेक इंटरनेशनल है। DoE ने 26 मार्च को इस कंपनी को मंजूरी दी। यह मंजूरी '10CFR810' नाम के एक नियम के तहत दी गई है। यह नियम अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1954 का हिस्सा है। करीब 20 साल पहले भारत और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ था। इसे असैन्य परमाणु समझौता कहते हैं। भारत में परमाणु रिएक्टर इसी समझौते के तहत बनेगा। इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के अनुसार इस मंजूरी के बाद होल्टेक कंपनी भारत की तीन कंपनियों को अपनी तकनीक दे सकती है। इन तीन कंपनियों के नाम होल्टेक एशिया, टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड और एलएंडटी हैं।

$1000000000000 स्वाहा, क्या चीन ने दे दिया अमेरिका को झटका, तीन महीने में अर्श से 'फर्श' पर आई यह कंपनी



अमेरिकी कंपनी जो तकनीक देगी वह छोटे परमाणु रिएक्टर बनाने की है। बता दें कि अमेरिकी कंपनी होल्टेक इंटरनेशनल को क्रिस पी सिंह नाम के एक भारतीय-अमेरिकी चलाते हैं। वहीं होल्टेक एशिया कंपनी साल 2010 से पुणे में काम कर रही है। इसका एक कारखाना गुजरात में भी है। होल्टेक कंपनी ने सरकार से ये भी कहा था कि वो तीन और सरकारी कंपनियों को ये तकनीक देना चाहते हैं।

### कई शर्तों के साथ मिली मंजूरी

अभी होल्टेक कंपनी ने जिन तीन कंपनियों को तकनीक देने की मंजूरी दी है, उसमें कई शर्तें शामिल हैं। भारत ने तीन मार्च को एक वादा किया है। इस वादे में कहा गया है कि एलएंडटी, टीसीई और होलटेक एशिया नाम की जो तीन कंपनियां हैं, वो इस तकनीक का इस्तेमाल सिर्फ शांतिपूर्ण कामों के लिए करेंगी। इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने या किसी सैन्य काम के लिए नहीं किया जाएगा। अभी जो मंजूरी मिली है वो 10 साल के लिए है। हर पांच साल में इसकी समीक्षा की जाएगी। यह समझौता भारत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

## आप का राशिफल 31 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़ तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक 2 5 7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक 2 5 6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक 5 7 9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक 5 7 9

## हल्दीराम को कारोबार के नए तरीके सिखाएगी टेमासेक

**नई दिल्ली।** रविवार को हल्दीराम स्नैक्स फूड ने एक बड़ी घोषणा की। सिंगापुर की एक बड़ी निवेश कंपनी टेमासेक अब हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदेगी। यानी टेमासेक हल्दीराम की रणनीतिक साझेदार बनेगी। हालांकि अभी यह नहीं बताया गया है कि टेमासेक कितने शेयर खरीदेगी। सूत्रों के मुताबिक टेमासेक हल्दीराम स्नैक्स फूड में करीब 10% हिस्सेदारी खरीदेगी। इसके लिए टेमासेक करीब 8500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस हिसाब से हल्दीराम की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर आंकी गई है। यह भारत में प्राइवेट इक्विटी की सबसे बड़ी कंज्यूमर डील है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस रकम का इस्तेमाल विस्तार के लिए करेगी। प्रमोटर्स इस रकम को अपने पास नहीं रखेंगे। टेमासेक के साथ आने से हल्दीराम को भी फायदा होगा। कंपनी अपने प्रोडक्ट्स को देश बाहर और आसानी से बेच पाएगी। साथ ही कंपनी उन देशों में भी अपनी मौजूदगी बना सकती है, जहां अभी वह नहीं है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, 'यह लेनदेन हल्दीराम को भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं को जारी रखने की स्थिति में लाएगा। इससे तेजी से प्रतिस्पर्धी होते बाजार में इसकी उपस्थिति मजबूत होगी।' टेमासेक हल्दीराम की रणनीतिक साझेदार बन चुकी है। इसका मतलब है कि टेमासेक सिर्फ पैसा ही नहीं लगाएगी, बल्कि हल्दीराम को आगे बढ़ाने में भी मदद करेगी। साथ ही हल्दीराम को बिजनेस के नए तरीके भी सिखाएगी। हल्दीराम नमकीन और स्नैक्स बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। यह बीकाजी फूड्स, बीकानेरवाला, पेप्सिको और आईटीसी जैसी कंपनियों से मुकाबला करती है।




**10% हिस्सेदारी की डील डन**

## ट्रंप के टैरिफ ऐलान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**मुंबई।** ग्लोबल ट्रेड पर दो अप्रेल से लागू होने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (टैरिफ) के प्रभाव, विदेशी बाजारों के रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। अमेरिका ने दो अप्रेल को भारत सहित अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदार देशों पर दो अप्रेल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "अब सभी की निगाहें ट्रंप की दो अप्रेल की शुल्क घोषणा पर टिकी हैं।" इस सप्ताह घोषित किए जाने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में घरेलू मोर्चे पर संकेतकों के अभाव में बाजार भागीदारी की निगाह वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी। दो अप्रेल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क का वैश्विक व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसपर सभी की निगाह रहेगी।" जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, "आगे चलकर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह मुख्य रूप से ट्रंप के जवाबी शुल्क पर निर्भर करेगा। यदि शुल्क का प्रतिकूल प्रभाव बहुत अधिक नहीं रहता है, तो एफआईआई का प्रवाह जारी रह सकता है।" उन्होंने कहा कि एफआईआई की रणनीति बिकवाली से मामूली खरीद की हो गई है। 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह दिखाई दिया था और 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में भी यह रुख जारी रहा। निवेशकों की निगाह रुपए-डॉलर के रुझान और वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी।



## राजस्थान दिवस एवं नववर्ष प्रतिपदा

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी पहनावे ने मोहा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा रानीवाड़ा संकुल - आजोदर के तत्वावधान में राउमावि सेवाड़िया में राजस्थान दिवस एवं नववर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शैतान सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष शिक्षक संघ जिला सांचौर (राष्ट्रीय) के मुख्य आथित्य में तथा लखमाराम चौधरी प्रधानाचार्य राउमावि सेवाड़िया की अध्यक्षता एवं नरेन्द्र कुमार जोशी संकुल संयोजक राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने राजस्थानी परंपरागत परिधान पहनकर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैतानसिंह चौहान मुख्य वक्ता ने राजस्थान दिवस एवं भारतीय नव संवत्सर नववर्ष प्रतिपदा के धार्मिक ,ऐतिहासिक, सामाजिक ,सांस्कृतिक , वैश्विक, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा भारतीय सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण व जीवन्त बनाए रखने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने की महत्ती आवश्यकता जताई। विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करवाने हेतु विभागीय आदेश जारी करने पर राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर हर घर भगवा ध्वज लहराने तथा नववर्ष प्रतिपदा की सुबह सभी रिश्तेदारों, परिवारजनों व स्नेहीजनों को शुभकामनाएं प्रेषित करने की अपील की। स्थानीय विद्यालय की छात्रा पूजा कुमारी वालाराम ने भाषण देते हुए सभी को राजस्थानी संस्कृति, राजस्थानी भोजन एवं राजस्थानी पहनावे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। विशिष्ट अतिथि एवं संकुल संयोजक नरेन्द्रकुमार जोशी द्वारा राजस्थान दिवस एवं नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की सराहना की तथा हर गुरुवार को विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में स्कूल यूनिफॉर्म पहनने की छूट होने पर पाश्चात्य पहनावे के स्थान पर हमारे राजस्थानी पहनावे को प्राथमिकता देने की बात की। कार्यक्रम के अन्त में संस्था प्रधान लखमाराम चौधरी ने सभी आगंतुक मेहमानों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर विद्यालय के भामाशाह और ग्रामवासियों में घेवाराम पुरोहित,मसराराम पुरोहित,भरतकुमार पुरोहित सेवाड़िया और वालाराम पुरोहित रानीवाड़ा खुर्द ने अपनी सहरानीय उपस्थिति दी।इन भामाशाहों द्वारा विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे और घोंसले पेड़ो पर लगायें गए।विद्यालय परिवार द्वारा सभी भामाशाहों ग्रामवासियों को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूरे स्टाफ सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आसुराम सेन शारीरिक शिक्षक द्वारा किया गया।



## सरपंच सहित लोगों ने बरसाए फूल



**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा हिंदू नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा पर रानीवाड़ा उपखण्ड के रानीवाड़ा खुर्द ग्राम में संघ की ओर से रविवार को पथ संचलन निकाला गया। रानीवाड़ा खुर्द के रामदेव मन्दिर से पंथ संचलन के संख नगाडों एंव उद्धघोष के साथ रवाना होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए वापिस मन्दिर पहुचे । जहां आरती व सामूहिक हनुमान चालीसा व श्रीराम स्तुति की गई। पथ संचलन में 200 से अधिक युवा अपने हाथ में भगवा झंडा लहराते हुए व भगवान श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान गांव के मुख्य चौराहे पर पहुंचने पर रानीवाडा खुर्द की सरपंच शोभना सुथार, मणीदेवी,बबी देवी, संगीता देवी, वरधाराम सुथार, दिनेश वैष्णव, वालाराम पुरोहित, राजू सिंह राजपूत, रमेश जोशी, लक्ष्मण सुथार, जगदीश सुथार, महेन्द्र सुथार, देवाराम ने पथ संचलन पर फुल बरसाकर स्वागत किया।

# हिंदू नववर्ष संवत 2082 पंचांग का विमोचन



**रानीवाड़ा।** विद्या भारती विद्यालय द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक रानीवाड़ा में हिंदू नव वर्ष संवत 2082 के पंचांग का विमोचन किया गया। प्रधानाचार्य विष्णु दान चारण ने बताया कि यह पंचांग न केवल तिथियां का लेखा-जोखा है बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संजीव दर्पण है। इस पंचांग के माध्यम से आप सनातन धर्म के पर्वों, विशेष अवसरों और दिन प्रतिदिन की तिथियां का सटीक बोध प्राप्त कर सकते हैं। यह पंचांग भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं से जुड़ा एक अमूल्य प्रतीक है। विद्या भारती द्वारा जारी इस पंचांग में आगामी सत्र में होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी, वर्णित रहती है इस अवसर पर अमृत देवासी ने पंचांग पर प्रदर्शित पंच परिवर्तन-परिवार जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य-के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन पांच बिंदुओं के माध्यम से समाज के अभ्युदय की दिशा में आगे बढ़ते हुए परम वैभव की प्राप्ति संभव होगी। उन्होंने समझाया कि कुटुंब प्रबोधन से समाज और राष्ट्र का उत्थान सुनिश्चित होगा, पर्यावरण संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगा, स्वदेशी जीवन शैली व्यक्ति के सम्यक जीवन निर्वाह में सहायक होगी, सामाजिक समरसता नगर, प्रांत और राष्ट्र के उत्कर्ष का मूल मंत्र है, तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन से व्यक्ति अपने व्यक्तित्व के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। इन पांच शक्तियों के एकीकृत स्वरूप के माध्यम से राष्ट्र पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस अवसर पर दिनेश देवासी, राणाराम, श्रवण कुमार,खेमराज देवासी, मनीषा शर्मा, हर्षा चौधरी, सुनीताजी मौजूद रहे।

# रानीवाड़ा में किसानों को फसलों के मिलेंगे अच्छे दाम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों की आय को बढ़ाने एवं फसलों का पूरा दाम देने के लिए राईजिंग राजस्थान के तहत करोड़ों रुपए का एमओयू हुए है। उसी के तहत रानीवाड़ा के बड़गांव में रविवार को श्री भैरव कृषि मंडी का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, विधायक रतन देवासी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं प्रधान राघवेंद्र सिंह देवड़ा, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, मंडी चेयरमैन मफत सिंह परमार की उपस्थिति में शिलान्यास हुआ। वहीं, कार्यक्रम में बडगांव मंहत लहर भारती महाराज का भी सानिध्य रहा। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार इस कृषि मंडी से आपकी फसलों का पूरा दाम मिलेगा एवं क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होगें। कई लोगों को रोजगार मिलेगा एवं हर तरह की सुविधाएं भी मिलेगीं। वहीं जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं की जानकारी दी एवं किसानों को कृषि मंडी के फायदे के बारे में जानकारी । पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने कहा कि राईजिंग राजस्थान के तहत 38हजार करोड़ के एमओयू हुए जिससे कृषि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापीत होगें एवं किसानों की आय दुगनी करने का पीएम का सपना साकार होगा। इस दौरान विधायक रतन देवासी, प्रधान राघवेन्द्र सिंह देवडा, जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, रानीवाडा भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश आंजना एंव बडगांव मंडल अध्यक्ष बलवन्द पुरोहित ने भी सम्बोधित किया। कृषि मंडी चेयरमैन मफत सिंह परमार ने आभार जताया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार खण्डेलवाल, प्रकाश सैन, राजू सिंह बडगांव, राजू सिंह राजपुरा,फौज सिंह डाभी, छैल सिंह सोलंकी, महीपाल चौधरी, पूर्व सरपंच बाबूलाल चौधरी,प्रताप पुरोहित वाडा मौजूद रहे ।

■ राइजिंग राजस्थान में कृषि मंडी का शिलान्यास जल्द



## गौ माता को राजमाता का दर्जा दिलवाने की मांग



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विप्र फाउंडेशन जालोर द्वारा गौ माता को राजमाता का दर्जा दिलवाने की मांग को लेकर रविवार को जालोर जिले में हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया। इसी के तहत भीनमाल नगर में क्षेत्रपाल मंदिर धर्मशाला में सनातन समाज के वरिष्ठ सज्जनों की उपस्थिति में हस्ताक्षर अभियान का श्री गणेश हुआ।

विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार दवे ने गौ माता की महिमा पर प्रकाश डालते हुए अति आवश्यक मुद्दे को पूरजोर तरीके से अपने अपने स्तर पर हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सहयोग करने की बात कही। दवे ने बताया कि विप्र फाउंडेशन सरकार के ध्यान में लानेके लिए अनवरत प्रयासरत रहेगा,जब तक गौ माता को राजमाता का दर्जा नहीं मिले तब तक चरणबद्ध तरीके से सनातन समाज के सहयोग से आवाज को बुलंद करते रहेंगे। हस्ताक्षर अभियान शास्त्री सुभाष त्रिवेदी के सानिध्य में हुआ इस अवसर पर प्रेमाराम बंजारा,चम्पा लाल शर्मा, निरंजन व्यास, श्याम खेतावत, पहाड़सिंह राव, नेनाराम चौहान, कपूरचंद जीनगर,वेलाराम घांची, पारसमल घांची, सालुराम भाडका, कालुराम परमार, पारसमल सोनी व केसाराम देवासी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विजय कुमार सिंह ने किए सुंधा माता के दर्शन

**जसवंतपुरा।** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी राजस्थान विजय कुमार सिंह ने सुंधामाता के दर्शन कर खुशहाली की कामना की ।वीकेसिंह द्वारा दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर में स्थित भूर-भूरेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह का चामुंडा माता ट्रस्ट ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव, जिला प्रमुख राजेश राणा, पूरणसिंह गजापुरा, प्रदीपसिंह मालवाडा, भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष भंवरसिंह परमार, व्यवस्थापक जितेंद्रसिंह राठौड़, पंडित दिनेश दवे कारलू, जसवंतपुरा थानाधिकारी गुमानसिंह भाटी, एसआई महिपालसिंह, देवेंद्रसिंह आदि रहे।



## हिंदू नववर्ष पर जयकारे के साथ निकली शोभायात्रा



**जसवंतपुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल ग्राम इकाई कारलू द्वारा चेत्र शुक्ल प्रतिपदा व हिन्दू नववर्ष के अवसर पर पूरे गांव में मंदिरों एवं घरों पर भगवा ध्वज फहराया गया व जयघोष लगाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में दिव्य दृष्टि पब्लिक स्कूल व राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शिक्षार्थी बन्धुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अल्पहार की व्यवस्था अशोक कुमार एवं दिनेश महाराज द्वारा की गई। स्थानीय विद्यालय परिसर में हिंदू नववर्ष एवं राजस्थान दिवस कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अध्यापक बाबूराम चौधरी ने हिंदू नववर्ष एवं राजस्थान की संस्कृति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं अध्यापक भरत कुमार ने सनातन धर्म एवं सभ्यता, संस्कृति से अवगत करवाया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष वचनाराम, विहिप के मंत्री सोहनगिरी, सहमंत्री महेंद्र सुथार, गौसेवा प्रमुख उदाराम देवासी, गणपतलाल पुरोहित, मोहब्बत राणा, भंवरलाल पुरोहित, अशोक पुरोहित, तेजाराम चौधरी, गणेशाराम चौधरी, अर्जुन मेघवाल, महेंद्रकुमार दर्जी, आदि उपस्थित रहे।

## आरएसएस का नवधारा विराट पथ संचलन दो को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राष्ट्र सेविका समिति भीनमाल जिले द्वारा आगामी 2 अप्रेल को आयोजित नवधारा विराट पथ संचलन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य वक्ता व प्रांत सह तरूणी प्रमुख राजल दीदी की सानिध्यता में होगा। जिला कार्यवाहिका उर्मिला खंडेलवाल ने बताया कार्यक्रम में नवधारा पथ संचलन का एकत्रीकरण शाम 4 बजे फाफरिया हनुमान मंदिर में रहेगा। अंतिम में मुख्य वक्ता का उद्बोधन कार्यक्रम शाम 5 बजे स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय प्रांगण में होगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पूर्ण गणवेश आना होगा। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय आदर्श शिक्षण संस्थान प्रांगण में तैयारियां जोरो पर चल रही हैं।

## नववर्ष पर जयकारों व भजनों संग निकली फेरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** कस्बे के रविवार को भारतीय नव सर्वत्सर 2082 धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रातः 5 बजे प्रभात फैरी जयकारों व भजनों के साथ निकाली गई जो कि कस्बे के कंथोरिया हनुमान मंदिर से होते हुए मुख्य मार्गो से होकर रामसीन बस स्टैंड पर पूरी हुई। उसके बाद स्वयंसेवकों व ग्रामवासियों द्वारा ध्वज लगाया गया। फिर समस्त स्वयंसेवकों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। पूजारी पारसमल रावल ने बताया कि अंबाजी मंदिर में क्षैत्रिय नवरात्रा पर घट स्थापना करके महाआरती की गई। साथ ही माताजी की आंगी सजाई गई। लोगों ने अपने घरों में नवरात्रा स्थापना की। अंबाजी मंदिर में ज्योत कर जीवन की मंगल कामना की। लोंगो ने अपने-अपने घरों की छतों पर भगवा ध्वज व दीप प्रज्जवलन कर इस त्यौहार को मनाया। आदर्श विद्या मंदिर के मिडिया प्रभारी कन्हैयालाल राठौड़ ने बताया कि विक्रम संवत हिंदू नववर्ष 2082 पर आदर्श विद्या मंदिर के भैया बहनों और आचार्यो ने पूरे गांव में तिलक लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आदर्श विद्या मंदिर में स्मार्ट बोर्ड उद्घाटन व नववर्ष पर रैली निकालकर दी शुभकामनाएं



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्थानीय श्री सुन्धा माता आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक जसवंतपुरा (विद्या भारती विद्यालय) मे भारतीय नववर्ष पर भामाशाह प्रमोद राजपुरोहित द्वारा भेंट किये गये स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंछालाल पुरोहित, मोटा राम पुरोहित आम्बातरी, स्थानीय प्रबन्ध समिति संरक्षक वजाराम माली, नगाराम प्रजापत, अध्यक्ष जसवंत भाई प्रजापत, व्यवस्थापक नैन सिंह देवल, कोषाध्यक्ष कानाराम देवासी, विक्रम सिंह देवल, भूराराम सुथार, आसु सिंह देवडा, भूरमल सुथार, रामसिंह परमार, कालुराम पुरोहित, नरपत सिंह,जितेन्द्र अग्रवाल, राजू भाई सुथार, प्रधानाचार्य विक्रम सिंह चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्या मंदिर के भैया बहिनो द्वारा नव वर्ष के स्वागत मे गांव में रैली निकाली गई तथा घर-घर जाकर शुभकामनाएं दी गई।

# पिछली सरकार में नौकरी के नाम पर सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सीएलजी सदस्यों व शहर के नागरिकों की बैठक रविवार को स्थानीय पुलिस थाना परिसर में एसओजी एडीजे वीके सिंह, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव की मौजूदगी में हुई। इस दौरान एडीजे वीके सिंह ने कहा कि राजस्थान की पिछली सरकार में सबसे ज्यादा पेपर आउट,पेपर लीक व नकल गिरोह सक्रिय रहने से सरकारी नौकरी में फर्जीवाड़ा हुआ। उक्त मामले में अभी तक 120 एफआईआर दर्ज हो चुकी है और दर्ज होने की संभावना है। उक्त मामलों में आरोपियों का आंकड़ा एक हजार से भी ज्यादा होने की संभावना है। जिसमें सरकारी सेवा से जुड़े लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। एडीजे ने कहा कि जिनका नाम अभी तक सामने नहीं आया है,उनका नाम जांच की प्रगति के साथ आना तय है। एडीजे ने कहा कि यह सब सफलता स्थानीय मुखबिरों व सूचना तंत्रों की बदौलत हासिल हुई है। उन्होंने स्थानीय मुखबिरों की तारीफ करते हुए कहा कि वो लगातार उनको गोपनीय सूचना उपलब्ध करा रहे हैं कि यह व्यक्ति देसावर में स्टील की दुकान पर कार्य करता था और सरकारी नौकरी हासिल कर ली है। ऐसे व्यक्ति को पकड़ने में सबसे ज्यादा आसानी होती है।

एडीजे ने कहा कि बिना मेहनत के शिक्षक बन तो गए हैं, लेकिन उनको स्कूल में पढ़ना नहीं आता है, ऐसे लोगों की गोपनीय जानकारी मिल रही है। जिनकी गोपनीय सूचना जानकारी जुटाकर कार्यवाही की जा रही है। एडीजे ने कहा कि कई ऐसे भी लोग सामने आए हैं, जिन्होंने अप्रत्यक्ष भूमिका निभाकर करोड़ों रुपए कमाए हैं। ऐसे मामले में एक जेल प्रहरी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एडीजे ने कहा कि राजस्थान में कई यूनिवर्सिटी फर्जी डिग्रियां बेचकर करोड़ों रुपयों के मालिक बन गए हैं। ऐसी दो यूनिवर्सिटी के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई कर चुरु के एक यूनिवर्सिटी के मालिक को करीब एक वर्ष पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वीके सिंह ने कहा कि फर्जी तरीके से नौकरी प्राप्त करने वाले तीन सौ शिक्षकों व पुलिसकर्मियों को चिन्हित किया जा चुका है। जिनको किसी भी हालात में बक्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि फर्जी डिग्री गैंग को ध्वस्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी हुई है,जिसमें लालच में आकर पुलिस के लोग भी शामिल थे, जिन्हें बक्शा नहीं जाएगा इसलिए पुलिस महकमे में भी सुधार की आवश्यकता है। एडीजे ने जालौर जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, सांचौर सहायक पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले, भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराज सिंह राजपुरोहित व थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के प्रयासों व ईमानदारी की तारीफ की। इस दौरान शेखर व्यास, जोरावर सिंह राव, विहिप नेता राव वचनसिंह मंनधर,पूर्व पार्षद पुखराज बिश्नोई, भाजपा नेता भरत सिंह भोजानी व पूर्व पार्षद गुमान सिंह राव ने सीमित संसाधनों के बावजूद पुलिस के प्रयासों की तारीफ की।



## आहोर के खेतों में अज्ञात कारणों से लगी आग

■ 6 परिवारों की 13 हेक्टेयर में खड़ी 20 लाख की गेहूं की फसल राख

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जालोर में आहोर उपखंड क्षेत्र के उम्मेदपुर पटवार हल्का के बेदाना के खेतों में खड़ी गेहूं फसल में अज्ञात कारण से आग लगी। जिससे खेतों में खड़ी करीब 13हेक्टर में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची 3 दमकल ने करीब करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया। सरपंच प्रतिनिधि अजयपाल सिंह ने बताया- आहोर के बेदाना गांव में शनिवार को करीब 2 बजे के आसपास चुन्नीलाल पुत्र तगाराम माली, पुखसिंह पुत्र हेमसिंह रावणा राजपूत, रतीलाल पुत्र हंसाराम सरगरा, मानसिंह पुत्र बाबूसिंह, सोहनसिंह पुत्र बाबूसिंह व मंगलाराम पुत्र धनाराम मीणा के खेत में खड़ी गेंहू की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। फसल सुखी होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें देख कर आसपास गांवों से ग्रामीण एकत्रित हो गए और दमकल को सूचना दी। वहीं टैक्ट्ररों-टैंकरों से आग को काबू करने में लग गए। सूचना के करीब 1 घंटे बाद जालोर से 2 व सुमरपुर से 1, कुल 3 दमकलों ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया।

पश्चिम रेलवे
आधारभूत सुविधाओं का संधारण
मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/323 दि. 28.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** मुंबई सेंट्रल: सी एवं डी ब्लॉक के रहवासियों हेतू आधारभूत सूविधाओं का संधारण। **कार्य की अनु. लागत: रु. 1,05,73,617.24, ईएमडी: रु. 2,02,900/-, जमा करने की दिनांक तथा समय: 25.04.2025 को 15.00 बजे तक। खुलने की दिनांक तथा समय: 25.04.2025 को 15.30 बजे।** आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1250
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## सुविचार

व्यक्ति अगर अपनी निंदा में भी अवसर खोजकर निकाल लेता है तो वह कभी नहीं हारता।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### हीटवेव का अलर्ट

अप्रेल आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। राजधानी दिल्ली में औसत तापमान अभी से 33-35 के बीच बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि अप्रेल में तापमान 40 तक पहुंच सकता है। जिसके कारण स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बढ़ने का खतरा हो सकता है। कई रिपोट्र्स इस बात को लेकर भी लगातार चिंता जताते रहे हैं कि इस बार की गर्मी पुराने कई रिकॉड्र्स को तोड़ सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपनी रिपोर्ट में पहले ही बताया है कि साल 2025 की फरवरी अब तक की तीसरी सबसे गर्म फरवरी रही है। मौसम के पूर्वानुमानों के आधार पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस बार अप्रेल के अंत से ही हीटवेव को लेकर सभी लोगों को सावधान किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि देश के अधिकतर राज्यों में फरवरी में तापमान सामान्य से कम एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस तरह बढ़ता तापमान स्वास्थ्य संबंधित कई प्रकार की दिक्कतों को भी बढ़ाने वाला हो सकता है। बढ़ते तापमान को ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं के साथ मृत्यु दर को भी बढ़ाने वाला माना जाता रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए ये और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए सभी लोगों को अभी से अपनी सेहत को लेकर सावधान हो जाना चाहिए। गुरुग्राम स्थित एक अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के डा. अभय गोयल बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन की वजह से वैश्विक तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है, इससे गंभीर बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। हमारा शरीर एक नियत ताप सहन करने की ही क्षमता रखता है। सामान्य तौर पर हमारा शरीर 43-45 डिग्री तापमान को कुछ समय तक सहन कर सकता है, हालांकि जैसे-जैसे इसमें बढ़ोतरी होती जाती है, इसके कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। जब शरीर लंबे समय तक उच्च तापमान के संपर्क में रहता है, तो इसके कारण आप हीट एग्जॉशन के शिकार हो सकते है। इसके कारण कमजोरी, चक्कर आने, मतली और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यदि इसका समय पर इलाज न किया जाए तो इससे हीट स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। डाक्टर कहते हैं गर्मी के दिनों में सभी लोगों को चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक के सेवन से बचना चाहिए। इनमें कैफीन की अधिकता होती है। अगर आपको लगता है कि गर्मी से बचाने में कोल्ड ड्रिंक्स मददगार हैं तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। इसके सेवन से राहत नहीं, बल्कि शरीर में पानी की मात्रा कम होने की आशंका ज्यादा रहेगी। डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पीना की कमी होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।

### भारत ने लिया 25 साल पुराना बदला

# अदालतों में कब बंद होगा नारी विरोध?



**नौशाबा परवीन**

कासगंज (उत्तर प्रदेश) से लगभग 60 किमी के फासले पर 200 परिवारों का एक छोटा सा गांव है, जिसमें अधिकतर गरीब श्रमिक व गरीब किसान रहते हैं, जिनके पास एक बीघा से भी कम कृषि भूमि है। इस गांव में आजकल उस 'छोटी बच्ची' को हर कोई जानता है, जो इन दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के केंद्र में है। घटना 10 नवम्बर 2021 की है। यह 11 वर्ष की बच्ची अपनी मां के साथ पैदल गांव लौट रही थी कि रास्ते में दो युवक 25-वर्षीय पवन कुमार व 30 वर्षीय आकाश सिंह उन्हें मिले, जिन्हें मां-बेटी जानती थीं। युवकों ने अपनी बाइक पर इन्हें लिफ्ट देने का ऑफर दिया। मां सहमत हो गई। कुछ दूर चलने पर युवकों ने अपनी बाइक एक पुलिया के निकट रोक दीं और उन्होंने बच्ची के निजी अंगों को दबोचा, आकाश ने बच्ची के पायजामे का नाड़ा तोड़ा।

इमेज

बच्ची को पुलिया के नीचे घसीटने का प्रयास किया गया। बच्ची चीखी, जिसने रास्ते पर चलते लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वह मदद के लिए पहुंचे तो युवक वहां से भाग खड़े हुए। शिकायत लेकर जब मां पवन के घर पहुंची तो उसे गालियां दी गईं और बंदूक दिखाकर धमकाया गया। पुलिस ने अनेक बार एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया। मजबूरन मां ने जनवरी 2022 में पोक्सो कोर्ट में दस्तक दी। इसके बाद ही औपचारिक रूप से शिकायत स्वीकार की गई। आरोपी आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत बुक किए गए। इसके विरुद्ध आरोपियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की। जहां न्यायाधीश राममनोहर नारायण मिश्रा ने विवादित व चिंताजनक टिप्पणी की कि बच्ची के निजी अंगों से छेड़खानी करना, उसके पायजामे का नाड़ा जबरन तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे घसीटना न तो बलात्कार है और न ही बलात्कार का प्रयास। न्यायाधीश ने आरोपियों पर लगी सख्त धाराओं को कम करते हुए उन्हें यौन हमले की धाराओं में बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मार्च 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय को 'पूर्णतया अमानवीय व असंवेदनशील' घोषित करते हुए उस पर रोक लगा दी। इन फ़ैसलों से 'छोटी बच्ची' के परिवार की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है, जिसने इस क़ानूनी संघर्ष के लिए निजी ऋणदाताओं से मोटे ब्याज पर 2.5 लाख रुपया उधार लिया था और अब उसके पास इसे वापस करने का कोई रास्ता नहीं है? इसी सोच में बच्ची के 70 वर्षीय दादा अपनी चार फीट ऊंची झोंपड़ी, जिस पर ज़ंग खाती एस्बेस्टस की छत है, जो गर्मी को अंदर ही रोक देती है, के बाहर उदास बैठे रहते हैं। उनका कहना है, "मैं पूरी तरह से समझ नहीं पाया हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है। लेकिन मुझे हाईकोर्ट ने जो कहा, वह बताया गया था। अगर हमारी लड़कियों की सुरक्षा अदालतें नहीं करेंगी तो फिर कौन करेगा?" वह इंसाफ के लिए इस सीमा तक भी न पहुंच पाते अगर स्थानीय समाजसेवी सरोज चौहान ने मदद न की होती। चौहान के अनुसार, "पांच गांवों की



इस पॉकेट में यादव अल्पमत में हैं और उन्हें अक्सर दबाया जाता है।" बच्ची के पैरेंट्स व भाई इस केस के सिलसिले में दिल्ली में हैं। बच्ची को गांव से दूर किसी 'सुरक्षित' स्थान पर भेज दिया गया है। क्यों? चूंकि आरोपी प्रभावी परिवारों से संबंधित हैं और उनके पास बंदूकें हैं। बच्ची के परिवार को बंदूकों के बल पर केस वापस लेने के लिए धमकाया जा रहा है, ऐसा बच्ची के चाचा का कहना है । उनके अनुसार गांव में गरीब परिवारों के लिए दबंगों के सामने खड़ा होना खतरे से खाली नहीं है-न्याय के लिए प्रयास करना कानूनी संघर्ष करने से भी अधिक कठिन है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंताजनक टिप्पणी अचानक नहीं की थी बल्कि चार माह की सुनवाई के बाद सोच समझकर और जानबूझकर की थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को यह 'अति गंभीर मुद्दा' लगा और उसने न्यायाधीश मिश्रा के विरुद्ध 'सख्त शब्दों' के प्रयोग पर 'खेद' भी व्यक्त किया। यह स्वागतयोग्य है कि बलात्कार प्रयास के इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने परेशान करने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी, लेकिन इस क़िस्म के आदेश दुखद रूप से कुछ ज्यादा ही दिए जा रहे हैं। अगर इस क़िस्म का आदेश 688 ज़िला अदालतों में से भी कोई एक देती तो भी वह परेशान करने वाला होता, लेकिन यह तो हाईकोर्ट में हुआ, जिनकी संख्या केवल 25 है और जो रैंक में सिर्फ़ सुप्रीम कोर्ट से नीचे हैं। इसलिए निराशा होनी स्वाभाविक है कि हमारे देश में महिलाओं के विरुद्ध न्याय का पलड़ा कितना अधिक झुका हुआ है। अगर बच्ची के निजी अंगों को दबाना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और पुलिया के नीचे घसीटना बलात्कार का प्रयास नहीं है तो फिर क्या है? जो लोग कभी गांवों में नहीं रहे वह 'पुलिया के नीचे घसीटने' के मर्म को समझ ही नहीं सकते। गांव की पुलिया के नीचे हज़ारों दिल दहलाने वाली दास्तानें दफन रहती हैं, उन्हें अगर सामने लाया जायेगा तो डर के मारे कई रातों की नींद उड़ जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तो परेशान करने वाला एक क़ानूनी फिक्शन भी तहरीर कर दिया जो भविष्य में बलात्कार के दोषियों को सज़ा दिलाना अधिक कठिन कर देगा, यह घोषणा करके कि 'अपराध करने की तैयारी और वास्तव में अपराध करने के बीच मुख्य अंतर इरादे की अधिक डिग्री का है।' यह बीजान्टिन सिद्धांत तो बचाव पक्ष के लिए मन्ना (आसमान से भेजा गया खा। पदार्थ) होता। शुक्र है कि हाईकोर्ट के इस आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए रोक लगा दी कि इसमें 'कुछ से तो कानून के सिद्धांत पूर्णतः अपरिचित हैं' और यह 'पूर्णतरू असंवेदनशीलता और अमानवीय दृष्टिकोण' व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के लिए यह बात नई न थी। मसलन 2021 में उसने न्यायिक आदेशों व फैसलों में 'घुसी पितृसत्तात्मकता व नारी द्वेष दृष्टिकोण' के विशाल कैनवस के विरुद्ध एक चेकलिस्ट जारी की थी। हालांकि संवैधानिक अदालतों के कट्टरवादी फैसले सुर्खियां बन जाते हैं लेकिन निचली अदालतों में तो इनकी स्थिति संख्या व गुणवत्ता की दृष्टि से बद से भी बदतर है। कितनी ही अदालती कार्यवाहियों में हम देख चुके हैं कि बलात्कार के मामलों में विवाह को 'न्याय व समाधान' के तौरपर ऑफर किया जाता है। जिरह के दौरान महिला के यौन इतिहास को भद्दे अंदाज़ में उछाला जाता है। इस बात को पूर्णतरू अनदेखा कर दिया जाता है कि मुद्दा बलात्कार का है न कि महिला के अतीत का। एक वेश्या को भी यह अधिकार प्राप्त है कि उसके साथ उसकी मर्ज़ी के खिलाफ जबरदस्ती नहीं की जा सकती। फिर अदालत में जिस तरह से पीड़िता से भद्दे, अश्लील व अनावश्यक प्रश्न मालूम किये जाते हैं (हाथ कहां था, टांगें कितनी खुली थीं ...) तो ऐसा प्रतीत होता है कि बलात्कार के बाद वह दोबारा उसी यातना से गुज़र रही है।

## पंचांग

सोमवार, 31 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - द्वितीया 09.13 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - अश्विनी 13.46 तक
- योग - वैधृति 13.47 तक
- करण - तैतिल 19.27 तक
- सूर्योदय - 06.35 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.50 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.34 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.56 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मेष
- अभिजित् मुहूर्त - 12.18 से 13.07
- राहु काल - 08.06 से 09.38
- व्रत, त्यौहार - तृतीया क्षयतिथि, मत्स्य जयंती, सिंजारा गणगौर तीज, सूर्य रेवती में 14.00
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### ऐसी कोई इच्छा नहीं जो पूरी ना हो सके!

नवरात्रि पूरे वर्ष में चार बार आती है। दो बार प्रत्यक्ष रूप से और दो बार गुप्त रूप से। इन चारों नवरात्रि में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। पौराणिक मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि में ब्रह्मा जी ने इस सृष्टि की रचना की थी। नवरात्रि में दुर्गा पूजा का विशेष विधान होता है। माता के नौ स्वरूप की 9 दिन में पूजा, अर्चना करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है। नवरात्रि के दौरान श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करने का बहुत अधिक महत्व होता है। इस पाठ को करने से उत्तम रूप उचित स्वास्थ्य एवं धन संपदा की प्राप्ति होती है। व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। श्री दुर्गा सप्तशती देवी महात्तम में कवच के बाद अर्गला स्तोत्र को पढ़ने का विधान है। इस स्तोत्र का पाठ करने से व्यक्ति को सभी वाधाओं से मुक्ति मिल जाती है। यह स्रोत किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए भी सहायक है। इस ब्रह्मांड में कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान माता रानी की कृपा से ना हो सके। बस इस पाठ को आप सच्चे मन और शुद्धता के साथ करें। अर्गला स्तोत्र के सभी मंत्र स्वयं सिद्ध हैं। इन मन्त्रों में मारण और वशीकरण मन्त्रों का समायोजन है। अर्गला स्तोत्र की प्रत्येक मंत्र में हम मां भगवती से कामना करते हैं कि है मां! हमें रूप दो, जय दो, यश दो, और शत्रुओं का नाश करो। जातक जो शिकारी की इच्छा लेकर अर्गला स्तोत्र का पाठ करता है, उसकी वह इच्छा पूरी हो जाती है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। जिसे नवरात्रि में पढ़ने से अति शीघ्र फल की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के प्रथम दिवस में मध्यरात्रि में माता की चौकी के समक्ष सरसों के तेल या तिल के तेल का एक दीप जलाएं। उसके बाद मां चामुंडा देवी का ध्यान कर उनसे संवाद करके उन्हें आह्वान करें। मां भगवती के समक्ष अर्गला स्तोत्र का संकल्प कर अपनी इच्छा माता के सम्मुख व्यक्त करें। अर्गला स्रोत्र में मंत्र शक्ति का प्रयोग करें और यथासंभव तीन, पांच अथवा सात बार पाठ करें।

## तारीख विशेष

### राष्ट्रीय टैटर दिवस

अगर आपको आलू पसंद है, तो 31 मार्च को राष्ट्रीय आलू दिवस आपके लिए है। इस दिन सभी प्रकार के आलू को मान्यता दी जाती है, जो हमें आवश्यक विटामिन, खनिज और फाइबर प्रदान करते हैं। आलू काफी बहुमुखी हैं, यही वजह है कि इतने सारे लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे ज्यादा खाए जाने वाली सब्जी है और जब आप विचार करते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 200 से अधिक विभिन्न प्रकार के आलू को हम कितने तरीकों से खा सकते हैं, तो आपको आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सबसे पहले हम उन्हें बेक कर सकते हैं। बेक्ड आलू किसे पसंद नहीं है? हा, हम आपको पीछे देख रहे हैं। अपना हाथ नीचे रखें। हममें से बाकी लोगों को बेक्ड आलू बहुत पसंद है। साथ ही वो बेक्ड आलू? आप उन्हें सभी तरह के स्वादिष्ट टॉपिंग के साथ दो बार बेक कर सकते हैं। दो बार! दूसरा, हम उन्हें उबाल सकते हैं। और उबले हुए आलू से हम सूप, सलाद बना सकते हैं या दुनिया के सबसे पसंदीदा आलू व्यंजनों में से एक बना सकते हैं-मसले हुए आलू। और क्या आप जानते हैं, मसले हुए आलू की कई अलग-अलग रेसिपी भी हैं? मसले हुए आलू के बिना शेफर्ड पाई नहीं बन सकती। उन्हें डाइस करें और स्लाइस करें और हम स्कैलप्ड, फ्राइड या यहां तक कि हैशब्राउन भी बना सकते हैं। और फिर, आलू के पकौड़े और पैनकेक हैं। आलू के इस्तेमाल के सभी तरीकों के अलावा, इस दिन का मूल रूप से एक अलग अर्थ हो सकता है। अप्रेल की शुरुआत में, केंटकी के कुछ हिस्सों में शकरकंद (टैटर डे) मनाया जाता था। शकरकंद उस क्षेत्र की मुख्य नकदी फसलों में से एक है। टैटर डे की शुरुआत 1840 के दशक की शुरुआत में शकरकंदों के व्यापार और बिक्री के साथ हुई थी। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराना निरंतर व्यापार दिवस है। 17वीं शताब्दी के आरम्भ में जब आलू को यूरोप से उपनिवेशों में भेजा गया, तब से इसका सेवन उत्तरी अमेरिकी आहार का प्रमुख हिस्सा रहा है।

### तन और मन को शुद्ध करने का

# अनुष्ठान हैं चैत्र नवरात्र

**आर. सी. शर्मा**

नवरात्र के पहले दिन कलश की स्थापना की जाती है, जिससे पूरे नौ दिनों तक देवी मां की उपस्थिति रहती है। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन तथा हवन किया जाता है, जो शक्ति आराधना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति इन्ही दिनों में हुई है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक़ चैत्र मास की प्रतिपदा को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे नववर्ष की शुरुआत भी माना जाता है।

चैत्र मास के नवरात्रों की हिंदू धर्म में विशेष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता है। हालांकि भाषा और व्याकरण की दृष्टि से देखें तो 'नवरात्रि' शब्द सही है; क्योंकि संस्कृत में यही शब्द है। लेकिन हिंदी में "नवरात्र" शब्द ही ज्यादा प्रचलित व स्वीकार्य है। इसलिए आम बोलचाल में ही नहीं बल्कि आम लेखन में भी "नवरात्रि" की बजाय 'नवरात्र' शब्द का ही चलन ज्यादा है। अतः हम भी इस लेख में नवरात्र शब्द का ही इस्तेमाल करेंगे। चैत्र नवरात्र को वसंत नवरात्र भी कहा जाता है। इस साल ये 30 मार्च 2025 दिन रविवार से शुरू हो रहे हैं और 6 अप्रेल 2025, रविवार तक चलेंगे। ग्रीष्मकालीन चार दिवसीय चैती छठ पूजा की शुरुआत 01 अप्रेल को नहाय खाय से होगी। इस दिन व्रती चैती छठ का संकल्प लेंगे। अगले दिन 02 अप्रेल को खरना के दिन चंद्रमा को अर्घ्य देकर 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत करेंगे,जबकि 3 अप्रेल को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके अगले दिन यानी 4 अप्रेल को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर यह कठिन व्रत समाप्त होगा।

**इस बार आठ दिन होंगे नवरात्र**

इस बार चूंकि अष्टमी और नवमी तिथियां एक ही दिन पड़ रही है, इसलिए चैत्र नवरात्र 8 दिन के होंगे। जब नौ दिन के नवरात्र आठ दिन में ही समाप्त हो जाते हैं, तो इसे क्षय नवरात्रि कहा जाता है। यह तब होता है जब किसी तिथि का क्षय (लुप्त) हो जाता है यानी कोई एक तिथि सूर्योदय के अनुसार गणना में लुप्त हो जाती है। इसका निश्चित ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व होता है। चूंकि हिंदू पंचांग में तिथियां चंद्र मास के आधार पर निर्धारित होती हैं। ऐसे में कभी-कभी कोई एक तिथि इतनी जल्दी समाप्त हो जाती है कि वह सूर्योदय के समय उपलब्ध नहीं होती, इसे क्षय तिथि कहा जाता है। जब नवरात्र में ऐसा हो जाता है तो फिर नवरात्र आठ दिन में ही समाप्त हो जाते हैं। इस साल आठवीं तिथि का क्षय हो रहा है इसलिए वह नवीं तिथि में ही शामिल हो गई है।

**आठ दिन के नवरात्र का आध्यात्मिक महत्व**

माना जाता है कि आठ दिनों में नवरात्र समाप्त होने पर सभी नौ शक्तियों की पूजा संक्षिप्त रूप में संपन्न हो जाती है। इसलिए कुछ धार्मिक विद्वानों के मुताबिक़ आठ दिन के नवरात्र विशेष रूप से फलदायी होते हैं। क्योंकि इनमें देवी की कृपा अधिक तेजी से प्राप्त होती है। इस दौरान किए गए व्रत, हवन, कन्या पूजन और साधना का विशेष फल मिलता है। आम तौर पर अष्टमी या नवमी को कन्या पूजन किया जाता है, लेकिन जब नवरात्र आठ दिन में समाप्त हो जाता है, तो अष्टमी को ही नवमी मानकर कन्या पूजन किया जाता है। इस स्थिति में कुछ स्थानों पर एक ही दिन अष्टमी और नवमी का हवन और पूजन किया जाता है। इसलिए इसे एक विशिष्ट योग समझा जाता है। इसलिए यदि नवरात्रि आठ दिन में समाप्त हो रहे हों, तो साधकों को संपूर्ण श्रद्धा और नियमों के अनुसार पूजा करनी चाहिए।

**हिंदुओं के लिए क्यों विशेष हैं नवरात्र?**

नवरात्र चाहे चैत्र के हों या शारदीय,धार्मिक श्रद्धा रखने वाले हिंदुओं के लिए ये विशेष अवसर होते हैं, जब हम मां दुर्गा की पूजा आराधना करके अपने जीवन को शुद्ध और समृद्ध बना सकते हैं। नवरात्र व्रत रखने से न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है, बल्कि मानसिक और शारीरिक मजबूती और प्रखरता भी आती है। नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। जब आठ दिन के नवरात्र हों तो यही पूजा आठ दिनों में की जानी चाहिए। नवरात्र का पूरा समय आध्यात्मिक साधना, उपवास और आत्मशुद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

**नवरात्र में कलश स्थापना और हवन**

नवरात्र के पहले दिन कलश की स्थापना की जाती है, जिससे पूरे नौ दिनों तक देवी मां की उपस्थिति रहती है। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन तथा हवन किया जाता है, जो शक्ति आराधना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति इन्ही दिनों में हुई है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक़ चैत्र मास की प्रतिपदा को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे नववर्ष की शुरुआत भी माना जाता है।

**भगवान श्रीराम का जन्म**

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। इसलिए चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को विष्णु भक्ति और शक्ति उपासना दोनों से जोड़ा जाता है। इसी दिन विक्रम संवत का नया वर्ष शुरू होता है, जिसे भारत के कई हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे कि गुड़ी पड़वा (महाराष्ट्र), उगादी (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक) और बैसाखी (पंजाब)।



## गीता सार

**बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत् सुखम्।**
**स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते॥**
**ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।**
**आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः॥**

**हिंदी अर्थ** — बाहर के विषयों में आसक्ति रहित अंतःकरण वाला साधक आत्मा में स्थित सात्विक आनंद को प्राप्त होता है, फिर वह परब्रह्म के योग में स्थित पुरुष अक्षय आनंद को प्राप्त करता है। इन्द्रिय तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले सभी भोग दुःख उत्पन्न करने वाली ही है। इसलिए हे अर्जुन! इन आदि-अंत वाले भोगों में, बुद्धिमान पुरुष नहीं लिप्त होते हैं।

## बोले तो...



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को, हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं। माधव नेत्रालय लाखों लोगों की सेवा कर रहा है।

**- नरेन्द्र मोदी**



'राष्ट्र पुनर्निर्माण' के एक आंदोलन के रूप में शुरू हुए संघ ने उपेक्षा और उपहास से जिज्ञासा और स्वीकार्यता तक का रास्ता तय किया है। संघ किसी का विरोध करने में विश्वास नहीं करता है और उसे विश्वास है कि संघ का विरोध करने वाला व्यक्ति एक दिन संघ में शामिल हो जाएगा।

**- दत्तात्रेय होसबोले**



मुझसे दो बार गलती हो गई, जो मैं उधर चला गया। अब यह गलती अब कभी नहीं होगी। वो लोग गड़बड़ करने लगा था, तब मैं फिर वापस अपने पुराने साथितों के पास लौट आया हूं। वैसे भी श्रद्धेय अटल जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था, तो ऐसे में मैं कैसे भूल सकता हूं।

**- नीतीश कुमार**

## कुछ अलग | अजब गजब

# जब बाढ़ से मच गई थी तबाही....जानें जवाई बांध बनने की कहानी...आज 900 गांव इसके भरोसे

जवाई बांध पाली सहित तीन जिलों के लोगों और किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज यह पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध है। 900 गांवों की प्यास बुझाने वाले जवाई बांध का निर्माण उन परिस्थितियों में जोधपुर के पूर्व महाराजा उम्मेद सिंह द्वारा करवाया गया था, जब वर्ष 1903 में जवाई नदी में आई बाढ़ से पाली और जालोर जिलों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद पूर्व महाराजा उम्मेद सिंह के मन में आया कि इस बांध का निर्माण करवाया जाए और फिर वर्ष 1946 में यह काम शुरू हुआ और 1957 में काम पूरा हुआ। जिसके बाद से आज तक पालीवासियों की प्यास बुझाने के साथ-साथ किसानों को सिंचाई के लिए जल भी यहीं से उपलब्ध करवाया जाता है।

**आज 900 गांव इस बांध के भरोसे**

पश्चिमी राजस्थान का यह सबसे बड़ा डैम है। पालीवासियों की प्यास बुझाने का काम यही डैम करता है। बारिश की जब सीजन होती है, तो काफी अच्छा खासा यह डैम भर जाता है। पाली सहित कई जिलों के 900 गांवों की प्यास बुझाने का काम यह डैम करता है। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए यहीं से पानी उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही, जो आस-पास वाइल्ड लाइफ एरिया है, उनके प्यास बुझाने का काम भी यही डैम करता है।

**तीन जिलों की लाइफ लाइन**

सिरोही के शिवगंज शहर के अलावा यह जालोर और पाली जिले की लाइफ लाइन की तरह काम करता है। इसीलिए हर साल हर गांव और हर परिवार यही दुआ करता है कि बांध लबालब हो जाए। हालांकि जोरदार बारिश के बावजूद अब तक तो बांध पूरा नहीं भरा है, लेकिन इसके पानी से किसानों को अच्छा फायदा होता है। वहीं पश्चिमी राजस्थान का यह सबसे बड़ा बांध वर्ष 1956 में 60 लाख में बनकर तैयार हुआ था।



**बांध की क्षमता**

जवाई बांध को सबसे अधिक जालोर जिले की लाइफ लाइन कहा जा सकता है। इतना ही फायदा पाली जिले को भी होता है। सैकड़ों किसानों को सिंचाई का पानी यहीं से मिलता है। इसके अलावा सुमेरपुर-शिवगंज को भी इसका लाभ मिलने लगा है। सुमेरपुर तहसील क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों में पेयजल के लिए भी इस बांध से पानी देने की योजना है। इसके लिए पाइप लाइन लगवा दी गई है। बांध का जल आवक क्षेत्र 787 वर्ग किमी है और पूर्ण भराव जलस्तर 312 मीटर व ओवरफ्लो का स्तर 308.50 मीटर है। सहयोगी सई बांध से जल औसत जल आवक 51 एमसीएफटी है।

## पाठक पाती

### हिंसक प्रवृत्ति/ अमानवीय कृत्य: रोकथाम जरूरी

आए दिन अपने जीवन साथी/लिव इन पार्टनर/प्रेमी की बर्बरतापूर्ण हत्या और लाश को सूटकेस या बाक्स में बंद करने के मामले सामने आ रहे हैं। गौरतलब बात यह है कि कैसे कोई इतने क्रुरतापूर्ण कृत्य के लिए इतना साहस जुटा सकता है? क्या हमारी मानसिकता इतनी क्षीण और हिंसक प्रवृत्ति की हो गई है कि अच्छे/बुरे की पहचान खत्म हो गई है? कहीं न कहीं ये गलत परवरिश/नैतिक मूल्यों की कमी और मीडिया का असर है। जो सामग्री हम सोशल मीडिया/अखबारों/ फिल्मों में देख/पढ़ रहे हैं, उसी का अनुसरण कर रहे हैं। मौलिक शिक्षा, संस्कार, उचित आचरण और संयम कहीं लुप्त हो गए हैं। इस हिंसक और अमानवीय मानसिकता से उबरने के लिए बचपन से सही परवरिश, स्कूली स्तर से आध्यात्मिकता, सही मार्गदर्शन, काउंसलिंग और समाज में एक उचित और सौहार्दपूर्ण वातावरण की आवश्यकता है।

**- अभिलाषा गुप्ता, मोहाली**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# नि:शुल्क शिक्षा दान अभियान में 913 विद्यार्थी लाभान्वित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** आपरीखेडा एवं लौटाना में नि:शुल्क शिक्षा दान अभियान के तहत 913 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। भारत-र। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राष्ट्रीय सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल के नि:शुल्क शिक्षा-दान अभियान के तहत विद्यार्थियों को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा दी गई। आपरीखेडा विद्यालय के संस्था प्रधान विनोद कुमार वर्मा एवं लौटाना विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. रामस्वरूप पारिक, रतनलाल गरासिया, अध्यापक युवराजसिंह, महावीरसिंह, गेलाराम मेघवाल, देवीलाल मीणा, तबरेज एहमद पठान, शारीरिक शिक्षक दिनदयाल, लक्ष्मणराम माली, अध्यापिका मधुपाल, पोसीदेवी, प्यारीदेवी, सरपंच नवाराम गरासिया, उप प्रधानाचार्य भारत पुरोहित, अध्यापक प्रकाश कुमार पटेल, मुरारीलाल मीणा, प्रदुमन आढा, मगलसिंह दहिया का सहयोग रहा।



## गोयली में सफाई अभियान की शुरुआत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत गोयली में सफाई अभियान की शुरुआत। स्वच्छ भारत अभियान के तहत गोयली व सारनेश्वर में आज से सरपंच राजू कंवर की मौजूदगी में सफाई अभियान की शरुआत की। सरपंच राजू कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत गोयली के दोनों गावों में हर वार्ड में अभियान के रूप में साफ सफाई का कार्य होगा। गांव में अगर कई गंदगी लगे तो फोटो समेत सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे ताकि वहां समस्या का समय पर समाधान होगा। सफाई अभियान का आगाज करते सरपंच, समाज सेवी नाथुसिंह आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थी का नवोदय स्कूल में चयन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** रामपुरा के निजी संस्कार उच्च प्राथमिक विद्यालय के भरत कुमार मेघवाल का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। प्रधानाध्यापक नीमाराम डाबी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6 और 9 के का रिजल्ट जारी कर दिया है।

## प्रधानमंत्री की सुनी मन की बात



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल अध्यक्षता व पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण के सानिध्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंहल, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, पार्षद रितेशसिंह चौहान, दीपक कुमार मोहन बंजारा दिलीप सोनी, प्रेमसिंह लोधा, दिनेश कुमार, मन की बात संयोजक देवेन्द्र निगम अशोक माली, विक्रमसिंह, शिवम विश्नोई, संजय चौहान, शंकरलाल, धीरज, सोहनसिंह, किशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## छह माह से फरार आरोपी को कलकता से किया गिरफ्तार

**» शराब बरामदगी के दौरान घटना स्थल से हुआ था फरार**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने शराब तस्करी के एक प्रकरण में छह माह से फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी आरोपी को कलकता से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत ने बताया कि एक अक्टूबर 2024 को मावल पुलिस चौकी पर नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से चंडीगढ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के 1003 कार्टून जब्त किए थे। मौके से आरोपी खूमाराम को गिरफ्तार किया गया था। जबकी चूनाराम मौका पाकर फरार हो गया था। इसके बाद राहुल व पवनकुमार को भी गिरफ्तार किए। चूनाराम लम्बे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने वांछित चूनाराम की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर गिरफ्तारी के प्रयास किए। पुलिस अधीक्षक ने इस पर 25000 का ईनाम भी घोषित किया। तलाश के दौरान मुल्जिम चूनाराम को ट्रेस किया तो कलकता पश्चिम बंगाल में होना जानकारी में आया। इस पर पुलिस टीम ने कलकता जाकर वहां पर आसूचना संकलित कर मुखबीर तंत्र की सहायता से वांछित मुल्जिम सणपा सिणधरी बाड़मेर निवासी चूनाराम पुत्र मुकनाराम जाट को कलकता से दस्तयाब कर थाने पर लेकर आए यहां अनुसंधान के बाद उसे गिरफ्तार किया। कार्रवाई में कांस्टेबल चौखाराम, मांगीलाल, रामचन्द्र का सहयोग रहा।



## चेटीचंड पर हुए कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** चेटीचंड पर्व रविवार को गुरु नानक कॉलोनी स्थित शिव झुलेलाल, हिंगलाज माता मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिंधी पंचायत संस्थान के तत्वावधान में रविवार सवेरे शिव झुललाल मंदिर में आरती की गई। सुबह ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद सिंधी कॉलोनी से बाइक रैली शुरू हुई जो गुरुनानक कोलोनी स्थित कंवर कुटिया पर पहुंची। अल्पाहार व प्रसाद वितरण किया गया। शाम को सिन्धी समाज को गोरवान्वित करने वाली तीन बहनों का स्वागत सत्कार किया गया। शाम को बेहराणा साहेब का जुलूस सिंधी कोलोनी से प्रारम्भ हुआ। पल्लव अरदास, आश के फलों का व प्रसाद का वितरण किया गया। रात्रि में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया।



## सनातन धर्म में शिव शक्ति की उपासना-साधना से हर कार्य संभव : ओघड़

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** हिंदू नव वर्ष के साथ शुरू हुए नवरात्रि के लेकर भटाना जहु माता मंदिर भक्त संजय ओघड़ नो दिन तक लोहे के किल से बना आसन पर रहेंगे। ओघड़ ने बताया कि नो दिन तक उपवास में रहेंगे। हर वर्ष चैत्र नवरात्र को लेकर हर समय अलग अलग साधना करता हूं। इस वर्ष लोहे की धारदार किल का आसन बनाया उस पर दिन रात नो दिन तक इस आसन पर ही रहेंगे। भारतीय सनातन धर्म में शक्ति आराधना की परंपरा है। भारत की संस्कृति, दर्शन एवं धार्मिक परंपराएं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। शक्ति उपासना पूरे विश्व में होती है। सभी धर्मों की अपनी आराधना एवं आराध्य हैं। परंतु सनातन धर्म में शिव और शक्ति की अराधना का महत्व है। भटाणा में चैत्र नवरात्रि को लेकर 10 दिनो तक संजय औघड़ कस्बे के धोडा निबडी स्थिति अपने मां जहू धाम में साधना कर रहे है। औघड़ ने कड़ाके की सर्दी में भी 101 मटको से जल धारा की थी। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वि मसिंह राव, राजू विश्नोई, किशोर पुरी,भरत कुमार, ललित कुमार आदि भक्त मौजूद थे।

## अरठवाड़ा से भेव सड़क निर्माण कार्य शुरु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** अरठवाड़ा से जावाल जाने वाली सड़क मार्ग का कार्य चल रहा है। सीघ्र काम पूरा होने के बाद यहां से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। पूर्व में लंबे समय से सड़क क्षतिग्रस्त थी। जिससे वाहन चालकों को भारी समस्या होती थी।

## निंबाड़ा व्यायाम शाला भक्त पहुंचे चारभुजा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** चारभुजा कस्बे में अमावस्या संध्या आरती पर चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाड़ा के रामेश्वर महादेव व्यायाम शाला, डाबेश्वर महादेव, कासोत दरवाजा सहित महाकाल भस्म रमैया ग्रुप के 36 लोगों के दल चारभुजानाथ मंदिर पहुंचे। जहां पर आधे घंटे तक मंदिर के बाहर नृत्य किया। मंदिर में चल रही संध्या आरती में शरीक होकर चारभुजा नाथ के दर्शन कर सोनाणा स्थित खेतलाजी के दर्शनार्थ रवाना हुए। रात्रि में खेतलाजी पहुंचे जहां रात्रि विश्राम किया । वही रविवार सवेरे भेरुजी धूनी धाम खेतलाजी को ग्रामीण भ्रमण करवाया गया। शाही सवारी कस्बे के भ्रमण पर निकली।

## सुजावत समाज का 10 वां सामूहिक विवाह आज, 25 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** भीम सुजावत वंशज मंडला विकास समिति भीम का 10 वां रावत राजपूत समाज का समूहिक विवाह सम्मेलन आशापुरा धाम के समीप पाटिया स्थित खेल मैदान में आयोजित होगा। समारोह मे समाज के 25 नवदम्पति विवाह बंधन में बंधेंगे। इस परिणयोत्सव में राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत बतौर अतिथि मंच साझा करेंगे। विधायक हरिसिंह रावत सहित पूर्व विधायक सुदर्शनसिंह रावत, ब्यावर विधायक शंकरसिंह, पूर्व गृह राज्य मंत्री अध्यक्ष मगरा, बोर्ड एवं सदस्य राज्य वित्त आयोग स्क्वाड्रन लीडर डा. लक्ष्मणसिंह रावत सहित जनप्रतिनिधी भाग लेंगे। विवाह समारोह में तीन सम्भाग सहित करीब 6 जिलो एवं अन्य राज्यों के समाजजन शिकरत करेंगे। यह जानकारी समाजसेवी गोपालसिंह पीटीआई एवं विवाह समिति अध्यक्ष लोकेशसिंह चौहान ने दी।

## स्काउट गाइड ने समारोह पूर्वक मनाया राजस्थान दिवस






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** स्काउट कार्यालय में चल रहे पांच दिवसीय जिलास्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर में रविवार को सचिव मंछाराम एवं सीओ एम.आर.वर्मा की अध्यक्षता एवं मूलसिंह भाटी सचिव स्थानीय पिण्डवाड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में राजस्थान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।मंछाराम मडिया ने राजस्थान दिवस की उपादेयता के बारे में विस्तार से उपस्थित स्काउट गाइड रोवर रेंजर को अवगत कराया। वर्मा नें कहा कि राजस्थान प्रदेश, भारत का सबसे बडा राज्य है। यह अपनी समृद्ध संस्कृति, जीवंत त्योहारों, षानदार वास्तुकला, राजसी किलों व महलों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। सुश्री सुमित्रा कुमारी, विशनाराम, डेलू, फैजान, मंयक कुमार, राजसिंह, जसंवतसिंह, अनिल कुमार, मालाराम देवासी, ने राजस्थान दिवस मनायें जाने पर अपने विचार व्यक्त किए। स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई। सुरज कलांवत, मोहित अग्रवाल, दर्शनसिंह गुर्जर, रोहित कुमार, दृश्टि पाण्डेय, कोमल कुमारी, परशुराम, मो.सिकन्दर, भुवनेष, हिमाषी, काजल, युक्ता कुमावत, हिमाषी राणावत, पूजा आदि उपस्थित रहें।

# चांद दिखा दुआएं कबूल, आज मनेगी ईद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अलविदा माह.ए.रमजान की घड़ी नजदीक आने के साथ रविवार को घर-घर चांद देखने की रस्म अदा की गई। शाम को चांद दिखने पर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी तथा युवाओं ने आतिशबाजी की। सोमवार सवेरे मस्जिदों में नमाज अदा होने के बाद सभी एक दूसरे को ईद की बधाई देने के लिए एक दूसरे के घर जाएंगे। आज से रमजानुल मुबारक का महीना खत्म होगा।

**बाजार में लौटी रौनक**

ईद के इस्तकबाल के लिए बाजार गुलजार है। बाजार की दुकानें सज चुकी है, जहां पर खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। बाजार में कुर्ते, पायजामा, सेवइयां और ड्राई.फ्रूटस की खरीदारी की गई। महिलाएं नए सूट्स, चूडियां, ज्वैलरी, मेकअप और घर सजाने का सामान खरीदने में मशगूल रही।



**मंडार।** रमजान माह के रविवार को चांद दिखने पर सोमवार को बड़े अदब एहतराम के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा। चांद नजर आने के बाद सभी मुस्लिम समाज के लोगों को चांद की मुबारकबाद पेश करने के साथ ईद की नमाज के लिए हुसैनी चौक से जुलूस के रूप में ईदगाह पहुंचेंगे। इस मौके पर समाज के लोगो ने सभी का स्वागत किया गया।



## हर्षोल्लास से किया नववर्ष का स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति उदयपुर व आलोक संस्थान राजसमन्द के संयुक्त ततावधान में नवसंवत्सर 2082 के कार्यक्रमों के तहत नववर्ष के दिवस पर कांकरोली, राजनगर व नाथद्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने ध्यान गणवेश में खड़े रहकर नीम की कोंपले, काली मिर्च, मिश्री खिलाकर व शुभकामना पत्रक बांटकर आमजन को नवसंवत्सर की शुभकामना दी । आलोक संस्थान के निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने सभी को नवसंवत्सर 2082 की शुभकामना प्रेषित की। निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर निकाली गई। समस्त व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठन, अभिभावक, आमजन, मीडिया कर्मी व पुलिस प्रशासन के प्रति अपना आभार प्रकट किया। सासेरा में ऐतिहासिक जल देवी माता मन्दिर, माता का खेडा दरीबा माईस के पास प्राचीन अन्नपुर्णा माता मन्दिर, सिन्देसर खुर्द माईन्स के पास स्थित सुरजबारी माता मन्दिर में घट स्थापना के साथ ही चेत्र नवरात्रा प्रारम्भ हुए। इधर हिंदू नव वर्ष रविवार को भीम नगर में हिंदू नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्वहिदू परिषद बजरंग दल सहित तमाम हिंदू सगठनों ने भीम नगर में विशाल भगवा ध्वज वाहन रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वज वाहन रैली का शुभारंभ आशापुरा माता मन्दिर पटिया का चौड़ा से किया गया। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए खेल स्टेडियम पाटिया में भगवा ध्वजवहन रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ जय घोष किया गया। संघ के देवेंद्रसिंह माथुवाडा, हिंदू परिषद के प्रखंड अधक्ष हेमेंद्रसिंह चौहान, घनश्यामसिंह चौहान, रामनारायण सोनी, देवेंद्रसिंह भाईडा, योगेन्द्र सोलंकी, कल्याणसिंह रावत, धीरज टाक, प्रीतमसिंह, सिद्धार्थ, नारायणसिंह, कैलाशदास, लक्ष्मणसिंह समेत अन्यों का सहयोग रहा।



## मोबाइल चोरी की आरोपी महिला गिरफ्तार

**मोबाइल किया बरामद**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जीआरपी ने बांद्रा टर्मिनस में महिला यात्री का मोबाइल चुराने के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया। चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया। थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि गत 24 फरवरी को गुजरात के दाहोद की राजपुर परमार फलिया निवासी परिवादीया श्रीमती गीता बेन पत्नी रसूल भाई निनामा ने बिना नंबरी रिपोर्ट दी कि 5 जनवरी 2025 ट्रेन नं. 22932 बांद्रा टर्मिनस में सफर के दौरान एक लेडीज पर्स चोरी हो गया। पर्स में एक वीवो कंपनी का मोबाइल था। इस पर अज्ञात आरोपी की तलाश जारी रखी गई। जिसके चलते 29 मार्च को तकनीक आधार पर नागौर जिले के मकराना थाना के कुणावती निवासी संदिग्ध श्रीमती संतोष पत्नी मेवाराम सांसी को दस्यताब किया गया। पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किया हुआ करीब तीस हजार रुपए मूल्य का मोबाइल बरामद किया गया। आरोपीया को जोधपुर रेलवे न्यायालय में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# विक्रम संवत 2082 : हाथी पर सवार होकर आई माता रानी, भक्तों की मनोकामना होगी पूरी

## जिलेभर में नववर्ष का छाया उल्लास, घर घर में हुई घट स्थापना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिलेभर में रविवार को चैत्र नवरात्र एवं नवसंवत्सर 2082 के स्वागत का उल्लास रहा। मंदिर तथा घरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना हुई। इस दौरान माता रानी के जयकारे भी गूंजे। पहले दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में माता के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगना शुरू हो गई। वहीं नवसंवत्सर पर जिला मुख्यालय के बालिका आदर्श विद्या मंदिर की बालिकाओं ने शहर के सभी मंदिरों के बाहर घोष वादन किया। प्रधानाचार्य मधुसूदन त्रिवेदी ने बताया कि घोष वादन में 90 बालिकाओं का सहयोग रहा। बालिकाओं ने सवेरे आठ बजे हाऊसिंग बोर्ड के नागेश्वर महादेव, सारणेश्वर मंदिर, चौसठ जोगनी, सार्दुलसिंह मंदिर, संतोषीमाता, आपेश्वर, महामंदिर, चामुण्डामाता बस स्टैण्ड, अम्बेमाता सम्पूर्णानंद कॉलोनी, चारभुजा मंदिर सदर बाजार, भागीरथ महादेव, सरियादेवी, रामझरोखा, देवेश्वर मंदिर एवं स्वामीनारायण समेत देव स्थानों पर घोष वादन कर नववर्ष का शुभारंभ किया। सहायक प्रधानाचार्य भावना सुथार, वरिष्ठ आचार्य दलपतसिंह, वीणा परमार, कविता वाघेला, प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती गीता मिस्त्री, व्यवस्थापक नरेंद्रपालसिंह सदस्य कपिल त्रिवेदी एवं नंदा चौहान मौजूद रहे। उधर, गांधी पार्क में योग समिति, वरिष्ठ एवं युवा नागरिक विकास संस्थान, विश्व पर्यावरण संरक्षण मिशन ने नव वर्ष संवत्सर पर श्रमदान किया। वरिष्ठ समाजसेवी जयवि' म हरण, योगाचार्य भीकसिंह भाटी ने बताया कि साफ सफाई हमारे राष्ट्रीय विकास में सबसे पहली आवश्यकता है। शिक्षक गोपालसिंह राव का सिरोही के गणमान्य नागरिकों ने बहुमान किया। ज्योतिचार्य पंडित प्रदीप दवे, रामचंद्र, गोविंद सुथार, इनायत खान, शकूर मोहम्मद, मकसूद भाई, शंकरलाल, मुन्नीलाल, भरत कुंडला, हिमांशु, रेखा माली, सीता देवी, वंदना, सविता का सहयोग रहा। उधर, अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में गायत्री शक्ति पीठ मंदिर में एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ। जहां गायत्री परिजनों साधकों एवं श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर पुरे विश्व के कल्याण की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि नवरात्री पर प्रतिदिन गायत्री मंदिर में प्रातः 8 बजे हवन किया जाएगा । पूर्णहुति नवमी के दिन होगी जो साधक अनुष्ठान कर रहे है वे साधक नवमी को शक्ति पीठ आकर अपने अनुष्ठान के निमित आहुति समर्पित कर सकता है । उन्होने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में सभी तरह के संस्कार निशुल्क करवाए जाते है। जो लोग किसी भी तरह के संस्कार करवाना चाहते है वे शक्तिपीठ में संपर्क करे। वहीं चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में महिला पतंजलि योग समिति एवं भारत विकास परिषद की मातृशक्ति द्वारा हाउसिंग बोर्ड के विद्यालय के बच्चों को फल मिठाई व शिक्षण समग्री का वितरण कर उन्हे भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी दी। योग समिति की जिला संयोजिका पवन आर्य ने कहा कि हिंदू नव वर्ष हमारी सनातन संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि हम आने वाली पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को समझाने का संकल्प लें।









### माता का प्रस्थान भी होगा हाथी पर

चैत्र नवरात्र रविवार को शुरु होने के कारण मां अम्बे हाथी पर सवार होकर आएंगी और प्रस्थान भी हाथी पर बैठकर ही करेंगी। देवी पुराण के अनुसार जब मां दुर्गा की सवारी हाथी होती है तो यह एक बेहद ही शुभ संकेत माना जाता है। हाथी को सुख.समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता जब हाथी पर सवार होकर आती हैं तो यह किसानों के लिए एक बहुत ही शुभ संकेत होता है। इसका अर्थ है कि इस साल अच्छी फसल होगी।

## हिंदू धर्म यात्रा में साकार हुई सनातनी संस्कृति



**आबूरोड।** हिंदू नव वर्ष पर हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार शाम को हिंदू धर्म यात्रा निकाली गई। शांतिकुंज पार्क से डीजे व धार्मिक स्वर लहरियों के साथ निकली हिंदू धर्म यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई हिंदू धर्म यात्रा छोटी सब्जी मंडी स्थित चौराहे पहुंची। जहां महाआरती की गई। अर्बुदांचल की फिंजा रविवार सुबह से ही सनातनी संस्कृति से सरोबार रही। हिंदू नव वर्ष के चलते लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इसी के तहत हिंदू नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से शाम को शांतिकुंज पार्क से हिंदू धर्म यात्रा निकाली गई। डीजे व बैंडबाजों के साथ निकली हिंदू धर्म यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। माथे पर तिलक लगाए, गले में भगवा अंग वस्त्र डालें युवा भारत का बच्चा...बच्चा जयश्री राम बोलेगा..., की धुन पर थिरकते नजर आए। हाथों में केसरिया पताका लिए शोभायात्रा कई स्थानों से होकर निकली। जहां जगह जगह पर इसका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। हनुमान चालीसा पूर्ण होते ही हिंदू धर्म यात्रा ने बाजार में प्रवेश किया। मुख्य चौराहा, सदर बाजार होते हुए हिंदू धर्म यात्रा छोटी सब्जी मंडी के पास स्थित चौराहे पर पहुंची। जहां पर बनाए गए विशाल स्टेज पर महा आरती की गई। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से खाकी महकमा मुस्तैदी से तैनात रहा। हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सच्चिदानंद झा, समिति अध्यक्ष सरससिंह चौहान, सचिव गोविंद मालवीय, कार्यकारिणी सदस्य समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में सनातनी युवा मौजद थे। **इसी क्रम में** चैत्र नवरात्र का पर्व के तहत रविवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। मां से खुशहाली व मंगलकामनाएं की। नवरात्र का उपवास रखा। साथ ही हिन्दू नूतन वर्ष के चलते लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नौ दिन तक चलने वाले पर्व के पहले दिन लोगों ने शुभ मुहूर्त में नवरात्र व घट स्थापना की। शहर के रोडवेज डीपो अम्बाजी मंदिर, भद्रकाली मंदिर, तलहटी स्थित मुकरी माता मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने गुजरात के अम्बाजी शक्ति पीठ जाकर आशीर्वाद लिया। दिनभर निराहार रहकर उपवास किया। इसी तरह आसपास के ग्रामीण अंचलों किवरली, तरतोली, खड़ात, आमथला, ओर, डेरना, मूंगथला, गिरवर, आकराभट्टा, सांतपुर आदि में पर्व की धूम रही। नव वर्ष के चलते बाजार में दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आगे केसरिया ध्वज, स्वागत द्वार लगाए गए। बाजार केसरिया पताकाओं से अटा रहा। नव वर्ष के चलते मंदिरों में रैलमपेल रही।





**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक की ओर से वर्ष प्रतिपदा की शुभकामना मौली बांधकर, गुड खिलाकर एवं तिलक लगाकर दी। महालक्ष्मी मंदिर, हनुमान जी मंदिर, लीलाधारी महादेव मंदिर,विश्वकर्मा मंदिर पर रंगोली बनाई गई। संस्था प्रधान गमनाराम कुम्हार ने बताया कि इस दिन हिंदू नववर्ष मनाया जाता है एवं सबसे बड़े वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत होती है। वातावरण में बदलाव आता है। प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, आचार्य कांतिलाल, सुरेश कोली, योगेश रावल, जयंतीलाल, वालाराम, राजूराम, सोनाराम, विनोद कुमार,वजा राम,आचार्या नीता कुमारी,वर्षा पंचाल,मेघा वैष्णव,रमिला कुमारी, चंद्रिका कुमारी पुष्पा कंवर उपस्थित रहे





**पिण्डवाड़ा।** वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा पिण्डवाड़ा की प्रेरणा से वॉल्कम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से आदर्श विद्या मंदिर एवं लव कुश छात्रावास में वॉलकम इंडस्ट्रीज के महाप्रबंधक जगदीश तिवारी, नितिन भटनागर, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राकेश कांगटानी, संरक्षक डॉ सीराम, विजय गौतम, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, मनोहरलाल दहिया एवं वनवासी कल्याण परिषद की ओर से महेश व्यास, लादुराम गरासिया, अशोक सेन, सुरेन्द्रसिंह, जनजाति सुरक्षा मंच से धनाराम मीणा की उपथिति में दो आरओ मय टंकी ( वाटर प्यूरीफायर ) भेंट किए। महाप्रबंधक तिवारी ने वनवासी कल्याण परिषद के सेवा प्रकल्पों की सराहना कर वर्ष प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी प्रवीणसिंह, जसवंतसिंह, निर्मल गोश्वामी, प्रभुराम ओर विद्यालय की बहिने उपस्थित रही।

## निवेश उत्सव का आयोजन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस के तहत साप्ताहिक कार्यक्रमों के तहत सोमवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में राइजिंग राजस्थान इंपैक्ट 1.0 निवेश उत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण दोपहर 12 बजे से किया जाएगा व जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई ने दी।

## गांधीनगर व शहरवासियों को शीघ्र मिलेगा 24 घंटे पानी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रूडीप की ओर से भैंसासिंह बांध से शीघ्र ही पानी की मुख्य लाइन को जोड़ने का कार्य अंतिम चरण में है। पालिकाध्यक्ष मगनदान चरण ने रूडीप एवं एलएनटी के अधिकारियों के साथ भैंसासिंह बांध पर लगने वाले वाटर पंप हाउस प्लांट का मौका निरीक्षण किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि प्लांट का निर्माण करने के लिए प्लांट तक जाने में पहाड़ियों से पगडंडी का रास्ता था। जिसके तहत रोड बनाने के लिए रूडीप को फॉरेस्ट से परमिशन लेने में करीब चार वर्ष लग गए। जब यह समस्या उनके ध्यान में आई तो उन्होंने पूर्व विधायक जगसीराम कोली के साथ जयपुर में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा से मुलाकात की। समस्या का जल्द समाधान निकालने का आग्रह किया। इसके बाद फॉरेस्ट ने रूडीप को अनापत्ति पत्र जारी कर दिया। जिसके उपरांत अब रूडीप और एलएनटी द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कर प्लांट बनाने तक पहाड़ को काटकर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। चारण ने बताया कि शहर तक पानी ले जाने वाली मुख्य लाइन को प्लांट तक लाया जा चुका है। इसके बाद प्लांट को चालू करने के लिए विद्युत की अति आवश्यकता रहेगी। जिसके तहत रूडीप से विद्युत विभाग को भी लाइन लाने के लिए 45 लाख रुपए भरवा दिए हैं। पालिकाध्यक्ष ने रूडीप और एलएनटी को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। अब कुछ समय बाद शहर वासियों को चौबीस घंटे पानी उपलब्ध होगा। इस कार्य से खास कर गांधीनगर क्षेत्र को एक बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान रूडीप के अधिशाषी अभियंता पुष्पेंद्र सिंह, सहायक अभियंता विनय दीवान, एलएनटी प्रोजेक्ट ऑफिसर दिवाकर, पार्षद रितेश सिंह चौहान उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शीतल जल सेवा का शुभारम्भ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानव सेवा समिति की ओर से चैक पोस्ट पर शीतल जल सेवा प्रारम्भ की गई। संस्था सदस्यों ने शुभारंभ किया। अध्यक्ष महेन्द्र मरडिया ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में चैकपोस्ट पर अधिक मात्रा में मजदूर श्रमिक खड़े रहते है। साथ ही यात्री व वाहनों की भी काफी संख्या रहती है। जिससे वहां शीतल जल की अत्यधिक आवश्यकता रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा शीतल जल सेवा प्रारम्भ की गई। गत कई वर्षो से शीतल जल सेवा ग्रीष्म ऋतु में चलाई जा रही है। जल सेवा आवश्यकतानुसार सुचारू रूप से चालू रहेगी। जल सेवा शुभारम्भ के समय अध्यक्ष महेन्द्र मरडिया, सचिव अरूण सैन, उपाध्यक्ष भरत पंडित, कोषाध्यक्ष विवेक राजपुरोहित, भानसिंह चौहान, हरिमोहन गढ़वी, तुलसीदास वैष्णव, बसंत प्रजापत, राजेश ढाका, मोहनलाल प्रजापत, जोगेन्द्र चौधरी, नटवर पटेल, नगीनदास नायक, रमेश अग्रवाल, उमेश छंगाणी आदि मौजूद थे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भारतीय मजदूर संघ व भारतीय रेलवे मजदूर संघ से संबंधित संगठन उत्तर पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ के तत्वावधान में रविवार को रेलवे स्पोटर्स ग्राउंड में रेलवे प्रीमियर लीग नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 26 टीमें भाग ले रही है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी नरसाराम बामनिया, संजय सक्सेना, नरसाराम, भगवानदास व महेंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आगाज किया गया। प्रतियोगिता में आबूरोड रेलवे ग्राउंड के इतिहास में पहली बार महिला कर्मचारियों द्वारा क्रिकेट खेला गया। दुर्गेश शर्मा,नीमा देवी, शशि शर्मा, कविता, डिंपल, चंद्रा देवी, लक्ष्मी देवी, रजनी, खुश्बू, विनीता चौहान, घनिष्ठा, ज्योत्सना, श्रवण कुमार, मनीष सैनी,महिपाल सिंह,अनिल कुमार, राहुल जेलिया, ताराचंद, कांतिलाल, कैलाश कुमार, दिनेश कुमावत, मोहित श्रीवास्तव, पप्पूसिंह, प्रकाश विश्नोई, धर्मसिंह मीना, कुंभाराम, चिराग, अशोक कुमार,राजेन्द्र पटेल आदि मौजूद थे।

### अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** एक होटल में लायंस क्लब आबूरोड की आम सभा हुई। जिसमें वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अध्यक्ष भगवान अग्रवाल, सचिव भंवरसिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र भूषण शर्मा, विजय गोठवाल, मीडिया प्रभारी अनिल यादव, सह कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, सहसचिव दिनेश गर्ग, मेला प्रभारी रमन बंसल, नरेंद्र अग्रवाल आदि को निर्वाचित किया गया।

### डेढ़ महीने से जीवन मौत के बीच झूल रही बदकी देवी

गुजरात में करवाया उपचार, रुपए खत्म हुए तो पति ले आया घर

**विनोद दवे @ जागरूक टाइम्स**

**सरुपगंज।** रोहिड़ा के जगातरावाला फली की विवाहिता बदकी देवी 10 फरवरी को नई जमीन धनारी में बाइक और रिक्शा की टक्कर से गंभीर घायल हो गई थी। जिसको परिजन पालनपुर निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उसके सिर पर लगी चोट की वजह से दिमाग का एवं पैर के फैक्चर का आपरेशन किया। मगर जैसे ही रुपए खत्म हो गए तब वहां से उसे छुट्टी दे दी। जिस पर पति भरत कुमार पुत्र सोमाराम भील 3 मार्च को उसे घर लेकर आ गया।



#### सोशल मीडिया के माध्यम से की सहायता

बदकी देवी पत्नी भरतकुमार भील के घर पर गंभीर हालत में पड़े रहने की जानकारी भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतनलाल प्रजापत, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष सीमा प्रजापति, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश माली, गोविंद मालवीय एवं जीतू मालवीय को लगी उन्होंने विभिन्न स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुपों में पोस्ट कर बदकी देवी भील की मदद की गुहार लगाई। तो कुछ रुपए एकत्रित होने पर उसके उपचार के लिए सइकट्ठे कर उसके इलाज के लिए सहायता की गई।

#### चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना का नहीं मिला लाभ

बदकी देवी दुर्घटना में गंभीर घायल हुई थी। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही या उदयपुर रेफर करना चाहिए था मगर ऐसा नहीं कर पालनपुर गुजरात रेफर किया गया। जहां राज्य सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना लागू नहीं होने से निजी खर्चे से लाखों रुपए का उपचार किया गया। जब रुपए खत्म हो गए तो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बिना जानकारी के उसके परिवार को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ।

# राजस्थान की गौरवशाली परम्पराओं का सम्मान करने की ली शपथ

## राजस्थानी पगड़ी में नजर आए शिक्षक एवं छात्राएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में शनिवार को नो बैग डे पर राजस्थान दिवस कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.सुशीला बलौदा ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। शूरवीरों की धरती को नमन करते हुए उन्होंने प्रदेश के विकास एवं खुशहाली की कामना की। वरिष्ठ अध्यापक नवाब खान ने राजस्थान की गौरवशाली परम्पराओं का सम्मान करने की शपथ दिलाई। छात्राओं ने राजस्थानी गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्राएं राजस्थानी साफे में नजर आई। प्राचार्य अरुणा वशिष्ठ सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# सैनिक कॉलोनी श्री बालाजी मंदिर विकास समिति की साधारण सभा की बैठक हुई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री बालाजी मंदिर विकास समिति सैनिक कॉलोनी की साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष रणजीत सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई आयोजित बैठक



में कोषाध्यक्ष सतवीर कड़वासरा ने वित्त वर्ष 2024 25 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। साधारण सभा में वित्त वर्ष 2024 25 के लेख का अनुमोदन किया भामाशाह राकेश पूनिया सुलखनिया अध्यक्ष जाट भवन ने मंदिर परिसर में 20 बाई15 फुट हाल मय बरामदा निर्माण करवाने की घोषणा की डॉ जयलाल झाझडिया निदेशक झाझडिया हॉस्पिटल ने मंदिर परिसर में एक वाटर कूलर मय टंकी लगवाने की घोषणा की इस अवसर पर पुलिस के पूर्व वरिष्ठ हैंड रहे एवं पत्रकार रामप्रसाद कोठारी, सचिन बलवान शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, खडक़ सिंह पूनिया, सुरेंद्र पूनिया मारवाड़, सुमेर गोदारा, रण सिंह कड़वासरा, विनोद नैण ,लालचंद कालेरा,डॉ.जय लाल झाझडिया व विजय पूनिया आदि उपस्थित थे।

# जैन धर्म मानवता का धर्म हैं जो हर प्राणी और जीव मात्र के कल्याण के लिए सोचता हैं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पूरे विश्व में शांति , सामंजस्य और सौहार्द के लिए विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन आगामी 09-04-25 को पूरे विश्व के 6000 जगह पर किया जा रहा हैं । इन सभी स्थानों पर सामूहिक नवकार महामंत्र




का जाप किया जाएगा । नवकार महामंत्र गुण प्रधान हैं न की धर्म प्रधान । इस चेतना के लिए चूरू में नवकार कलश रथ यात्रा निकाली गई, जो पूरे राजस्थान प्रदेश से होती हुई आ रही है और विश्व में शांति , सौहार्द, सामंजस्य बढ़े इस भावना को वयक्त कर रही है । इस रथ यात्रा में आज तेरापंथ सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कोठारी व अणुव्रत समिति अध्यक्ष रचना कोठारी ने सक्रिय भूमिका निभाई व रथ यात्रा तेरापंथ भवन से सच्चियाय माता मंदिर तक इस संदेश को प्रेषित करते हुए चली। इस नवकार कलश रथ यात्रा में महावीर लखेरा, मुस्कान कोठारी, हेमराज कोठारी, शुभकरण कोठारी उमराव कोठारी नानू सिंघी राजश्री सिंघी उर्मिला कोठारी, मुन्नी देवी डागा, छतर सिंह डागा, प्रवीण बेद, संजय बरडिया, सुरेंद्र कोठारी, विकास बेद, चैनरूप बेद, आदि सभी लोगों ने हिस्सा लिया। आप श्री से अनुरोध हैं की इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग देवे और आगामी 09-04-25 को चूरू क्षेत्र में नवकार महामंत्र के आयोजन मैं शामिल होकर इस दिन को ऐतिहासिक बनाएं।

# महर्षि गौतम न्याय शास्त्र रचयिता की जयंती मनाई

सादुलपुर। वर्ष प्रतिपदा 2082नव वर्ष महर्षि गौतम न्याय शास्त्र रचियता की



जयंती हरिराम बाबा के मंदिर मे गुजर गोड़ विप्र समाज ने जगदीश वत्स की अध्यक्षता मे मनाई गई गौतम ऋषि ने ही तपस्या कर त्रयम के स्वर महादेव शिव की स्थापना की थी समाज क़े महिला पुरुष ने आरती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया एडवोकेट बृजमोहन ने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर मदन लाल उपाध्याय ओमप्रकाश शंकर लाल पवन सरोज सीता माता व पुष्पा माता मौजूद थी।

# अजमेर के विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** पूज्य झूलेलाल जयन्ती समारोह समिति द्वारा चलाये जा रहे चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव के नवें दिन चेटीचंड उत्सव पर प्रभात फेरी, झांकियां, हवन, मुण्डन, जनेउ, टिप्पणे का विमोचन, प्रसाद वितरण के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पंचायतों व संस्थाओं द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया।

सिन्धी समाज महासमिति, अजमेर, भारतीय सिन्धु सभा अजयमेरू, सिन्धु समिति अजमेर, अजमेर सिंधी सेंट्रल महासमिति, अजयनगर सिन्धी समाज, वैशाली सिन्धी सेवा समिति, पूज्य सिन्धी पंचायत, पंचशील, आदर्श सिन्धी पंचायत, आदर्श नगर, सिन्धी लेडिज क्लब अजमेर, सिन्धु विकास समिति, चंदवरदायी, सिन्धु सोशल वेलफेयर सो. नाका मदार, श्री अमरापुर सेवा घर, कोटड़ा, सिन्धु ज्योति सेवा समिति, अजमेर, झूलेलाल सेवा समिति, जे.पी. नगर, चन्द्र रूपाणी एण्ड पार्टी, अजमेर, नवयुवक सेवा मण्डल-आशा गंज, पूज्य सिन्धी पंचायत धोला भाटा, संत कंवरराम मंडल, अजमेर, श्री आलकेश्वर महोदव मंदिर अम्बे विहार, सिन्धी समाज रामगंज, अजमेर, क्षेत्रिय सिन्धी समिति फायसागर रोड, सिन्धी इतिहास व साहित्य शोध संस्थान, पूज्य सिन्धी पंचायत शास्त्री नगर, सिन्धी बोली विकास समिति, द स्मार्ट



अजमेरियन, अजमेर, राष्ट्रीय जन सेवा समिति परिवार, ऑल इण्डिया स्मॉल एण्ड मीडियम जर्नलस्टि वेलफेयर एसोसिएशन, पडाव परचूनी किराना एसोसिएशन, हरी सुन्दर उच्च माध्यमिक विद्यालय, सन्त कवंरराम उ.मा. विद्यालय, स्वामी सर्वानन्द विद्यालय, सुधार सभा ने चेटीचंड जुलूस का स्वागत किया।

**पदाधिकारियों द्वारा किया गया स्वागतः** कंवल प्रकाश किशनानी, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, लाल नाथानी, महेश तेजवाणी, नरेन शाहणी भगत, भगवान कलवाणी, गिरधर तेजवाणी, हरीश झामनाणी, ईश्वर ठाराणी, गुरबक्ष मीराणी, नारायणदास थदाणी, रामचन्द गुलाबाणी, कुसुम आर्य, प्रकाश मूलचन्दाणी, दयाल शेवाणी, भगवान चन्दीराम, जी.डी. वृंदाणी, दिशा किशनानी, जगदीश अबीचंदाणी, शंकर बदलानी, रमेश टिलवाणी, पुष्पा साधवाणी नरेन्द्र बसराणी मंघाराम भिरयाणी, अजीत पमनाणी, प्रकाश जेठरा, ओम हीरानंदाणी, के.टी.वाधवाणी, अंजली हरवाणी, गोविन्द छतवाणी, रमेश वलीरामाणी आसनदास पारवाणी, जयप्रकाश मंघाणी, महेश ईसराणी, रमेश एच. लालवाणी, कमल शाहणी, विनोद आसनाणी,सोनू निरंकारी, अनिल आसनाणी, राजेश किशनाणी, चन्द्र रूपाणी, पुरूषोतम तेजवाणी, कैलाश लखवाणी, हरकिशन टेकचन्दाणी, जयकिशन लख्याणी, मोती जेठाणी, दीपक साधवाणी, नारी वाघाणी, दिनेश मुरजाणी, मधुष चौधरी, एम.टी. वाधवाणी, तुलसी सोनी, मनोज भंभाणी, महेश टेकचंदाणी, प्रकाश हिंगोराणी, रमेश मेंघाणी, चन्दर नावाणी, हरिराम कोडवाणी, मोहन चेलाणी, मोहन लालवाणी, बलराम हरलाणी, सुनील मोतियाणी, ईसर भम्भाणी, महेन्द्र (राजू) मनकाणी, गोविन्द मनवाणी, प्रेम केवलरामाणी, किशन बालाणी, रमेश चेलाणी,घनश्याम भगत, देवीदास साजनाणी, डॉ. भरत छबलाणी, मोहन तुल्सियाणी, हरीश केवलरामाणी, मोहन कोटवाणी, राम केसवाणी, ईश्वर मूलचन्दाणी, डॉ. लक्ष्मी ठाकुर, कमला गोकलाणी, हेमलता खत्री, रश्मि हिंगोराणी, निशा जेसवाणी, महेश्वरी गोस्वामी, सरस्वती मूरजाणी, रूकमणी वतवाणी, शांता भिरयाणी, कौशल्या कुंदनाणी, श्वेता शर्मा, निशा भाटिया, कमला विधाणी, गौरव मीरवाणी, सतीश कलवाणी, गिरीश लालवाणी, सोना धनवाणी, किशोर कन्हैया लाल, दिलीप भूराणी, खेमचन्द नारवाणी, वासुदेव कुंदनाणी, डॉ. राजेश टेकचंदाणी, महेश चोटराणी, दिलीप थदाणी, दिलीप बूलचंदाणी, दौलत लौंगाणी, दिलीप मंघनाणी (शक्कू), भरत गोकलाणी, किशोर टेकवाणी, अजीत मूलाणी, लक्ष्मणदास दोलताणी, महेश सुजनाणी, घनश्याम टेहलीयाणी, राजेन्द्र प्रसाद जयसिंगाणी, भीष्म मोदियाणी, राजेश गिदवाणी, गोविन्द मनवाणी, ओमप्रकाश देवाणी ने स्वागत किया।

# सीआई राजेश सिहाग एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में प्रमुख स्वयंसेवी संगठन सौरव एनएसएम यूथ जागृति संस्थान की ओर से विशेष कार्यक्रम रखा गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नीलम पूनियां के पुत्र सौरव की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह भी हुआ। समारोह की अध्यक्षता जयपुर के विकास फाउंडेशन निदेशक विकास सिरोही ने की तथा अतिथि गण वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, चूरू के विधायक हरलाल सहारण एवं पद्मभूषण देवेंद्र झाझडिया थे कार्यक्रम में पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, जिला मंत्री कौशल पूनियां, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड़,

# हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया

## तिलक लगाकर दी नवरात्रा पर्व और नव वर्ष की शुभकामनाये

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** रविवार को हिन्दू नव वर्ष नवसंवत्सर के रूप में धूमधाम से



मनाया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद द्वारा होलिका चौक पर भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर लगाकर दरबार सजाया गया और भगवा पताका फहराई गई। होलिका चौक पर परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा राहगीरो को तिलक लगाकर नवसंवत्सर और नवरात्रा पर्व की बधाई दी गई। भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा वाहन चालकों व राहगीरों को रोली का तिलक लगाया गया। हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार रात्रि भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता ने भजन संध्या और हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जिसमे अनेक लोगो ने भाग लिया । होलिका चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के ओम प्रकाश स्वामी ,बजरंग लाल स्वामी, राजकुमार सरावगी, पवन जाखड़, सुभाष स्वामी, राजपाल वर्मा, कन्हैया लाल दायमा, राधेश्याम शर्मा, बसंत तोसनीवाल समेत अनेक कार्यकर्ताओ ने राहगीरो को तिलक लगाकर नवरात्रा पर्व और हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । परिषद के कार्यकर्ता ने नागरिकों को सहयोग, समर्पण और संस्कार की सीख दी।

# राजस्थान दिवस पर रन फॉर फीट राजस्थान का आयोजन, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

## युवाओं के साथ जिला कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों ने भी लगाई दौड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** रविवार को राजस्थान दिवस 2025 के अवसर पर हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर रन फॉर फीट राजस्थान दौड़ का आयोजन किया गया। जिलेभर के युवाओं, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों सहित सभी उम्र के लोगों ने इसमें भाग लिया। रविवार को प्रात- यह दौड़ राजीव गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर जाट कन्या छात्रावास, करणी चौक, अबोहर बाईपास मार्ग, स्टेडियम की बाउंड्री, जिला परिषद, जिला कलक्ट्रेट, परशुराम चौक से होते हुए पुन- राजीव गांधी स्टेडियम पर संपन्न हुई। दौड़ को जिला कलेक्टर काना राम ,विधायक



गणेशराज बंसल, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, भाजपा नेता अमित सहू ने हरी झंडी दिखाई। युवाओं के साथ ही जिला कलेक्टर, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी दौड़ लगाई। इस दौड़ में आयु के अनुसार तीन वर्गों 14-18 वर्ष, 18-45 वर्ष महिला/पुरुष, और 45 वर्ष से अधिक के विजेताओं को सम्मानित किया गया। दौड़ के उपरांत जिला कलेक्टर ने राजस्थान दिवस एवं मानस नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाए। नशे से दूर रहे तथा आमजन को इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर जिला कलेक्टर सहित सीईओ ओपी बिश्नोई, जनप्रतिनिधि विकास गुप्ता, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, नगरपरिषद आयुक्त सुरेंद यादव, कृषि मार्केटिंग उपनिदेशक देवीलाल कालवा, जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह मौजूद रहें।



राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव जिला स्तरीय कार्यक्रम

# ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर राधा बड़ी सरपंच को किया सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव की श्रृंखला में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा एवं सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना की अध्यक्षता में टाउन हॉल चुरु में आयोजित हुआ यह कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश के कार्यक्रम से जुड़ा रहा इस दौरान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा की प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सरकार समग्र प्रयास कर रही है सुशासन और विकास उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की चूरू विधायक हरलाल सहारण ने भी अपने विचार रखें एवं कहा की प्रदेश में डबल इंजन की सरकार मजबूती से विकास कार्य कर रही है और प्रदेश का मजबूती से विकास हो रहा है कार्यक्रम के तहत चुरू जिले की विरासत एवं वनस्पति के बारे में भी चर्चा की गई इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त की राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में हुए साप्ताहिक महोत्सव कार्यक्रम में टाउन हॉल मे राधा बड़ी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने एवं ग्राम पंचायत का समग्र विकास के प्रति अपनी अहम भूमिका निभाने में अग्रणी रहे समाजसेवी एवं भामाशाह सरपंच रामनिवास मितड को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना एवं जिला प्रमुख वंदना आर्य चूरू विधायक हरलाल सारण व भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा की मौजूदगी में सम्मानित किया गया सरपंच ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया एवं ग्राम पंचायत में अपने कार्यकाल में और भी अधिकाधिक विकास कार्य करवाने का आश्वासन दिया इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं भाजपा के चूरू विधायक हरलाल सहारण एवं पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पटवारी-बीमा कंपनी ने सर्वे क्रॉप कटिंग से किया गेहूं की फसल का आंकलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र भाकरां में गेहूं की फसल तैयार होते ही फसल कटाई का कार्य शुरू होने जा रहा है किसानों को फसल में हुए नफे नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा मिले इसको लेकर पटवारी और बीमा कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा



खेतों में गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग की जा रही है पटवारी बलवीर लूनिया ने बताया की तहसील के राधा बड़ी ग्राम के गांव भाकरां रोही में आवंटित खसरा संख्या 123 कृषक बनवारी लाल के खेत में क्रॉप कटिंग की गई बीमा कंपनी के प्रतिनिधि प्रीतम कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत के प्रत्येक गांव में 5 बाई 5 मीटर का फील्ड नाप कर उस फसल की कटाई करके बंडल बनाकर गिल्ली फसल का नापतोल किया जाता है इसके बाद थ्रेशिंग कर बीज दाने निकाले जाते हैं फिर उस दोनों को तौलकर कर उसका उत्पादन औसत निकालते हैं इस आधार पर किसानों को फसल खराबे का मुआवजा और क्लेम मिलता है सहायक रजनीकांत रजनीकांत लूनिया ने कहा कि काश्तकारों को फसल खराबे की सूचना सही समय पर देनी चाहिए उन्होंने बताया कि किसानों को मृदा परीक्षण कराने और समय पर उर्वरक संतुलन बनाए रखने का आग्रह किया जिससे आने वाले समय में फसल उत्पादन को बेहतर किया जा सके इस दौरान पटवारी बलवीर लूनिया सहायक रजनीकांत लूनिया बीमा कंपनी प्रतिनिधि प्रीतम सिंह व काश्तकार सुमन देवी प्रियंका भी मौजूद रही।

# समाजसेवी श्याम जैन का अभिनंदन

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं जैन समाज के सेवाभावी व्यक्तित्व श्याम जैन का शनिवार रात्रि को अभिनंदन किया गया। महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित सेठिया भवन सादुलपुर में



आचार्य श्री महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती के सानिध्य में कार्यक्रम में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की ओर से श्याम जैन के लिए यह आयोजन रखा गया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी ने अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए कहा कि आज के समय में अर्थ की कमी नहीं है कमी है तो सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं की है। हमें गर्व और गौरव है कि यहां के समाज में श्याम जैन जैसे वरिष्ठ समर्पित कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सभा अध्यक्ष कोठारी के साथ मंत्री विनोद कोचर, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद दूगड़ सहित कन्हैयालाल मालू, खुमाणचन्द धाडेवा, संदीप घोड़ावत, जगत सिंह कोठारी, किशन धाडेवा, श्रवण कोचर, नवीन सेठिया आदि ने श्याम जैन को अभिनन्दन पत्र तथा अष्ट मंगल रजत प्रतीक चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री ऊषा दुगड़ ने किया।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम में गुड्डी पूरवा भारतीय नव वर्ष धूमधाम से मनाया

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में नवरात्री क़े प्रथम दिन प्रजापिता ब्राह्मकुमारी




ईश्वरीय विश्व विद्यालय सादुलपुर मे गुड़ी पुरवा व भारतीय नव वर्ष पर्व को धूम धाम से मनाया गया बीके शोभा बहिन ने गुड़ी परवा का अर्थ व महत्व बताया प्रताप भोजानिया व एडवोकेट बृजमोहन शर्मा ने विचार व्यक्त कीये इस अवसर पर डॉ राजेंद्र, शीशराम प्रजापत,सुरेश ,जगदीश आदि उपस्थित रहे।

# श्री छावणी नरेश बालजी सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम पर रूपरेखा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री छावणी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यकर्मो को लेकर रविवार को अमित कुमार महमिया की अध्यक्षता मे महमिया निवास पर बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्यरूप से 11अप्रेल को समिति द्वारा लड्डू गोपाल व निशान यात्रा की त्यारी पर चर्चा की गई।

सेवा समिति के व्यवस्थापक शशिकांत महमिया ने बताया की बैठक मे 11अप्रेल को सायं 3बजे श्री श्याम मंदिर धाम से निकलने वाली लड्डू गोपाल व निशान यात्रा मे भाग लेने वाली महिलाओ का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर दिये गये है जो महिला शोभा यात्रा मे लड्डू गोपालजी व निशान लेकर भाग लेना चाहती है वह मंदिर से व रिंकी पंसारी से निशुल्क रजिस्टेशन कराकर कूपन प्राप्त कर सकती है।महमिया ने बताया की प्रति वर्ष की भांति इस बार भी यात्रा मंदिर पहुंचने के पश्चात दिये गये कूपन मे से लक्की ड्रा निकले जायेगे। बैठक मे



12 अप्रेल को होने वाले नवचंडी महायज्ञ पर भी चर्चा की जिसमे मुख्य यजमान प्रमोद कुमार खांडेलिया बनाया गया है था पहले दिन अखंड रामायण का मुख्य यजमान नन्द किशोर जालान होंगे। दो दिवसीय इस आयोजन को सफल बनाने के लिये सभी कार्य कर्ताओ को अलग अलग जिम्मेदरिया सौपी गई है।

बैठक मे शोभायात्रा के रूट पर चर्चा हुई जिसमे शोभा यात्रा श्याम मंदिर से प्रारम्भ होकर आदर्श बाल निकेतन, चुणा चौक, गाँधी चौक से मोदी रोड़ होते हुए कमल हाइट्स के पास से बावलिया की बगिची से गाँधी पार्क के पास से खादी भंडार के सामने से छावणी बाजार मे मंदिर परिसर पहुँचेगी। रास्ते मे समाज सेवकों द्वारा स्टाल लगाकर पेय पदार्थ की भी व्यवस्थाओ पर भी चर्चा की गई। बैठक मे वरिष्ठ कार्यकर्त्ता प्रमोद खांडेलिया, तरुण खंडेलिया, कन्हया लाल पंसारी, रिंकी पंसारी, अमित महमिया, तनुष महमिया, नन्द लाल सोनो, बजरंग लाल सोनी, नीलेश महमिया, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी थे।

# राजस्थान दिवस पर स्वर साधना ग्रुप का विशेष गीत हुआ लॉन्च

**बाड़ी।** राजस्थान दिवस के शुभ अवसर पर स्वर साधना ग्रुप एंड क्लासेस ने एक विशेष गीत लॉन्च किया है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास को समर्पित है।

इस गीत के लेखक प्रसिद्ध कवि रामवकील प्रताप हैं। जिन्होंने अपनी कलम से राजस्थान की शौर्यगाथा को जीवंत किया है। और गीत को सुरों से सजाने का कार्य प्रतिभाशाली गायिकाओं राशि अग्रवाल,तनुजा बघेल और रजनी सिंघल ने किया है। जिन्होंने अपनी सधी हुई आवाज से इसे भावनात्मक ऊंचाइयों तक पहुँचाया। संगीत के प्रति उनके समर्पण और उत्कृष्ट गायन ने इस गीत को और भी प्रभावशाली बना दिया। लोक संगीत की मिठास को बनाए रखने के लिए अमन शर्मा ने ढोलक पर बेहतरीन संगत दी।

### राज्यपाल बागडे का रणकपुर जैन तीर्थ दौरा

# 1444 स्तंभों वाले मंदिर में की पूजा, शिल्पकला को सराहा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को पाली जिले के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रणकपुर जैन तीर्थ का दौरा किया। उन्होंने मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन कर भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने मंदिर के मुख्य पुजारी से इसके निर्माण और विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सेठ धना शाह द्वारा निर्मित 1444 स्तंभों वाला यह मंदिर बेजोड़ शिल्पकारी का अद्भुत नमूना है। यह मंदिर भव्य, विशाल और शांति प्रदान करने वाला है।

सेलों ग्रुप के प्रदीप राठौड़ ट्रस्ट कमेटी के प्रतिनिधि रमेश रांका और हितेंद्र खींचा ने माल्यार्पण कर साफा पहनाकर राज्यपाल का स्वागत किया। पुलिस के जवानों ने बैंड के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल उदयपुर के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, एडीएम बाली शैलेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी बाली दिनेश विश्नोई और ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# खिंवाड़ा हुआ भगवामय, प्रभात फेरी व कलश यात्रा निकली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** भारतीय नवसंवत्सर के मौके पर रविवार को कस्बे में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। आदर्श विद्या मंदिर, सेवा भारती व नववर्ष स्वागत समिति के कार्यकर्ताओं ने कस्बे के हर घर व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर ओम अंकित पताकाएं लगाने के साथ-साथ ओम अंकन किया गया। इस मौके पर आदर्श विद्या मंदिर के छात्रों ने कस्बे के केशव नगर, बस स्टैंड, मेन बाजार, मुख्य बाजार, कटलेरी बाजार, श्रीराम चौक सहित मुख्य मार्गों से होकर एक रैली निकालकर नववर्ष के घोष लगाकर भारतीय नवसंवत्सर का महत्व बताया। साथ ही विद्यालय की बालिकाओं व अध्यापिकाओं ने कस्बे के सभी बाजारों व गली-मौहल्लों में जाकर तिलक लगा मीठा मुंह करवाया गया। इस मौके पर नेनाराम, रणछौड़ बंजारा, मोहनलाल देवासी, विजय सोनी, विशाल सुथार, सौरभ मेवाड़ा, महावीर जैन, खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी, संगीता मेवाड़ा, अशोक सोनी, जितेन्द्र सुथार, सज्जन वैष्णव सहित कई लोग उपस्थित थे।



# कच्ची झोपड़ी में लगी आग



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- गेहूं कटाई पर गया परिवार, सारा सामान जला
- 10 बोरी गेहूं और चार बोरी मक्का भी खाक

**बाली।** बाली उपखंड के नाना थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रामपुरा पंचायत के गांव में प्रवीण कुमार काना राम गरासिया की कच्ची झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई।

घटना के समय परिवार के सभी सदस्य गेहूं की कटाई के लिए मजदूरी पर गए हुए थे। आग इतनी भीषण थी कि घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। इसमें परिवार के कपड़े, बिस्तर, पलंग और अन्य जरूरी सामान के साथ 10 बोरी गेहूं और चार बोरी मक्का भी जल गए। स्थानीय लोगों ने हैंडपंप से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। रामपुरा के सरपंच कैलाश गरासिया ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर पीड़ित श्रमिक परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री सहायता कोष से मदद मिले तो गरीब परिवार का घर फिर से बस सकता है।

### चैत्रीय नवरात्रा महोत्सव

# आशापुरा माता के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** राज राजेश्वरी माता आशापुरा पाट स्थल नाडोल मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रा स्थापना को आचार्य परमानंद जोशी, नटवरलाल त्रिवेदी के मंत्रोच्चार द्वारा यजमानों को हवन कराया। नवरात्रि में दूर दराज से हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। नवरात्रा स्थापना को महा प्रसादी मोरनी साड़ी सूरत की तरफ व्यवस्था श्रदालुओं के लिए की गई। आशापुरा पाट स्थान ट्रस्ट ने बताया कि आशापुरा ट्रस्ट अध्यक्ष करणसिंह उचियारड़ा के निर्देशन मंदिर में निर्माण मास्टर प्लान के अनुसार होने जा रहा है। नया द्वार, कोरिडोर, भोजनशाला, सत्संग भवन, गौशाला, पार्किंग धर्मशाला का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर आशापुरा माताजी ट्रस्ट व्यवस्थापक लालसिंह शक्तावत, पूजारी जयसिंह राजपुरोहित, योगेन्द्रसिह सहित ट्रस्ट मंडल चैत्र नवरात्रि को श्रदालुओं के लिए अतम व्यवस्था की रखी है।

# हिंदू नववर्ष पर सोमेसर में उमड़ा जनसैलाब

**प्रभात फेरी और रंगोली से विक्रम संवत 2082 का भव्य स्वागत**

**सोमेसर।** सोमेसर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रम संवत 2082 का स्वागत धूमधाम से किया गया। सुबह से ही कई गांवों में प्रभात फेरी निकाली गई। स्थानीय लोगों ने मुख्य द्वार, चौराहों और मंदिरों को रंगोली व तोरण से सजाया। गांव में आने वाले लोगों का कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

बूसी गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने गांव के प्रमुख मार्गों और मंदिर परिसरों में भगवा ध्वज फहराया। रंगोली बनाकर वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पाली खंड प्रचार प्रमुख कुलदीप और बूसी उपखंड कार्यवाह अर्जुन मौजूद रहे। मंडल कार्यवाह नरेंद्र और सह मंडल कार्यवाह शैतानसिंह भी शामिल हुए। विद्यार्थी शाखा के मुख्य शिक्षक प्रवीण, शाखा कार्यवाह नरेश, मोहनलाल, केदार त्रिवेदी, शंकरसिंह राजपुरोहित और श्रवण कुमार ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ

# उद्घाटन मैच मयूर एकेडमी ने जीता



**सुमेरपुर।** नगर के शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान में शनिवार रात पहली मल्टी फॉरमैट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा के सानिध्य में संपन्न हुआ। मेवाड़ा ने पहली बॉल खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी की गई। पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुमेरपुर क्षेत्र में ऐसा पहली बार होगा कि एक ही प्रतियोगिता में अलग-अलग फॉर्मेट में मैच खेले जाएंगे। जिसमें आठ साल के बच्चों से लेकर 60 साल तक के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना एवं अनुशासन के साथ खेलने की सीख दी। आयोजन समिति का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे बड़े आयोजन करवाने से स्थानीय खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का एक प्लेटफॉर्म मिलता हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजक जगदीश राजपुरोहित एवं मनोहर देवड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सौ से ज्यादा टीमें व पंद्रह सौ खिलाड़ी भाग लेंगे। सबसे पहले चौदह वर्षीय बच्चों एवं गर्ल्स के मैच होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेएनवीयू जोधपुर के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील चौधरी ने कहा कि सुमेरपुर जैसे छोटे कस्बे में इतने बड़े आयोजन का होना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। टूर्नामेंट के शुरुआत में ही छोटे-छोटे बच्चों को खेलते हुए देखना बेहद सुखद पल है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में राजपुरोहित विकास समिति अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राजपुरोहित, विनायक सेवा संस्था के अध्यक्ष पुष्पकांत मेवाड़ा, मान सिंह खिवांदी, हरेंद्र चौधरी, विकास सीपा, विनोद पारख, कपिल लूणिया, कांतिभाई पारख, शेरू भाई पारख, नमानिधि फार्मा से पूराराम देवासी, गलथनी उपसरपंच मान सिंह, देवेंद्र सिंह, भवानी सिंह पुराड़ा और साहिल मौजूद रहे।

### उद्घाटन मैच मयूर एकेडमी ने जीता

कमेटी सदस्य सत्येंद्र सिंह राजपुरोहित एवं पुष्पकांत मेवाड़ा ने बताया कि यह पूरी प्रतियोगिता आईपीएल की तर्ज पर होगी। कमेटी सदस्य मान सिंह खिवांदी व शैतान कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच मयूर एकेडमी एवं भेरू दादा के बीच खेला गया, जिसमें मयूर एकेडमी ने मैच जीता, दूसरा मैच सुमेरपुर स्ट्राइकर्स एवं शेरा सुपर क्वीन के बीच खेला गया जिसमें शेरा सुपर क्वीन विजेता रही।

### यह रहे मौजूद

प्रतियोगिता में पहली बार अजमेर से फीमेल अंपायर जया कोरानी अम्पायरिंग करेगी। इस अवसर पर कमेटी सदस्य शैतान कुमार, जगदीश राजगुरू, जय किशन कुम्पावत, अशरफ अली, दीपक चावरिया, अनवर पठान, रवि चौहान, गोविंद मेघवाल, डूंगरदास, मनीष चावरिया, मीठालाल मीणा, हितेश मीणा, आयुष, सिद्धार्थ चावरिया, हेमेन्द्र सिंह, आशीष देवड़ा, नवाब खान, लकी सिंह, राजपाल मीणा, टीनू पठान, अज्जू, अरशद खान, राजा और सुलेमान मौजूद रहे।

# हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा

**बाली।** स्वामी विवेकानंद युवा प्रतिष्ठान गिरगांव के तत्वाधान में गुढ़ी पाडवा ( वर्ष प्रतिपदा) हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा शुरू फड़के गणपति मंदिर सिक्का नगर, ठाकुर द्वार,चीरा बाजार से मेट्रो सिनेमा समापन हुई। शोभा यात्रा में सैकड़ों देश प्रेरित झांकियां, ढोल, बाइक रैली एवं हजारों की तादात में हिंदू धर्म प्रेमियों का समावेश रहा। राजस्थानी बंधुओं का शोभा यात्रा म समावेश रहा। नरेन्द्र परमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा प्रतिष्ठान गिरगांव का आयोजन हर वर्ष सराहनीय एवं प्रेरणा दायक रहता है। हर जाति, प्रांत, महापुरुषों एवं देश के ख्याति प्राप्त महानुभावों एवं देश की संस्कृति युक्त झांकियों का समावेश रहता है। यात्रा में हिंदू युवक एवं युवतियां प्रांतीय वेशभूषा, महापुरुषों की वेशभूषा में उपस्थित रहते है। कार्यक्रम में श्रीधर अगरकर नरेन्द्र परमार संयोजक, मारवाड़ एकता परिषद मुंबई राजस्थान , रितेश जैन, भव्य जैन एवं सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वामी विवेकानंद युवा प्रतिष्ठान गिरगांव के हर सदस्य का सहयोग रहा।



# मंदिरों सहित घर-घर में घट स्थापना

**साण्डेराव।** मां दुर्गा की साधना-आराधना व पूजा का पर्व चैत्रीय नवरात्रा महोत्सव रविवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ शुरू हुआ। स्थानीय कस्बे में स्थित दुदे ली माताजी,राणी भटियाणी,बायोसा माताजी व अंबिका मंदिर सहित मॉ भवानी के प्रमुख मंदिरों में चैत्रीय नवरात्रा महोत्सव के घट स्थापना पर दिन भर श्रद्धालुओं की रेलमपेल लगी रही,मंदिरों में पुजारियों के साथ श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर मॉ दुर्गा की प्रतिमा को विशेष रूप से आकर्षित श्रृंगार कर शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर मॉ भवानी की पूजा अर्चना कर खुशहाली की मन्नतें मांगी। ज्यादातर महिलाओं ने अपने-अपने घरों में घट स्थापना के साथ ज्वारारोपण के बाद मॉ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना कर व्रत उपवास खोलें।अम्बिका मंदिर परिसर में संत मनसुख हिरापुरीजी महाराज की पावन निश्रा में पंडित कांतिलाल ओझा के साथ ब्रह्माणों ने मुख्य यजमानों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना करवाते हुए महाआरती कर मां अम्बे कों भोग लगाकर प्रसाद वितरित की। इस दौरान दूर-दूर से पहुंची महिलाओं ने भजन कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# हिन्दू नववर्ष पर लोगों को तिलक लगाकर दी बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** रविवार को फालना शहर में हिंदू नववर्ष पर आज लोगों ने गले मिलकर एवं लोगो को तिलक लगाकर एवम् एक दूसरे को गुड खिला कर बधाई दी इस अवसर पर व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा ने बताया की विक्रमी संवत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं जगत जननी माँ दुर्गा की आराधना एवं उपासना के महापर्व 'चैत्र नवरात्र' की आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा की अनुकंपा से हम सभी का जीवन सुख,शांति एवं आरोग्यता से परिपूर्ण हो, यही मंगलकामना है इस अवसर पर उद्योग व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष देवेंद्र सीदावत, अमित मेहता, घिसा राम चौधरी, शैतान सिंह खिदारा गांव, सुमेर सिंह मेड़तिया, प्रयंक अग्रवाल डुगर सिंह भाटी, प्रकाश कुमार रघुबीर सिंह देवड़ा, भंवर चौधरी, भोपाल सिंह सिसोदिया आदि लोग हिन्दू नववर्ष के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# सुमेरपुर : नागणेशी माताजी पैदल संघ का स्वागत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सिरोही जिले के नांदिया गांव से नागणेशी माता दर्शनार्थ निकले पैदल संघ के रविवार को सुमेरपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। भरत राठौड़ सुमेरपुर में बताया कि नागणेशी माताजी पैदल संघ 2025 नांदिया गांव से रवाना होकर पालड़ी एम होते हुए तीन अप्रेल को नागाणा धाम पहुंचेगा। पैदल संघ में शामिल भक्त दलाराम, राजु भाई, प्रकाश कुमार, महेन्द्र भाई, पिनटेश भाई, गजाराम, दिनेश भाई, मोहन, जीतु भाई, रघुवीर सिंह, तेजाराम राठौर, संतोष राठौड़, अर्जुन राठौड़, विक्रम राठौड़ का बहुमान किया गया। उन्होंने बताया कि पैदल संघ में करीब 200 भक्तजन डीजे की धून पर नाचते-गाते नागाणा धाम के लिए रवाना हुए।

# किसान की गेहूं की फसल जलकर नष्ट

**बाली।** बीजापुर में एक किसान की खेत में रखी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई है। घटना किसान विजयसिंह धनसिंह राजपूत के खेत में हुई। जानकारी के अनुसार, रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने खलिहान में रखी गेहूं की फसल में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि पूरी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से किसान को लगभग दो से 2.25 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। पीड़ित किसान की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पंचनामा बनाया और आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है।



# बूसी गांव की भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**सोमेसर।** सोमेसर कस्बे के बूसी गांव में शनिवार की रात भजन संध्या का आयोजन किया गया। कुम्हारों के वास में आयोजित इस कार्यक्रम में पाली से आए हेमेंद्र राजपुरोहित एंड पार्टी ने श्रोताओं को भक्तिमय माहौल में डुबो दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुरब धणी की विशेष पूजा-अर्चना से हुई। भजन गायक किशोर चौहान ने गणपति वंदना 'म्हारो विघ्न हरो महाराज' और 'गुरु महिमा थारे भरोसे चाले सतगुरु मारी नाव' से कार्यक्रम का आगाज किया। हेमेंद्र राजपुरोहित ने 'गुरु सा बीना कौन प्रेम जल पावे' और 'थाने शिवरू पवन कुमार बजरंग बाला' सहित माताजी, भेरुजी और पुरबजी के भजनों की प्रस्तुति दी। इन भजनों पर बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी झूमते नजर आए। कार्यक्रम में मिश्रीलाल, चम्पालाल, खींमाराम प्रजापत, दिनेश मालवीय, मनवीर सैन, प्रकाश प्रजापत, राजू मीणा, सुरेश प्रजापत, अशोक, उत्तम और ललित सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने देर रात तक आध्यात्मिक आनंद का रसपान किया।



### जूनीधाम खेतल धणी के दरबार मे हजारों भक्तों ने लगाई धोक

# सोनाणा खेतलाजी मेला में रात्रि को भक्ति संगीत में सजा सुरों का संसार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** निकटवर्ती सोनाणा गांव में स्थित लोक देवता जूनीधाम श्री खेतलाजी का दो दिवसीय विशाल मेला शनिवार की शाम महाआरती के साथ शुरू हो गया। जिसमें खेतल धणी की आस्था को लेकर भक्तों का जन उमड़ पड़ा। वहीं शनिवार की शाम आयोजित विशाल भजन संध्या में स्थित हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सरोबार कर दिया। वहीं रातभर जूनीधाम खेतलाजी दरबार में भक्ति को सरिता बहती रही। रविवार की सुबह धूमधाम के साथ मंदिर पर ध्वजारोहण कर वरघोड़ा निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खेतलधणी के दरबार में पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। सोनाणा जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि जन-जन के आस्था के प्रतिक श्री सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम आधार स्तंभ प्रेरणा स्रोत स्व. ओकारमल नानचंद भंडारी के दिव्य आशीष से इस वर्ष 29 व 30 मार्च को भव्य रात्रि में विशाल भव्य भक्ति संध्या आयोजित हुई, जिसमें ख्यातिप्राप्त भजन गायकों की ओर से एक से बढ़कर एक भव्य भजनों की प्रस्तुतियों पर धर्मप्रेमी लोग झूम उठे व नाचने झूमने को मजबूर हो गए।



इस बार मेले में आकर्षण के रूप में पहली बार पिनायकल इवेंट पूना व श्री महाकाल भस्म रमैया ग्रुप निम्बाहेड़ा का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ में ही राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक महावीर सांखला, अर्जुन राणा भीलवाड़ा, विवेक गोमती, सहित अन्य कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। मेले के सफल आयोजन को लेकर ट्रस्ट कमेटी के लोग दिन रात मेले कि व्यवस्था में जुटे हुए हैं। मेला के लाभार्थी समस्त मावडीकर बबोली परिवार निवासी जोजावर , एवं भक्तराज रमेश कुमार ओसवाल रहे। भामाशाहों परिवार की ओर से ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश वन गोस्वामी, सचिव संदीप सिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह राजपुरोहित, मोतीसिंह राजपुरोहित, अशोक वैष्णव, मांगीलाल देवासी, नारायणसिंह चारण, अभिषेकसिंह राजपुरोहित, राजुवन गोस्वाम, रिडमलसिंह चारण, मोहनसिंह राजपुरोहित खरताराम चौधरी, नेमाराम चौधरी, ढलाराम चौधरी, वक्ताराम चौधरी, अमृत लोहार, मदनलाल लोहार, लक्ष्मण मेघवाल, तोलाराम देवासी, झालाराम देवासी, रुपाराम देवासी, वेनाराम मेघवाल, अन्नाराम मेघवाल, कपूरराम मेघवाल, नरेश प्रजापत, मांगीलाल हीरागर, खिमाराम मेघवाल, सोहनलाल लोहार, ओगड़राम देवासी, केसाराम देवासी, लालाराम चौधरी सहित ग्रामीणों द्वारा साफा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। वार्षिक मेला के अंतिम दिवस ट्रस्ट मंडल की ओर से गणमान्य लोगों व श्रद्धालुओं के सानिध्य में 30 मार्च को ध्वजारोहण करते हुए वरघोड़ा निकाला गया। मेले का आनंद लेने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ, मेले में भक्तजनों के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था रखी गई। रविवार की सुबह से मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित आसपास से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल संघ लेकर खेतल धणी के दरबार में पहुंचे। जहां पर उन्होंने श्री खेतलाजी के दरबार में पूजा अर्चना की। भजन गायकों ने खेतधणी दरबार में शानदार भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तों को भक्ति कीर सरिता से सरोबार कर दिया। वही भजनों पर नृत्यकारों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। रातभरकी और अपने परिवार को खुशहाली की कामना खेतलधणी से की।



# दिल्ली ने हैदराबाद को दहलाया

## स्टार्क के बाद बल्लेबाजों की आंधी में उड़ी एसआरएच

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 सीजन का 10वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच रविवार को खेला गया। यह मैच विशाखापत्तनम के डॉ। वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में हुआ, जिसमें दिल्ली ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 164 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में दिल्ली ने 3 विकेट गंवाकर 16 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। टीम के ओपनर फाफ डु प्लेसिस ने 26 गेंदों में फिफ्टी जड़ी। हालांकि फिफ्टी लगाते ही अगली बॉल पर डु प्लेसिस पवेलियन लौट गए। 27 गेंदों पर 50 रन बनाकर वो जीशान अंसारी की बॉल पर कैच आउट हुए। जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 38 रन और अभिषेक पोरेल ने नाबाद 34 रन बनाए। हैदराबाद के लिए यह तीनों विकेट लेग स्पिनर जीशान अंसारी ने लिए।

### इस मैच से केएल राहुल की वापसी

- दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। समीर रिज्वी को बाहर किया। उनकी जगह केएल राहुल की एंट्री हुई। हैदराबाद में जीशान अंसारी की वापसी हुई। उनके लिए सिमरजीत सिंह को बाहर किया। इस बार दिल्ली टीम की कप्तानी अक्षर पटेल के हाथों में थी। यह दिल्ली का दूसरा मैच था। उसने सीजन के अपने पहले मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर सनराइजर्स टीम है, जिसका यह तीसरा मुकाबला था। उसने अपना पहला मैच जीता था, जबकि दूसरे मैच में उसे हार मिली थी। हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रनों से जीत हासिल की थी। फिर उसे लखनऊ सुपर जायंट्स के हाथों 5 विकेट हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक जंग ही देखने को मिली। दोनों टीमों के बीच अब तक 24 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा, जिसने 13 मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स थी, जिसने 11 मैचों में हैदराबाद टीम को शिकस्त दी है। इससे पहले दोनों टीम जब आखिरी बार एक-दूसरे से भिड़ी थीं, तो सनराइजर्स हैदराबाद ने 67 रनों से मैच जीत लिया था।

### अनिकेत ने जमाई फिफ्टी, स्टार्क ने झटके 5 विकेट

सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था लेकिन पावरप्ले में ही टीम का खेल बिगड़ गया था और इसके जिम्मेदार रहे दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई पेसर स्टार्क। पारी के पहले ओवर में ही अभिषेक शर्मा रन आउट हो गए थे और इसके बाद हैदराबाद की पारी संभल ही नहीं पाई। हैदराबाद टीम ने 18.4 ओवर में 163 रन बनाकर ढेर हुई। टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप नजर आई, सिर्फ अनिकेत वर्मा और हेनरिक क्लासेन ही लड़ते नजर आए। अनिकेत ने फिफ्टी जमाई और उन्होंने 41 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली। इस दौरान 6 छक्के और 5 चौके जमाए। अनिकेत और क्लासेन के बीच 42 गेंदों में 77 रनों की पार्टनरशिप हुई। क्लासेन ने 19 गेंदों पर 32 रन बनाए। इनके अलावा ट्रेविस हेड ने 22 रन जड़े। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। दिल्ली के लिए पेसर मिचेल स्टार्क का जादू चला और उन्होंने 35 रन देकर 5 विकेट झटके। स्पिनर कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए।

# किस्मत भरोसे कोलकाता!

## आसान नहीं होगी जीत की राह, आंकड़े डरावने





**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 में अभी तक अपने दोनों मैचों में हार का सामना किया है। सीएसके के बाद गुजरात टाइटंस ने उन्हें 36 रन से हराया। अब मुंबई की टीम का तीसरा मैच कोलकाता नाइट राइडर्स से होना है। ये मुकाबला 31 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में ही खेला जाएगा। आईपीएल का 12वां मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच 31 मार्च को खेला जाना है। यह मुकाबला वानखेड़े मैदान पर खेला जाएगा। मुंबई की टीम ने मौजूदा सीजन में अभी तक लगातार दो मैच गंवाए है। मुंबई की टीम अब केकेआर को अपने घर में रौंदना चाहेगी। केकेआर की टीम ने इस सीजन में अपना पहला मैच आरसीबी के खिलाफ गंवाया था, लेकिन उन्होंने राजस्थान को 8 विकट से मात देकर जोरदार वापसी की।

### हेड-टू-हेड रिकॉर्ड

- एमआई और केकेआर ने आईपीएल में कुल 34 मैच खेले हैं, जिसमें से 23 मैचों में मुंबई ने जीत हासिल की, जबकि 11 मैचों में केकेआर को जीत मिली। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई और केकेआर के बीच 11 बार जंग हो चुकी है, जिसमें से 9 बार मुंबई जबकि 2 मैच केकेआर ने जीते हैं।

### जब भिड़े थे मुंबई-केकेआर

- मुंबई और केकेआर आईपीएल में आखिरी बार 11 मई 2024 को भिड़े थे। जिसमें केकेआर ने 157/7 रन बनाए थे। इसके जवाब में मुंबई ने 16 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन ही बना सकी थी। बारिश की वजह से मैच 16-16 ओवर का खेला गया था। केकेआर ने मुंबई को मात देकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई थी, जबकि मुंबई की टीम ने 2011 आईपीएल सीजन में अपनी 9वीं हार का सामना किया था। केकेआर की टीम के गेम चेंजर वरुण चक्रवर्ती रहे थे।

**मुंबई इंडियंस संभावित प्लेइंग-11**

- : रोहित शर्मा, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, मुजीब उर रहमान, सत्यनारायण राजू।

**इम्पैक्ट प्लेयरः रॉबिन मिंज**

कोलकाता नाइट राइडर्स संभावित प्लेइंग-11

- क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर, सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती। **इम्पैक्ट प्लेयरः** अंगकृष रघुवंशी

# विराट-रोहित फिर जाएंगे ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली। भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया का एक और दौरा फाइनल हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उसके शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया है। भारतीय टीम का ये दौरा इस साल अक्टूबर-नवंबर में होगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खत्म होने के बाद विराट कोहली या रोहित शर्मा के जिन फैन को लगा था कि ये दोनों अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करते नहीं दिखेंगे, उन क्रिकेट फैंस के लिए खबर अच्छी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत की मेजबानी का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार भारतीय टीम 8 मैचों की व्हाइट बॉल सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ये दौरा इस साल अक्टूबर-नवंबर में होगा, जिसमें 3 वनडे मैचों की सीरीज के अलावा 5 टी20 की सीरीज खेली जाएगी।

### टीम इंडिया के अगले दौरो का शेड्यूल आया सामने



### 8 शहरों में खेले जाएंगे 8 मैच

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होकर 8 नवंबर तक चलेगा। व्हाइट बॉल सीरीज के आठो मैच ऑस्ट्रेलिया के 8 शहरों में खेले जाएंगे। वनडे सीरीज के तीनों मुकाबले पर्थ, एडिलेड और सिडनी में होंगे। वहीं टी20 सीरीज के मुकाबले कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिसबेन में होंगे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के खत्म होने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर सस्पेंस था। ऐसे कयास लगने लगे थे कि उस टेस्ट सीरीज के साथ ही उन्होंने अपना आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा भी कर लिया है।

# बाल-बाल बचे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 9वां मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस की टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम 36 रन से बाजी मारने में कामयाब रही। वहीं, मुंबई को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। यानी मुंबई अभी भी इस समय में जीत का खाता नहीं खोल सकी है। उसके बल्लेबाज जूझते हुए नजर आए। इस दौरान स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बाउंसर पर चोटिल भी हो गए। इस पारी के दौरान वह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर पर चोटिल भी हो गए।





# अभिषेक को विराट से चाहिए पेशन उधार

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा चाहते हैं कि उनके अंदर भी विराट कोहली जैसा पेशन हो। उन्होंने ये भी बताया कि ऐसी कौन सी चीजें होंगी, जो वह कोहली और रोहित शर्मा से उधार लेना चाहते हैं। अभिषेक ने बताया कि उन्होंने कभी बिरयानी बनाई तो नहीं है लेकिन उन्हें खाना बहुत पसंद है। अभिषेक से पूछा गया कि वह विराट कोहली से क्या चीज उधार लेना चाहेंगे? इस पर अभिषेक शर्मा ने बताया कि वह कोहली का पेशन और डेडिकेशन लेना चाहेंगे। जो विराट में क्रिकेट को लेकर भूख है, वो हर युवा खिलाड़ी को प्रेरित करती है। रोहित शर्मा से क्या चीजें लेना चाहेंगे? तो अभिषेक ने कहा कि उनका निडर नजरिया उन्हें बहुत पसंद है। कोई भी मैच होता है और अगर वो खेलते हैं तो मुकाबले को एकतरफा बना देते हैं।

## मनोरंजन



# जब मलाइका अरोरा के घर में कैंची लेकर घुस आई थी फैन

**फिल्मी सितारों के यूं तो लाखों-करोड़ों फैंस होते हैं जो उनसे मिलने या एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। मगर कुछ ऐसे क्रेजी फैन भी होते हैं जो अपने फेवरेट सेलेब्स से मिलने के लिए किसी भी हद तक गुजरने के लिए तैयार हो जाते हैं। मलाइका अरोड़ा के साथ भी कुछ ऐसा ही है। छैंया छैंया गाने में अपने लाजवाब डांस मूव्स से मशहूर हुईं मलाइका के फैंस की कमी नहीं है। फैंस उनके साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए बेताब रहते हैं। एक बार तो दीवानगी की हद उस वक्त पार हो गई, जब एक फैन मलाइका के घर में ही घुस आई, वो भी कैंची लेकर। हाल ही में, मलाइका अरोड़ा ने एक इंटरव्यू में अपने सबसे क्रेजी फैन मोमेंट का किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि एक फैन उनके घर में घुस आ गई थी और लिविंग रूम में बैठकर उनका इंतजार कर रही थी। बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, ?मुझे कोई आइडिया नहीं था। वह बस वहां बैठी हुई थी। वह मुझसे बात करने आई, मैं सच कहूं तो मैं बहुत ज्यादा डर गई थी।**

### फैन के हाथ में कैंची देख डर गई थीं मलाइका

'छैया छैया गर्ल' मलाइका अरोड़ा ने आगे बताया कि फैन फीमेल थी और सबसे अजीब बात यह थी कि उसके हाथ में कैंची था। एक्ट्रेस ने कहा, यह एक फीमेल फैन थी। वह अपने बैग में कैंची या कुछ और लेकर बैठी थी, जो थोड़ा डरावना था। मुझे लगा कि कुछ गड़बड़ है, इसलिए मैंने बस शांत रहने की कोशिश की। यह वाकई मेरा सबसे क्रेजी फैन मीटिंग थी।

**आज मलाइका अरोड़ा किसी फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं। मगर वह अपने फैशन स्टेटमेंट के लिए अक्सर लाइमलाइट**

### मलाइका अरोड़ा का प्रोफेशनल करियर

मलाइका इन दिनों वह हिप हॉप इंडिया सीजन 2 को जज कर रही हैं। इसके अलावा वह झलक दिखला जा, इंडियाज बेस्ट डांसर और इंडियाज गॉट टैलेंट को भी जज कर चुकी हैं।

# सलमान की फिल्म सिकंदर रिलीज से पहले ऑनलाइन लीक

सलमान खान की मोस्ट एवेटेड फिल्म सिकंदर आज रिलीज हो कर दी गई है। सिकंदर के रिलीज से पहले ही फिल्म के कुछ शॉर्ट्स सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइटों पर सर्कुलेट होने लगे। फिल्म मेकर्स ने इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाई की तयारी कर ली है।'सिकंदर' की आधिकारिक रिलीज आज भारत में हुई, लेकिन इसकी ओवरसीज प्रीमियर स्क्रीनिंग कल थी। इसी दौरान फिल्म की अच्छी क्वालिटी वाली पायरेटेड कॉपी इंटरनेट पर लीक हो गई, जिससे फैंस और सिनेप्रेमियों में निराशा फैल गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई पायरेसी वेबसाइटों ने फिल्म को ऑनलाइन अपलोड कर दिया, जिसके लिंक सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगे पूरी फिल्म के अलावा, 'सिकंदर' के कई महत्वपूर्ण सीन भी सोशल मीडिया पर लीक हो गए। हालांकि, फैंस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कई लीक वीडियो रिपोर्ट किए, जिसके चलते कुछ वीडियो हटा दिए गए। फिल्म इंडस्ट्री के लोगों, ट्रेड एनालिस्ट्स और सिनेप्रेमियों ने भी फिल्म के समर्थन में आवाज उठाई और दर्शकों से लीक हुए वीडियो न देखने और न फैलाने की अपील की।

फिल्म निर्माता ले सकते हैं कानूनी कदम



# भारती सिंह ने रखा रोजा तो भड़के फैन्स



हाल ही में भारती सिंह एक इवेंट में पति हर्ष के साथ पहुंची थी। इवेंट में भारती सिंह खजूर खाकर अपना रोजा खोलती हुई दिखाई दी। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में भारती के साथ मौजूद शख्स कह रहे हैं कि भारती सिंह ने आज रोजा रखा हुआ है। जिसके बाद भारती भी सबसे पूछती हैं कि क्या मैं अब पतली लग रही हूं। भारती यन का ये वीडियो उनके फैंस को पसंद नहीं आ रहा और खूब खरी-खोटी सुना रहे हैं।



# रणवीर इलाहाबादिया की पॉडकास्ट पर वापसी

'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बीच सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया ने अपने पॉडकास्ट पर वापसी की है। उन्होंने आज, चैत्र नवरात्रि, ईद, उगादी, गुड़ी परवा क के मौके पर अपने यूट्यूब चैनल पर पॉडकास्ट का नया वीडियो अपलोड किया है। इस वीडियो में यूट्यूबर ने अपने दर्द के साथ-साथ सपोटर्स का धन्यवाद किया है।

30 मार्च को रणवीर इलाहाबादिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर लेट्स टॉक टाइटल से एक वीडियो अपलोड किया है। यह वीडियो 4 मिनट 53 सेकंड का है। इन 4 मिनट 53 सेकंड में रणवीर इलाहाबादिया ने अपने कंटेट, पॉडकास्ट के प्रति प्यार, 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनके सामने आई चुनौतियों, धमकियों और हेल्थ समस्या के बारे में खुलकर बात किया है। उन्होंने अपने बुरे दौर में सपोर्ट करने वाले परिवार, फैंस का धन्यवाद किया है।



# 2 दिनों में 100 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली एल2 एम्पुरान के 17 सीन कटे

एल2 एम्पुरान इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। मूवी ट्रेलर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई थी। एडवांस बुकिंग में ही फिल्म ने 50 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। रिलीज के बाद फिल्म को देखने भारी तादाद में लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। मगर अब मूवी विवादों में घिरती नजर आ रही है। कई लोगों ने तो मेकर्स पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगा दिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन पर हिंदुओं विरोधी होने और प्रोपेगेंडा फैलाने का आरोप लगाया गया। इसी कड़ी में सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सीबीएफसी ने फिल्म में कथित गुजरात दंगों के सीन को दिखाए जाने पर एक्शन लिया है। CBFC ने मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की 'एल2: एम्पुरान' में 17 बदलाव करने का आदेश दिया है।

# देशी गर्ल पहुंची पिंक सिटी, शाही स्वागत

बॉलीवुड की देशी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हाल ही में जयपुर पहुंची, जहां वह किसी प्रोफेशनल काम के लिए पहुंची थीं। प्रकृति से जुड़ी तस्वीरों ने उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर दिया है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर जयपुर, राजस्थान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियोज साझा किए हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फ्लाइट के अंदर से बाहर के वातावरण की एक तस्वीर शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा खूबसूरत जयपुर। इसके अलावा उन्होंने शाही भवनों की तस्वीरें भी साझा कीं हैं। एक वीडियो में मधुर सुर में बांसुरी बजाता हुआ एक व्यक्ति दिख रहा है, जिसे उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं अभिनेत्री ने इस खूबसूरत वातावरण में एक मोर का नाचते हुए भी वीडियो शेयर किया है, जो प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती से जुड़े पोस्ट शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी मालती की सोते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। अभी कुछ महीनों पहले अभिनेत्री अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल हुईं थी, जहां से कई खूबसूरत तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं थीं। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगी, जिसमें वह महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ दिखेंगी।

# जेल में 'खेल' पर एक्शन

## तीन जेलकर्मी बर्खास्त, एक गार्ड गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान की जेलों में हो रहे मिलीभगत के खेल पर अब भजनलाल सरकार सख्त हो गई है। जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक केस में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। भजनलाल सरकार ने जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा पेपर लीक केस में तीन जेलकर्मियों को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वहीं जोधपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल सिम मिलने के मामले में एक जेल प्रहरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य गार्ड के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक प्रकरण में शामिल दौसा की श्यालावास जेल के दो जेलकर्मियों को समेत तीन को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इनमें दौसा की श्यालावास जेल के योगेश कुमार और हरेंद्र सिंह समेत झुंझुनू जेल के प्रहरी दीपक मेहता को बर्खास्त किया गया है। इन्होंने परीक्षा से पहले ही सॉल्वड पेपर हासिल कर कोटपूतली के होटल हाइवे चॉइस में पेपर पढ़ा था।

- एक के खिलाफ केस दर्ज

### जेल प्रशासन में मचा हड़कंप

दौसा जिले की श्यालावास जेल के मेल नर्स राजकुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। वह श्यालावास जेल में कैदी को चोरी छिपे मोबाइल सिम पहुंचा रहा था। जेल में ड्यूटी पर तैनात आरएसी गार्ड ने चेकिंग के दौरान उससे सिम बरामद की थी।

### जोधपुर जेल का गार्ड गिरफ्तार

- जोधपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल सिम मिलने एक अन्य मामले में वहां के जेल जेल प्रहरी राजेश बिश्नोई गिरफ्तार किया गया है। उस पर जेल में कैदी तक मोबाइल की सिम पहुंचाने का आरोप है। जोधपुर के रातानाडा थाना पुलिस ने आरोपी जेल प्रहरी राजेश बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। रातानाडा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जोधपुर जेल के गार्ड पर केस

- इसके अलावा जोधपुर सेंट्रल जेल में तैनात होमगार्ड नैनाराम के खिलाफ मुकदमा केस दर्ज किया गया है। उस पर जेल के तलाशी कक्ष में मोबाइल ले जाने का आरोप है। जेल के प्रवेश द्वार तलाशी कक्ष में आरोपी की जेब में मोबाइल मिला था। यह घटना 28 मार्च की बताई जा रही है। जेल अधीक्षक प्रदीप लखावत ने गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। इन दोनों मामलों की जांच रातानाडा थाना पुलिस ही कर रही है।

# पाली : राज्यपाल बागड़े के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**पाली।** हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी ही थी कि उसमें धमाका हुआ और बाद में धुआं उठने लगा। यह हेलीकॉप्टर किसी आम का नहीं, बल्कि वीवीआईपी राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का था। पाली प्रवास पर आए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के हेलीकॉप्टर में अचानक धमाका हुआ और बाद में धुआं उठने लगा। इस पर पायलट ने उसे तुरंत प्रभाव से बिना देरी किए नीचे उतारा। यह तो गनीमत रही कि इस हादसे के दौरान हेलीकॉप्टर में राज्यपाल उस वक्त सवार नहीं थे। हेलीकॉप्टर में अचानक हुए इस तरह के हादसे के बाद राज्यपाल की सुरक्षा को लेकर सभी एजेंसियां जहां अलर्ट हो गईं, तो वहीं हेलीकॉप्टर की तकनीकी जांच भी की गई।

### उड़ान के साथ ही धमाका, उठने लगा धुंआ



### पंखों के पास से निकला धुआं

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शनिवार दोपहर में राजकीय कन्या महाविद्यालय के हैलीपेड पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे। वहां से सर्किट हाउस जाने के बाद वे सड़क मार्ग से कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके वहां आने के बाद हेलीकॉप्टर के पायलट ने जैसी ही वापस उड़ान भरी, उसके ऊपरी पंखों के पास से धुआं निकलने लगा।

### हवा में 25 फीट ऊपर धमाका


तहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल की मानें तो दोपहर करीब 4 बजे क्रू मेंबर राज्यपाल के हेलीकॉप्टर को जयपुर लेकर जा रहे थे। उड़ान भरते समय हेलीकॉप्टर करीब 25 फीट ऊपर ही उठा था कि उसमें हल्का सा धमाका हुआ और धुआं उठने लगा। ऐसे में तुरंत हेलीकॉप्टर को नीचे उतार दिया गया। हादसे के समय उसमें राज्यपाल नहीं थे। सूचना मिलने पर तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एहतियात के तौर पर पाली के सर्किट हाऊस के पास गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड पर ही हेलीकॉप्टर को खड़ा किया गया है।



### जयपुर ले जाते वक्त हादसा

राज्यपाल शनिवार को दोपहर करीब 2:43 बजे दो दिवसीय दौरे पर पाली पहुंचे थे। वह हेलीकॉप्टर से उतरकर कार से सोनाणा खेतलाजी जूनी धाम में आयोजित मेले के लिए रवाना हो गए थे। इसके बाद क्रू मेंबर हेलीकॉप्टर को वापस जयपुर लेकर जा रहे थे। हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी थी कि उसमें धमाका हुआ और धुआं उठने लगा।

# 17 साल बाद पुलकसागर महाराज का चातुर्मास



**उदयपुर के जैन समाज में उत्साह**

### चातुर्मास के प्रमुख आयोजन

12 जुलाई को गुरु गुणगान महोत्सव मनाया जाएगा और 13 जुलाई को चातुर्मास की मंगल कलश स्थापना होगी। 27 जुलाई से 15 अगस्त तक ज्ञान गंगा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 31 जुलाई को मोक्ष सप्तमी, 9 अगस्त को रक्षाबंधन और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर विशेष आयोजन किए जाएंगे।

### 14 सितंबर को क्षमावाणी पर्व

सकल जैन समाज द्वारा 14 सितंबर को क्षमावाणी पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह पर्व आत्मशुद्धि और क्षमा मांगने की परंपरा को समर्पित होगा। चातुर्मास के दौरान कई अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनकी जानकारी समय-समय पर दी जाएगी।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** उदयपुर शहर के लिए यह गर्व की बात है कि 17 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रसंत जैनाचार्य पुलकसागर महाराज का भव्य चातुर्मास वर्ष 2025 में यहां संपन्न होगा। आखिरी बार 2008 में उन्होंने उदयपुर में चातुर्मास किया था। 2015 में हीरामन टॉवर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में उनका सानिध्य प्राप्त हुआ था। अब 10 वर्षों बाद फिर से उदयपुर को उनका मार्गदर्शन और आध्यात्मिक उपदेश सुनने का अवसर मिलेगा। अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फांदोत ने बताया कि आचार्यश्री का भव्य मंगल प्रवेश 6 जुलाई को उदयपुर में होगा। पूरे चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी। यह आयोजन सकल जैन समाज, दिगंबर जैन मंदिर, सर्वऋतुविलास एवं अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच के तत्वावधान में संपन्न होगा।

# गेट परीक्षा में प्रथम पुरोहित ने हासिल की देश में छठी रैंक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिरोही जिले से सटे पाथावाड़ा हाल मुम्बई निवासी प्रथम कुमार पुत्र भरतभाई पुरोहित ने ऑल इंडिया गेट परीक्षा में देशभर में छठी रैंक हासिल कर अपने माता-पिता समेत अपने गांव व पुरोहित समाज का नाम रोशन किया है। प्रथम ने अपनी सफलता का श्रेय माता गीता पुरोहित व पिता भरतभाई हरजीभाई पुरोहित को दिया। ज्ञातव्य है कि गेट परीक्षा अभ्यर्थियों की इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, वास्तुकला और मानविकी में स्नातक विषयों की समझ का आकलन करती है। भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में मास्टर डिग्री के लिए प्रवेश के लिए यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इस वर्ष पूरे भारत के कई विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। इन सबके बीच श्रेष्ठता के प्रदर्शन के साथ प्रथम के छठी रैंक हासिल करने की उपलब्धि वास्तव में सराहनीय है। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के छात्र प्रथम ने अपनी स्नातक की पढ़ाई देहरादून से पूरी की है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को आसानी से पास कर अपने परिवार और पूरे राजपुरोहित समुदाय को गौरवान्वित किया। इस अदभूत उपलब्धि के लिए प्रथम को सभी ने बधाई दी।



# माउंट के छिपाबेरी और सात घूम में लगी आग, दो दिन बाद भी नहीं बुझी

- **सिरोही।** जिले में गर्मी बढने के साथ ही जिले के वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं भी बढने लगी है। माउंटआबू के छिपाबेरी के समीप शनिवार देर शाम को भीषण आग लग गई। आग तेज हवाओं के साथ लगातार बढने लगी। आग की सूचना वन विभाग को मिलने पर माउंट आबू और आबूरोड पालिका की दमकल मौके पर पहुंची तथा सीआरपीएफ के जवान और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता भी आग पर काबू करने के प्रयास में जुटे। इसके बाद भी आग दो दिन से थमने का नाम नहीं ले रही है। छिपाबेरी और सातघूम के बीच पूरे क्षेत्र में धधकी की चपेट में वनसंपदा जलकर खाक हो गई। पालिका आपदा प्रबंधन दल ने सीआरपीएफ जवानों और एनजीओ के कार्यकर्ताओं के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू किया। लेकिन, आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है।



### गर्मियों में बढ़ रहीं आग की घटनाएं

- माउंट की पहाडियों में अक्सर गर्मी के मौसम में आगजनि की घटना होती है। आग लगने के कारणों में पर्यटकों की ओर से फैंकी गई जलती वस्तु, बांस के पेड़ों के आपस में टकराने या फिर कोयले के लिए लोगों के आग लगाने के मामले में सामने आते हैं। आग लगने से हर वर्ष सैकड़ों पेड जलकर नष्ट होते है। ऐसे में वनकर्मियों द्वारा लोहे के पंजों से फायर लाइन बनाकर आग को आगे बढने से रोका जाता है। रविवार को भी वनकर्मी आग के आस पास फायर लाइन बनाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। उधर, ऋषिकेश के जंगलों में भी आग लगी थी। हालांकि दो घंटे बाद उस पर काबू पाया गया।

# जयपुर-अजमेर हाइवे पर टोल टैक्स की बढ़ीं दरें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** एक अप्रेल से जयपुर से अजमेर हाइवे पर यात्रा करने वालों को टोल टैक्स में बढ़ोतरी के कारण ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। टोल दरों में 5 से लेकर 70 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ी हुई दरें 31 मार्च रात 12 बजे से लागू होंगी। एनएचएआई द्वारा निर्धारित नई दरों के अनुसार अब जयपुर से किशनगढ़ तक कार का टोल 140 रुपए की बजाय 155 रुपए देना होगा। इसमें ठिकरिया और बड़गांव टोल शामिल है। इसके अलावा कॉमर्शियल वाहन और मिनी बसों का टोल 225 रुपए के बजाय 240 रुपए होगा।




### ठिकरिया टोल की नई दरें

- ठिकरिया टोल पर कार का नया टोल 95 रुपए, हल्के कॉमर्शियल वाहन और मिनी बस का 155 रुपए, बस और ट्रक का 295 रुपए, 3 एक्सल वाले कॉमर्शियल वाहन का 360 रुपए, भारी वाहन (4 से 6 एक्सल वाले) का 515 रुपए और 7 एक्सल से अधिक वाले वाहनों का 630 रुपए टोल होगा।

### देश के टॉप हाइवे में शामिल

जयपुर-किशनगढ़ हाइवे देश के उन दस हाइवे में शामिल है, जिससे हर रोज करीब 60 लाख रुपए का टोल कलेक्शन होता हैं। इसके अलावा जयपुर में बना दक्षिणी रिंग रोड (अजमेर बाईपास से आगरा बाईपास तक) पर भी 1 अप्रेल से टोल की दरों में बढ़ोतरी की जाएगी। अभी अजमेर रोड से आगरा रोड तक जाने वाले कार ड्राइवर को इस पूरे 47 किलोमीटर के रोड पर 120 रुपए का टोल टैक्स देना पड़ता है। वहीं हल्के कॉमर्शियल वाहन और मिनी बस को टोल टैक्स 195 देना पड़ता है।

# धारदार हथियार से गला रेतकर मां-बेटी की हत्या

**गोरखपुर।** चौरीचौरा के शिवपुर गांव में शनिवार देर रात करीब 1.45 बजे अज्ञात बदमाशों ने पूनम निषाद (45) पत्नी स्व. रविन्द्र की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। उसकी छोटी पुत्री अनुष्का (13) के ऊपर भी जानलेवा हमला किया गया, उसकी हालत गंभीर है और मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। महिला की बड़ी बेटी खुशबू (20) ने रात में पुलिस को सूचना दी। खूशबू के मुताबिक उसे बदमाशों ने एक कमरे में बंद कर दिया था।

**तेजाजी मंदिर प्रकरण**

# गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को मिली रिहाई

**जयपुर।** प्रताप नगर में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति तोड़े जाने को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन में गिरफ्तार आरएलपी के कार्यकर्ताओं को रिहा करने के लिए राजस्थान लोकतांत्रिक पार्टी सुप्रीमो एवं सांसद हनुमान बेनीवाल की पुलिस प्रशासन के साथ हुई वार्ता सफल रही। अशोक नगर थाने में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ से बातचीत के बाद सभी प्रदर्शनकारियों को रिहा कर दिया गया। वार्ता के बाद हनुमान बेनीवाल ने मीडिया से बातचीत की और घटना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी बात रखी। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, उन्होंने सभी समर्थकों से संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों ने संयम बरता और हमारी पहली मांग थी कि मुलजिम को पकड़ा जाए। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं राजस्थान में दोबारा न हों। इसके लिए सख्त कानून बनाए जाने चाहिए। किसी भी समाज की आस्था को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए क्योंकि लोकदेवता सभी समाजों के होते हैं, किसी एक के नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों से पुलिस वार्ता के दौरान कुछ गलतफहमियां हुईं, जिसके कारण लाठीचार्ज हुआ।






- **जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। नवरात्रि के दौरान हर दिन देवी दुर्गा को एक अलग रूप समर्पित किया जाता है, पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इस अवसर पर माता वैष्णो देवी को देखने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। भक्तों ने मां शैलपुत्री से आशीर्वाद लिया और विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भक्ति देखी गई। मंदिर प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष उपाय किए हैं ताकि नवरात्रि के दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

### हरिद्वार में त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ प्रदर्शन

**हरिद्वार।** हरिद्वार के सिंहद्वार पर रविवार को युवाओं और ग्रामीणों ने सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने त्रिवेंद्र सिंह रावत पर गंभीर आरोप लगाए। इसमें उनके दलितों के खिलाफ भेदभाव को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। इस प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे युवाओं ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने चार साल के कार्यकाल में अवैध खनन को बढ़ावा दिया और ग्रामीणों के रोजगार के अवसरों को समाप्त करने का कार्य किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सांसद रावत सिर्फ अपनी राजनीतिक चमक को बढ़ाने के लिए लाखों लोगों की रोजी-रोटी को छीनना चाहते हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि त्रिवेंद्र सिंह रावत तुरंत इस्तीफा दें।


# जोधपुर में आधी रात को 'धांय-धांय'

**एक शख्स की हत्या, लोगों की उड़ी नींद**

**पुलिस में मच गई खलबली**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** सनसिटी जोधपुर एक बार फिर से गोलियों की धांय-धांय की आवाज से गूंज उठा है। शनिवार रात को जोधपुर शहर में हुई फायरिंग में एक शख्स को मौत के घाट उतार दिया गया। उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। आधी रात को हुई इस फायरिंग ने लोगों की नींद उड़ा दी और पुलिस महकमे में खलबली मच गई। फायरिंग का साफ कारण तो अभी तक सामने नहीं आ पाया है। लेकिन बताया जा रहा है अवैध शराब के कारोबार के विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के अनुसार फायरिंग की यह वारदात शहर के नारवा इन्द्रोका में हुई है।




# माटुंगा वेस्ट : रहने के लिए एक बेहतरीन स्थान, इंदुमणि हाइट्स का भव्य शुभारंभ





मुंबई के प्रतिष्ठित क्षेत्र माटुंगा वेस्ट में आज इंदुमणि हाइट्स के भव्य भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संत दयाराम जी महाराज के सानिध्य में विधिवत पूजन संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर संत श्री ने समस्त उपस्थित व्यापारियों और श्रद्धालुओं को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा और विकास के साथ समृद्धि को अपनाना आवश्यक हैं, जिससे हर व्यक्ति स्वच्छ, सुखी और संगठित समाज का हिस्सा बन सके। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तीन प्रमुख स्तंभ –इंदुमणि इंफ्रा के निर्देशक नरसीराम चौधरी,वॉल्टर सिमोन फर्गोस और ओमप्रकाश भट्ट एवं आर्किटेक पी. एन. भोबे व चोलिचिटर आफ़ताब डायमंडवाला एंड कंपनी ने इस परियोजना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इनके सहयोग और दूरदृष्टि से इंदुमणि हाइट्स न केवल एक भव्य आवासीय परियोजना बन रही हैं, बल्कि यह माटुंगा वेस्ट में आधुनिक जीवनशैली का नया आयाम जोड़ने जा रही हैं।

मुंबई के पॉश इलाकों गिने जाने वालों में से जब भी एक शांत, सुव्यवस्थित और प्रीमियम रेजिडेंशियल इलाके की बात होती हैं, तो माटुंगा वेस्ट का नाम सबसे पहले आता हैं। यह इलाका अपनी हरियाली, समृद्ध सामाजिक संरचना और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता हैं।खासतौर पर परिवारों के लिए यह एक सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान हैं। जहां प्रतिष्ठित स्कूल, कॉलेज, मंदिर और शानदार बाजार मौजूद हैं।

गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर, माटुंगा वेस्ट में इंदुमणि हाइट्स के भव्य लॉन्च ने इस इलाके को और भी खास बना दिया हैं। इंदुमणि हाइट्स सिर्फ एक आवासीय परियोजना नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट जीवनशैली का प्रतीक हैं।इसके कुछ प्रमुख आकर्षण हैं :

- भव्य और आधुनिक आर्किटेक्चर– इस प्रोजेक्ट में आधुनिक सुविधाओं के साथ लक्ज़री डिज़ाइन को विशेष रूप से महत्व दिया गया है।
- सेंट्रल लोकेशन– दादर, परेल और सायन से बेहतरीन कनेक्टिविटी, जिससे ट्रैवलिंग आसान हो जाती है।
- हरित वातावरण और शांत इलाका– माटुंगा वेस्ट की शांति और स्वच्छता इसे मुंबई के अन्य भागों से अलग बनाती हैं।
- बाजार और शिक्षा केंद्रों के नजदीक– इलाके में प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान, मंदिर, जिमखाना और प्रमुख बाजार पास में हैं।
- भव्य एंट्रेंस और हाई-एंड सुविधाएं– शानदार एंट्रेंस लॉबी, गार्डन एरिया और अन्य लक्ज़री सुविधाएं इसे एक आकर्षक निवास बनाती हैं।



इंदुमणि हाइट्स का यह भव्य शुभारंभ इस बात का प्रमाण हैं कि माटुंगा वेस्ट में जीवन स्तर न केवल उच्च हैं, बल्कि यहां रहने का अनुभव भी बेहद शानदार रहेगा।

भूमि पूजन समारोह मे पूर्व विधायक अतुल शाह,समाजसेवी नरेंद्र चौधरी, नरसीराम चौधरी डभाल, नेमाराम चौधरी, परखाराम चौधरी, अशोक जैन, श्रवण भाई रॉय, बाबूलाल जी,रमेश पुरोहित,मंगलाराम पुरोहित,हीराराम चौधरी, हड़मताराम चौधरी, सावलाराम पुरोहित वाली,गणेशाराम चौधरी, चतराराम पुरोहित वाली, होतिराम चौधरी,जेपाराम चौधरी,देवाराम चौधरी, रावताराम चौधरी,महेंद्र चौधरी,प्रागाराम चौधरी, तिलोक चौधरी एवं इंदुमणि के सभी स्टॉफ समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

ADV.